फाल्गुन कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 31, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 26 फरवरी 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

**प्रयागराज की घटना समेत अन्य मुद्दों पर विधानसभा में बोले मुख्यमंत्री योगी, राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान विपक्ष को दिया करारा**

## माफिया को मिट्टी में मिला देंगे: योगी

**लखनऊः उप्र** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को विधान सभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान प्रयागराज की घटना पर दुख जताया और आश्वासन दिया कि प्रदेश में किसी भी माफिया को पनपने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि उनकी सरकार माफिया को मिट्टी में मिला देगी। नेता सदन के माफिया को मिट्टी में मिला देने वाली बात पर नेता प्रतिपक्ष ने आपत्ति जताई और समाजवादी पार्टी के सदस्य वेल में आ गए। नारेबाजी करने लगे। विधान सभा अध्यक्ष के हस्तक्षेप के बाद विपक्षी अपनी सीट पर वापस बैठे।

**मुख्यमंत्री योगी ने हर एक विषय पर अखिलेश को दिया जवाबः** विधानसभा की कार्यवाही में हिस्सा लेते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रयागराज की घटना दुखद है, सरकार ने उसका संज्ञान लिया है। जीरो टॉलरेंस की नीति के परिणाम बहुत जल्द सामने आएंगे। इसमें किसी को संदेह नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आखिर ये अपराधी किसके द्वारा पाले गये हैं। जिस माफिया के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है, क्या ये सच नहीं है कि समाजवादी पार्टी (सपा) ने उसे सांसद बनाया था। आप सारे अपराधियों को पालेंगे, उनका माल्यार्पण करेंगे, उसके बाद तमाशा बनाते हैं। उन्हें गले का हार बनाएंगे फिर दोषारोपण करेंगे।

**माफिया को पोषित करती है सपाः** माफिया अतीक अहमद का नाम लिए बगैर मुख्यमंत्री ने कहा कि वह सपा द्वारा पोषित माफिया है। उसकी कमर तोड़ने का काम हमारी सरकार ने किया है। इस माफिया को मिट्टी में मिला देंगे। जितने माफिया हैं, उन्हें मिट्टी में मिलाने का काम करेंगे। नेता प्रतिपक्ष का नाम लिए बगैर कहा कि आपको सदन में व्यवधान का बहाना चाहिए था। ये (सपा) पेशेवर माफिया और अपराधियों के सरपरस्त हैं और यह लगातार यही करते रहे हैं। इनके रग-रग में अपराध भरा रहा है। अपराध के अलावा कुछ सीखा नहीं है। पूरा प्रदेश इस बात को जानता है। आज सफाई देने आए हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जिस माफिया ने गुरुवार को ये कृत्य किया है, वह माफिया इस वक्त यूपी से बाहर है। वह सपा के सहयोग से ही बार-बार एमपी और एमएलए बना है। 1996 में इलाहाबाद वेस्ट से वह माफिया सपा के सहयोग से एमएलए बना था। 2004 में वह इन्हीं लोगों के सहयोग से एमपी बना था। 2009 में उसे सांसद बनाने का भी काम इन्हीं लोगों ने किया था। चोरी और सीनाजोरी नहीं चल सकता।

**सिर्फ घोटालों के 'खेल' में माहिर थी पिछली सरकारः** नेता सदन ने विपक्ष के हर हमले का करारा जवाब दिया। उन्होंने नेता विपक्षी दल अखिलेश यादव को उनके खेल पर दिए गए बयान पर उनके समय की याद दिलाते हुए कहा कि इनके समय में बहुत खेल होते थे। लैपटॉप घोटाले का खेल, खाद्यान्न घोटाले का खेल, गोमती रिवर फ्रंट का खेल। कैग की रिपोर्ट अभी आई है। कैग रिपोर्ट में इनके कार्यकाल का 97 हजार करोड़ के घोटाले का उल्लेख किया गया है। भर्ती घोटाले का खेल भी प्रदेश में हुआ है।





भर्तियों में जमकर भ्रष्टाचार और प्रतिभा के साथ छल, ये भी खेल होता था और मुजफ्फरनगर के दंगे, मथुरा में रामवृक्ष कांड का खेल, शाहजहांपुर में पत्रकार को जिंदा जलाने का खेल समेत बुंदेलखंड क्राइसिस, भू माफिया के खेल चल रहे थे। यही नहीं आतंकियों पर मुकदमे वापस लेने का भी खेल चल रहा था। ये खेल कहां तक लेकर जाएंगे ये लोग। मुझे ऐसा कुछ नहीं खेलना। मैं एक सामान्य व्यक्ति हूं। हर एक के साथ सद्भावना के साथ पेश आता हूं। सम्मानजनक व्यवहार करता हूं। सबका साथ और सबके विकास की बात करता हूं।

**पहली बॉल में कैच आउट, ये है इनका क्रिकेट**

मुख्यमंत्री योगी ने नेता प्रतिपक्ष पर चुटीले अंदाज में भी प्रहार किया। उन्होंने कहा कि यहां पर नेता विरोधी दल के मुख से खेल के बारे में एक नई चर्चा भी सुनने को मिली। वह कह रहे थे कि आप अकेले मैच क्यों देख रहे हैं। भाई मैं तो अकेला ही हूं, अकेले ही आया हूं और अकेले ही जाना है। मुझे लगा कि नेता विरोधी दल बड़े खिलाड़ी होंगे तो उनका नाम किसी पुरस्कार के लिए भेज देते हैं। मुझे लगा कि मेरे पूर्ववर्ती सीएम का नाम यदि मेजर ध्यानचंद्र खेल रत्न पुरस्कार में आ जाए तो अच्छी बात होगी। ये कैसे खेलते थे समाचार पत्रों में इसका उदाहरण देखने को मिला। इसमें लिखा था कि सीएम के आते ही बरसे रन...12वें ओवर में सीएम का शॉट सीधे कप्तान आलोक रंजन के हाथ में चिपक गया। ये क्रिकेट खेल रहे हैं, पहली बॉल में कैच आउट हो रहे हैं। लेकिन वहां से कह दिया जाता है कि ये तो नो बॉल है।

**इधर के भय से ही सही, काका श्री को सम्मान तो मिला**

योगी ने शिवपाल यादव का जिक्र करते हुए अखिलेश पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भगवान राम ने कहा था कि भय बिनु होई न प्रीति...। इधर(भाजपा) के भय से ही सही लेकिन कम से कम काका श्री (शिवपाल यादव) को सम्मान मिलना शुरू हो गया। मुख्यमंत्री ने शिवपाल यादव की ओर देखते हुए कहा कि मैं जब भी आपको देखता हूं तो मुझे महाभारत का दृश्य याद आता है। आप जैसा अनुभवी व्यक्ति हर बार छला जाता है। बार-बार अपमानित होते हैं।

### विपक्ष के आचरण ने सदन की गरिमा को किया तार-तार : योगी

**मुख्यमंत्री** योगी ने सपा को महिला विरोधी बताते हुए कहा कि जो लोग मातृशक्ति की प्रतीक राज्यपाल का सम्मान नहीं कर सकते, उनसे प्रदेश की आधी आबादी के सम्मान की उम्मीद रखना बेमानी होगा। राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान विपक्ष ने जिस प्रकार का आचरण किया, वह सदन की गरिमा को तार-तार करने वाला था। उन्होंने सपा सरकार के दौरान हुए स्टेट गेस्ट हाउस कांड और पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह के 'बच्चे हैं गलतियां हो जाती हैं' जैसे बयान की याद दिलाते हुए विपक्ष पर तंज कसे।

**ये जिन्ना का महिमामंडन करते हैं**

मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष बस अवसर तलाशता है कि कैसे एक नया महाभारत रचा जाए। विपक्ष जनता को केवल भरमाने का काम करता। उन्होंने कहा कि वनटांगिया, कोल, सहरिया, धारू, चेरो, बुक्सा इन जातियों के बारे में नेता विरोधी दल को पता ही नहीं होगा। उन्हें बस एक ही जाति के बारे में पता है। इतना ही नहीं जब हम राष्ट्रगौरव की, सरदार पटेल की और राष्ट्रीय एकता की बात करते हैं, तब ये जिन्ना का महिमामंडन करते हैं।

### विरासत में सत्ता तो मिल सकती है, बुद्धि नहीं : आदित्यनाथ

**लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर आए धन्यवाद प्रस्ताव पर शनिवार को चर्चा के जवाब में विपक्ष पर करारा हमला बोला। उन्होंने कहा कि विरासत में सत्ता तो मिल सकती है, बुद्धि नहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि क्या यह सच नहीं है कि प्रयागराज की घटना से जुड़े अपराधी को सपा ने कई बार सदन में भेजने का काम किया। उन्होंने कहा कि प्रयागराज की घटना के दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस पर सपा के सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया और वेल में आकर प्रयागराज की घटना पर चर्चा कराने की मांग करने लगे। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि इसकी पहले सूचना नहीं है। नेता सदन का सुबह 11 बजे से बोलना तय था। बाद में चर्चा कराने के आश्वासन पर अखिलेश यादव अपनी सीट पर बैठे और सपा के अन्य सदस्य वेल से बाहर निकलकर अपनी सीट पर बैठे। इसके बाद मुख्यमंत्री ने बोलना शुरू किया। मुख्यमंत्री ने कहा, मैं अध्यक्ष जी का आभारी हूं जिन्होंने राज्यपाल के अभिभाषण पर बोलने का मौका दिया। आप हमारी बातों से सहमत असहमत हो सकते हैं। प्रयागराज की घटना दुःखद है। दोषी बक्शा नहीं जाएगा। कार्रवाई जब होती है तो कायदे से होती है। यह सबको पता है कि यह माफिया किसके द्वारा पाले गए। उन्होंने कहा कि राज्यपाल मातृ शक्ति की प्रतीक हैं। संवैधानिक प्रमुख हैं। उनकी बातों का सम्मान होना चाहिए था। सदन में उनके लिए आचरण सही करना चाहिए था। एक महिला का विरोध। असंसदीय, अशिष्ट भाषा में नारे लगाना दुखद था। उन्होंने सपा पर हमला बोलते हुए कहा कि इन्हीं के शासनकाल में स्टेट गेस्ट हाउस कांड हुआ था। लड़के हैं गलती कर देते हैं, इन्ही के कार्यकाल की भाषा है। ये लोग प्रदेश की सुरक्षा की बात करते हैं। शर्म आनी चाहिए उन्हें। विरासत में सत्ता तो मिल सकती है लेकिन बुद्धि नहीं।।

## कांग्रेस की जीत में समाहित है देश की जीत : सोनिया गांधी

**रायपुर/नई दिल्लीः** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कहा कि देश संकट के दौर से गुजर रहा है। वर्तमान की मोदी सरकार और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) देश को कमजोर कर रहे हैं। कांग्रेस देश को जोड़ने वाली पार्टी है। ऐसे में कांग्रेस की जीत में देश की जीत समाहित है। छत्तीसगढ़ के रायपुर में चल रहे कांग्रेस के 85वें पूर्ण अधिवेशन में शनिवार को दूसरे दिन सोनिया गांधी ने मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा है। सोनिया गांधी ने कहा कि पीएम मोदी देश के लिए नहीं बल्कि



वह अपने कुछ मित्रों के लिए सत्ता चला रहे हैं।

देश इस समय संकट के दौर से गुजर रहा है। ऐसे में कांग्रेस के लोगों को संघर्ष के लिए तैयार रहना चाहिए। कांग्रेस सिर्फ एक राजनीतिक पार्टी ही नहीं बल्कि देश के आम जन की आवाज है। हम लोगों के समानता, स्वतंत्रता और न्याय के लिए लड़ते हैं।

## विकास और विरासत को एक साथ लेकर आगे बढ़ रहा है भारत : मोदी

**नई दिल्लीः प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि आज देश विकास और विरासत को एक साथ लेकर आगे बढ़ रहा है। हम प्राचीन मंदिरों और सांस्कृतिक केन्द्रों को पुनर्जीवित करने के साथ ही डिजिटल भुगतान के मामले में भी वैश्विक पटल पर अव्वल हैं। भारत आज सदियों पुरानी चोरी हुई मूर्तियों-कलाकृतियों को विदेशों से वापस लाने के साथ ही रिकॉर्ड एफडीआई भी लेकर आ रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी यहां तालकटोरा स्टेडियम में सांस्कृतिक उत्सव बरिसू कन्नड़ दिम दिमवा के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने नगाड़ा बजाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर कहा कि आज दिल्ली कर्नाटका संघ के 75 वर्षों का यह उत्सव ऐसे समय में हो रहा है जब देश भी आजादी के 75 वर्ष का अमृत



महोत्सव मना रहा है। जब हम 75 वर्ष पहले की परिस्थितियों को देखते हैं और आंकलन करते हैं तो इस प्रयास में हमें भारत की अमर आत्मा के दर्शन होते हैं। 75 साल पहले दिल्ली कर्नाटक संघ का गठन दिखाता है कि आजादी के उस प्रथम प्रहर में किस तरह लोग देश को मजबूत करने के मिशन में जुट गए थे। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि आजादी के अमृतकाल के पहले प्रहर में देश की वो ऊर्जा और समर्पण उतना ही जीवंत नजर आता है। कर्नाटक की भूमिका को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि हम भारत की पहचान, परंपराएं और प्रेरणाएं, कर्नाटक के बिना भारत को परिभाषित नहीं कर सकते हैं। पौराणिक काल से भारत में कर्नाटक की भूमिका तो हनुमान की रही है। हनुमान के बिना न राम होते हैं, न रामायण बनती है। युग परिवर्तन का कोई मिशन अगर अयोध्या से शुरू होकर रामेश्वरम जाता है, तो उसको ताकत कर्नाटक में ही मिलती है। उन्होंने कहा कि आज जब भारत जी-20 जैसे बड़े वैश्विक समूह की अध्यक्षता कर रहा है, तो लोकतन्त्र की जननी के रूप में हमारे आदर्श हमारा मार्गदर्शन कर रहे हैं।

## भारत आने वाले कई दशकों तक सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहेगा: गोयल

**नई दिल्ली/पुणेः भारत अगामी कई दशकों** तक दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बना रहेगा। भारत चार-पांच वर्षों के भीतर ये दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था होगी। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को एशिया आर्थिक संवाद कार्यक्रम के दौरान यह बात कही। गोयल ने कहा कि जिस दर से देश की अर्थव्यवस्था बढ़ रही है, यह 2047 तक 35-40 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच सकती है। यह हर भारतीय की इच्छा है कि वह किसी से पीछे न रहे और भारत न केवल सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है बल्कि आने वाले कई दशकों तक ऐसा ही रहेगा। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि हम पहले ही दुनिया की 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुके हैं। हमारे पास एक युवा जनसांख्यिकीय लाभांश है, जिसे हमारी सबसे बड़ी संपत्ति के रूप में पहचाना जा रहा है। एशिया में अजीबोगरीब गतिशीलता का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि जहां ऐसी अर्थव्यवस्थाएं हैं।

जो लोकतंत्र और अधिनायकवादी

**दोनों आरक्षण विरोधी, हम एक रहेंगे तो ये कुछ नहीं कर पाएंगे**

## बीजेपी पार्टी नहीं, संघ का मुखौटाः लालू

**पूर्णियाः बिहार** के पूर्णिया में शनिवार को महागठबंधन की महारैली हुई। इसमें नीतीश-तेजस्वी समेत महागठबंधन के कई नेता शामिल हुए। रैली को फ्खऊ सुप्रीमो लालू यादव ने वर्चुअली संबोधित किया। सिंगापुर से किडनी ट्रांसप्लांट करवाने के बाद लालू फिलहाल दिल्ली में हैं। लालू ने कहा- भाजपा कोई पार्टी नहीं, वो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (संघ) का मुखौटा है। भाजपा और संघ घोर आरक्षण विरोधी हैं। एकजुट रहिए। हम साथ रहेंगे तो ये लोग कुछ नहीं कर पाएंगे। देश से नरेंद्र मोदी सरकार की विदाई का समय आ चुका



है। हम और नीतीश एक हो गए हैं। अब हमेशा साथ रहेंगे। 2024 में रिकॉर्ड तोड़ना है।

**मैंने संघ के रथ को रोका थाः** लालू यादव ने याद दिलाया कि बिहार वालों के साथ मिलकर मैंने संघ के रथ को रोका था। बिहार की करवट पर देश में हवा बदलती है। ये जो संघ है यह गुरु गोलवलकर की पार्टी है। गोलवलकर ने बंच ऑफ थॉट्स में दो खतरनाक बातें लिखी हैं। पहली- काशी विश्वनाथ मंदिर में अगर कोई दलित पूजा करने पहुंच जाए तो उसको जूते से मारकर बाहर करो। दूसरी- आरक्षण को समाप्त करना चाहिए, इसमें बदलाव करना चाहिए। आरक्षण की कोई जरूरत नहीं है। ये है संघ और बीजेपी का असली चेहरा।

**बेटी को किया यादः** लालू ने कहा- मेरी बेटी रोहिणी ने मेरे लिए बहुत कुछ किया है। उसने मेरे लिए जो किया वो कोई नहीं कर सकता है।

## भारत- जर्मनी बढ़ायेंगे नवाचार और प्रोद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग

**नई दिल्लीः प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी और भारत यात्रा पर आए जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज ने युक्रेन संघर्ष सहित विभिन्न वैश्विक, क्षेत्रीय और द्विपक्षीय मुद्दों पर शनिवार को नई दिल्ली में विचार-विमर्श किया तथा नवाचार और प्रोद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने का निश्चय किया। दोनों नेताओं ने सौर ऊर्जा, ग्रीन हाईड्रोजन और स्वच्छ ऊर्जा प्रोद्योगिकी में सहयोग के लिए एक आशय पत्र पर हस्ताक्षर किए। दोनों देश पर्यावरण हितैषी क्षेत्रों में कौशल क्षमता के विस्तार में भी सहयोग करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और जर्मन चांसलर शोल्ज ने हैदराबाद हाउस में प्रतिनिधि मंडल स्तर की वार्ता की तथा प्रेस को भी संबोधित किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यूक्रेन संघर्ष के संबंध में भारत के पक्ष को दोहराते हुए कहा कि हमने शुरू से ही वार्ता और कूटनीति के जरिए विवाद को सुलझाने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन संकट का समाधान करने के लिए भारत किसी भी शांति प्रयास में योगदान करने के लिए तैयार है।

## वैश्विक चुनौतियों से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं भारत-जर्मनी : राष्ट्रपति मुर्मू

**नई दिल्लीः राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को राष्ट्रपति भवन में जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज से मुलाकात के दौरान कहा कि भारत और जर्मनी नई और उभरती वैश्विक चुनौतियों से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। जर्मन चांसलर के रूप में भारत की पहली यात्रा पर चांसलर शोल्ज का स्वागत करते हुए, राष्ट्रपति ने कहा कि भारत और जर्मनी के बीच लंबे समय से संबंध हैं, जो हमारे सामान्य मूल्यों और साझा लक्ष्यों पर आधारित हैं। हमारे द्विपक्षीय संबंधों में व्यापक क्षेत्र शामिल हैं, जो उस आपसी विश्वास को दर्शाता है जो दशकों से पोषित है। राष्ट्रपति ने कहा कि जर्मनी यूरोप



में भारत का सबसे बड़ा व्यापार भागीदार है और भारत में शीर्ष निवेशकों में भी शामिल है। उन्होंने कहा कि जर्मनी भारत का दूसरा सबसे बड़ा विकास सहयोग भागीदार भी है और उसने भारत की विकास यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हाल के वर्षों में, जर्मनी उच्च शिक्षा, विशेष रूप से विज्ञान और प्रौद्योगिकी में आगे बढ़ने के इच्छुक भारतीय छात्रों और शोधकताओं के लिए एक पसंदीदा गंतव्य के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा कि भारत पर काम कर रहे जर्मन इंडोलॉजिस्ट की एक लंबी परंपरा के साथ भारत और जर्मनी के बीच मजबूत सांस्कृतिक संबंध भी हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों, नियमों पर आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था, बहुपक्षवाद, साथ ही बहुपक्षीय संस्थानों में सुधार को बनाए रखने में भारत और जर्मनी का साझा उद्देश्य है।

## पीएम के पंच-प्रण के साथ भारत को विकसित राष्ट्र बनाना हैः अनुराग ठाकुर

**रायपुरः अमृतकाल** में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पंच-प्रण के साथ भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। यह बात शनिवार को केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण तथा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने नेहरू युवा केंद्र संगठन छत्तीसगढ़ द्वारा रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय, रायपुर में आयोजित युवा संवाद तथा वाई-20 कार्यक्रम में कही। इस अवसर पर पद्मश्री फूलबासन बाई, पद्मश्री अजय मंडवी, रायपुर के सांसद सुनील सोनी और विधायक बृजमोहन अग्रवाल



विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। युवा संवाद को संबोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा स्वाधीनता दिवस के अवसर पर दिए गए पांच-प्रण का स्मरण कराते हुए कहा कि अगले 25 साल में हमें भारत को विकसित करना है।

## खबर संक्षेप

### पीएम आवास की पहली किस्त पाकर लाभार्थियों में खुशी

**सहसों।** विकासखंड सहसों के 45 ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत जांच पड़ताल के पश्चात पात्र 532 लाभार्थियों में से 436 लाभार्थियों के खाते में पहली किस्त जारी कर दी गई। गरीबों को छत मिलने से महिला मुखिया सहित परिवार के सभी लोग गदगद हो गए हैं। खंड विकास अधिकारी सहसों संजीव रत्न ने बताया कि जांच के उपरांत विकासखंड के सभी ग्राम पंचायतों से 532 पात्र लाभार्थी चिन्हित किए गए जिनमें से 436 लाभार्थियों के खाते में पहली किस्त भेज दी गई है। शेष बचे लाभार्थियों के खाते में जैसे ही पैसा आएगा भेज दिया जाएगा। लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 1 लाख 20 हजार रुपये आवास के लिए मिलेंगे। जिसमें से पहली किस्त 40 हजार, दूसरी किस्त 70 हजार तथा तीसरी किस्त 10 हजार रुपये की भेजी जाएगी। जिसमें से पहली किस्त लाभार्थियों के खाते में भेजी जा चुकी है। देवनहरी गांव निवासी मीरा देवी, गुड्डी देवी तथा विश्वनाथ गुप्ता वर्षों से छत विहीन घर में रह रहे थे। जिसके चलते उन्हें तथा उनके परिजनों को बरसात से लेकर ठंडी, गर्मी में भीषण समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। आवास मिल जाने से अब उन्हें छत मिल गई है। जिससे स्वयं तथा उनके परिवार के लोग खुशी व्यक्त करते हुए सरकार के प्रति आभार जताया।

# शंकरगढ़ व मेजा में 46-46 जोड़ों ने लिए एक मंडप में सात फेरे

### मुख्य मंत्री सामूहिक विवाह आयोजन

**ब्लॉक प्रमुख निर्मला देवी ने नवविवाहित जोड़ों को दिया आशीर्वाद**

**विकास खंड शंकरगढ़ में 50 विवाह करवाने का रखा गया था लक्ष्य**

अखंड भारत संदेश



**शंकरगढ़।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत शनिवार को विकास खंड शंकरगढ़ में कुल 46 जोड़ों ने एक साथ सात फेरे लिए। मां गंगा गार्डन लाइनपार में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में बीते कई दिन से आयोजन की तैयारी चल रही थी। पूर्वाह्न वर पक्ष के लोग एक-एक कर आयोजन स्थल पर पहुंचते रहे। आयोजन स्थल पर पहुंचे बारातियों का प्रशासनिक अधिकारियों और कन्या पक्ष के द्वारा स्वागत किया गया। इसके पश्चात द्वारपूजा की रस्म निभाई गई। प्रयागराज की सांसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी ने अपना वर्चुअल संदेश भेजकर सभी नवजोड़ों, आयोजकों और स्थानीय लोगों को कुशल आयोजन के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। समारोह की चीफ गेस्ट ब्लाक प्रमुख निर्मला देवी ने पूरे समय उपस्थित रहकर एक-एक जोड़े को आशीर्वाद देते हुए सुखमय जीवन की कामना की। सामूहिक विवाह के दौरान मुख्य आचार्य प्रदीप कुमार मिश्र के द्वारा किए गए वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच वर व कन्या ने एक साथ सात फेरे लिए और सात जन्मों तक साथ निभाने का संकल्प भी लिया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में कुल 50 जोड़ों के विवाह का टारगेट रखा गया था, लेकिन किन्ही कारण वश चार जोड़े नहीं आ सके, इस वजह से 46 जोड़ों का विवाह हिंदू रीति रिवाज से संपन्न करवाया गया। दूसरी तरफ एक चर्चा यह भी रही कि इस सामूहिक विवाह समारोह में अधिकारियों के लापरवाही से नाबालिग लड़कियों की भी शादी करवा दी गई है। हालांकि यह पुष्ट नहीं हो सका। आयोजन के समापन पर प्रशासन की तरफ से सभी जोड़ों को गृहस्थी का सामान उपहार स्वरूप भेंटकर विदा किया गया। जबकि आर्थिक मदद लाभार्थियों के खाते में भेजी गई। सामूहिक विवाह समारोह में खंड विकास अधिकारी रामविलास राय, एडीओ (समाज कल्याण) गुलजार सिंह, एडीओ (पंचायत) प्रेमचंद्र सिंह, सचिव दीपेश सिंह, सचिव राजेंद्र मौर्य, जिला पंचायत सदस्य अनारकली,मीडिया प्रभारी दिलीप चतुवेर्दी, जसरा मंडल अध्यक्ष जगत नारायण शुक्ल,श्यामू निषाद, प्रधान पुष्पराज सिंह,शेर सिंह,कामता सिंह, गुलाब सिंह,परमेश्वर सिंह,शैलेंद्र सिंह, चंद्रप्रकाश त्रिपाठी, रामानंद त्रिपाठी, पृथ्वीराज साहू, विकासचंद्र शुक्ल आदि लोग मौजूद रहे।

## मेजा सामूहिक विवाह : 46 जोड़े एक दूजे के हुए

### हजारों की रही भीड़, स्थानीय पुलिस कार्यक्रम में तैनात



**मेजा रोड।** मांडा ब्लॉक के भारतगंज स्थित गेस्ट हाउस में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 46 जोड़ों ने सात फेरे लेकर एक दूसरे के दूजे हुए। कार्यक्रम के दौरान वर एवम वधु पक्ष के लोगो समेत अन्य की भारी भीड़ जुटी रही। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर स्थानीय पुलिस कार्यक्रम में तैनात रही।मांडा ब्लॉक के भारतगंज स्थित कनक गेस्ट हाउस में शुक्रवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का कार्यक्रम बीडीओ अमित मिश्रा की अगुवाई में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम बीडीओ व इंस्पेक्टर मांडा अरविंद गौतम,सुभाष यादव व प्रधान संघ अध्यक्ष राजमणि द्विवेदी ने बैंड बाजे के साथ बारात की अगवानी किया। वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचें पूर्व ब्लॉक प्रमुख अशोक सिंह व बीडीओ ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत किया।

**हिन्दू समुदाय के 44 व मुस्लिम समुदाय के 2 जोड़ो ने भागीदारी की :** इस दौरान हिन्दू समुदाय के 44 व मुस्लिम समुदाय के 2 जोड़ो ने सामूहिक विवाह में भागीदारी किया। सभी जोड़ों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सात फेरे लिया और एक दूजे के हुए। गेस्ट हाउस के मालिक राजू सर्राफ ने सभी जोड़ों को एक एक सिलिग पंखा दिया। इसके बाद कार्यक्रम समापन होने पर भोजन कर लोग गन्तव्य के लिए रवाना हुए। इस मौके पर भारतगंज चौकी प्रभारी दुर्गेश सिंह, मांडवी शरण द्विवेदी, अखिकेश सिंह, राजीव कांत, सुजीत केशरी, सन्दीप मिश्रा, रविगुप्ता, दीनदयाल द्विवेदी, बच्चा पांडेय,पप्पू, रंजीत सोनी, अभिषेक मिश्रा, रामलाल,योगेश गुप्ता, राहुल यादव, अमन मिश्रा, अनुपम पांडेय, शाहिद अंसारी, इस्लाम भाई, रितेश केशरी, राम सागर निराला समेत हजारो की तादात में लोग उपस्थित रहे।

# सहकारी बैंक की योजनाओं का लाभ उठाएं कृषक और ग्रामीण : शाखा प्रबंधक

अखंड भारत संदेश



**प्रतापपुर।** नाबार्ड के वित्तीय समायोजन और साक्षरता निधि के अंतर्गत उग्रसेनपुर बाजार क्षेत्र के अनुवां, वारी और सराय हरीराम में एक दिवसीय गोष्ठी का दिन शनिवार को आयोजन किया गया। शाखा उग्रसेनपुर द्वारा आयोजित वित्तीय साक्षरता गोष्ठी में मुख्य अतिथि शाखा प्रबंधक कृष्ण कुमार मौर्या ने बताया कि सहकारी बैंकों द्वारा नियमित वेतन भोगी कर्मचारियों को आवास, वाहन ऋण, स्वयं सहायता समूहों को ऋण की सुविधा, किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से कृषको को ऋण की सुविधा, प्राथमिकता क्षेत्रों में सर्वाधिक ऋण वितरण के अलावा अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, फसल बीमा योजना, दुर्घटना बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, माइक्रो एटीएम के माध्यम से समिति में खाता खोलने, पैसा निकालने एवं जमा करने की सुविधा, समिति के माध्यम से विद्युत बिल जमा करने की सुविधा, समेत डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक द्वारा एक दर्जन से अधिक तरह की सरकारी लाभकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। अन्नदाता एवं उपभोक्ताओं को चाहिए कि बैंकों से जानकारी लेकर समय से इसका लाभ उठाएं। संचालन करते हुए सराय हरीराम साधन सहकारी समिति के सचिव राजकुमार सिंह ने कहा कि अपने बकाया कृषि ऋण को जमा करने के बाद तत्काल तीन प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण की सुविधा प्रदान की जा रही है। इसके अलावा भी जमा निक्षेप खातों एटीएम कार्ड के नामांकनों की भी सुविधा दी जा रही है।उन्होंने वरिष्ठ खाताधारकों का आभार प्रकट करते हुए सम्मान किया।अमन पांडेय, बबलू सिंह, राजमणि बिंद, विजय सिंह, सूर्यमणि, पंकज, घनश्याम गौतम, रोशन अली, सुरेंद्र कुमार, श्यामसूरत, राजनाथ, भोला पटेल, लालचंद आदि लोग मौके पर उपस्थित रहे।

## दो स्थानों पर वाहन दुर्घटना में दो घायल मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के दो अलग अलग स्थानों पर वाहन दुर्घटनाओं में दो घायल हो गए हैं। पुलिस ने दोनों मामलो में तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा के ग्राम पिलखुआं निवासी राम अभिलाष पुत्र छोटेलाल का आरोप है कि उसका पुत्र अजय कुमार कंचनपुर से सब्जी लेकर आ रहा था। तभी रास्ते में डीजे वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे अजय कुमार की हालत गंभीर है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने डीजे संचालक सुनील कुमार और सोनू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।उधर ग्राम तौकलपुर थाना देल्हूपुर निवासी बोलोरो चालक हरिकेश यादव पुत्र विजय बहादुर का आरोप है कि वह बोलोरो से प्रयागराज जा रहा था तभी प्रतापगढ़ कि ओर जा रही गिट्टी लदी ट्रक मऊआइमा के ग्राम दुबाही पुलिया के पास गलत दिशा में आ कर उसकी बोलोरो में टक्कर मार दी। जिससे उसका वाहन क्षतिग्रस्त हो गया और बोलोरो चालक हरिकेश को चोटें आयी है। हरिकेश ने मऊआइमा थाने में मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस ट्रक को रामफल इनारी चौकी पर खडी करा ली है।

## समाधान दिवस पर आई 6 शिकायते

**करछना।** समाधान दिवस के मौके पर थाना परिसर करछना मे कुल 6 शिकायते आई लेकिन मौके पर निस्तारण न होने के कारण फरियादियो को मायूस होकर लौटना पडा,अध्यक्षता कर रहे नायब तहसीलदार के समक्ष राजस्व और पुलिस से जुडी कुल 6 शिकायत आई किन्तु मौके पर एक भी शिकायत का निस्तारण न होने से फरियादी मायूस होकर बैरग लौट गये।इस मौके पर इचार्ज प्रभारी निरीक्षक मन मोहन मिश्र अमित पाठक नवीन श्रीवास्तव आदि राजस्व और पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## स्कूल परिसर से बाइक चोरी

**करछना।** क्षेत्र के भीरपुर स्थित एक निजी स्कूल मे आयोजित वार्षिक समारोह मे शामिल होने गये रोकडी गांव के शिवसागर तिवारी की बाइक चोरो ने पार कर दिया।स्कूल से लौटने के लिए वह बाइक के पास आये तो बाइक नदारद देख दग रह गये आप पास काफी खोजबीन की लेकिन कही पता न चलने पर वह मायूस होकर लौट गये और दूसरे दिन पुलिस को बाइक चोरी की तहरीर दी।

# अब गांवों में तब जैसा नहीं दिखाई देता होलिका चौपाल और फगुआ का रंग

अखंड भारत संदेश



**करछना।** कभी बसंत पंचमी के बाद से ही गांव की चौपालों में ढोलक,मजीरे के तरंग में जमती फगुहारों की टोली,गांव-गांव बड़े उल्लास के साथ बच्चों के द्वारा लगाई जाने वाली होलिकाऔर फगुआ गीतों का रंग अब तक जैसा नहीं दिखाई पड़ता। टेलीविजन के ग्लैमर में आपाधापी के बीच अपने पुरखों की इस थाती को बचाने के लिए एक बार फिर जिम्मेदारी के साथ नई पीढ़ी को आगे आने की जरूरत है जिससे अपनी लोकसंस्कृति परंपराऔर समाज में अनुहार मनोहर के साथ अपने होली जैसे उल्लास पर्व और मौसमी लोकगीतों को सहेजा जा सके। आकाशवाणी और दूरदर्शन से जुड़े हुए चर्चित हास्य कवि अशोक बेशरम ने सिमटती परंपरा पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा की दो तीन दशक पहले कभी गांव के बच्चों के बीच अपनी-अपनी होलिका को ऊंची करने की होड़ लग जाती। गांव की बूढ़े,बुजुर्ग दिन भर काम की व्यस्तता के बाद शाम को ढोलक मजीरा के साथ चौपालों में जम जाते और फिर फगुआ गीतों की गूंज से घर,आंगन,खेत,सिवान गुलजार हो उठता। बागों से उठते गदराये महुआ,आम सहजन और कटहल के फूलों की मादकगंध राह चलते अपनी भीनी खुशबू से आम जन मन में मादकता का संचार करती तो वहीं होलिका दहन के बाद गांव के लोग ढोलक मजीरा की तरंग में फगुहारों की टोली के साथ कबीरा, गलियारा, फगुआ, बेलवरिया, बेलवार, उलार, धमार, नारदी, चहका, झूमर, बारहमासा बैसवारा, डेढ़ताल, ढाईताल, चौताल, चैता, चैती गीतों के आनंद में मनमस्त हो उठते। रात में महिलाएं घर में पकवानऔर गुजिया पापड़ बनातीं। होली के दिन चौपालों में एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर मिलते मिलाने, रंग पिचकारी, अंतर, गुलाबऔर भांग ठंडाई की मस्ती में फगुआ गीतों का वह अतीत अब नहीं दिखाई पड़ता। हो न हो रिमिक्स सांग के जमाने में जहां एक ओर नई पीढ़ी अपने पुरखों के साथ बैठकर इन गीतों को समझने की सोच नहीं पैदा कर सकी वहीं अब नशाखोरी की बढ़ती प्रवृत्ति कीओर बढ़ रहे युवाओं में इसे जानने,सीखने समझने और मनाने के प्रति उदासीनता का भी माहौल दिखता है। इसके चलते कभी साल भर से इंतजार करते इस लोक पर्व को मनाने की ललक गांव में अब महज औपचारिकता बनकर रह गई है। हालांकि कुछ लोक कलाकारों ने अभी भी अपनी इस परंपरा को जीवंत बनाए रखा है जो सराहनीय है। एक बार फिर जब होली और बसंत हमारे बीच दस्तक दे रहा है हमें चाहिए कि गांव-गांव अपनी होलिका, फगुआ की उस परंपरा को संजोने के लिए आगे आएंऔर सचमुच इस उल्लास पर्व के भरपूर आनंद का लुफ्त उठाएं।





# स्वामी हरिप्रपन्नाचार्य महाराज ने उधव चरित्र, महारासलीला व रुक्मिणी विवाह का वर्णन किया

अखंड भारत संदेश

**जंघई।** गोपालापुर के पूर्व प्रधान अभयराज मिश्र के निवास पर आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन कथावाचक स्वामी हरिप्रपन्नाचार्य महाराज ने उधव चरित्र, महारासलीला व रुक्मिणी विवाह का वर्णन किया। महाराज ने कहा कि गोपियों ने भगवान श्रीकृष्ण से उन्हें पति रूप में पाने की इच्छा प्रकट की। भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों की इस कामना को पूरी करने का वचन दिया। अपने वचन को पूरा करने के लिए भगवान ने महारास का आयोजन किया। इसके लिए शरद पूर्णिमा की रात को यमुना तट पर गोपियों को मिलने के लिए कहा गया। सभी गोपियां सज-धजकर नियत समय पर यमुना तट पर पहुंच गईं। कृष्ण की बांसुरी की धुन सुनकर सभी गोपियां अपनी सुध-बुध खोकर कृष्ण के पास पहुंच गईं। उन सभी गोपियों के मन में कृष्ण के नजदीक जाने, उनसे प्रेम करने का भाव तो जागा, लेकिन यह पूरी तरह वासना रहित था। इसके बाद भगवान ने रास आरंभ किया। माना जाता है कि वृंदावन स्थित निधिवन ही वह स्थान है, जहां श्रीकृष्ण ने महारास रचाया था। यहां भगवान ने एक अद्भुत लीला दिखाई थी, जितनी गोपियां उतने ही श्रीकृष्ण के प्रतिरूप प्रकट हो गए। सभी गोपियों को उनका कृष्ण मिल गया और दिव्य नृत्य व प्रेमानंद शुरू हुआ। रुक्मिणी विवाह का वर्णन करते हुए महाराज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने सभी राजाओं को हराकर विदर्भ की राजकुमारी रुक्मिणी को द्वारका में लाकर उनका विधिपूर्वक पाणिग्रहण किया। मौके पर श्रीकृष्ण व रुक्मिणी विवाह की झांकी प्रस्तुत कर विवाह संस्कार की रस्मों को पूरा किया गया। कथा के पश्चात आरती प्रसाद का वितरण किया गया जिसमें मुख्य यजमान इंद्रावती देवी उदयराज मिश्र, सावित्री अभयराज मिश्र, शकुंतला खेमराज मिश्र, सीता देवी श्याम राज मिश्र, सुशीला देवी अवध राज मिश्र, शमला देवी प्रेमराज मिश्र, सविता धर्मराज मिश्र एवं कार्यक्रम संचालकों में अनुज महाराज, अभिषेक शुक्ला, गंगाधर पांडेय, कल्लू पंडित, कुल गुरू अखिलेश त्रिपाठी, कुल पुरोहित जगदंबा प्रसाद शुक्ल, दुर्गा प्रसाद शुक्ल, उदयराज मिश्र एवं बाबा मिश्रा, देवेंद्र दुबे, विमलधर दुबे, राकेश धर दुबे, हरिश्चंद्र दुबे, रमेश प्रताप सिंह, भरत मिश्र, रतन मिश्र, परिजनों में धर्मेंद्र, जितेंद्र, मनोज, संजय, अरविंद, राजू, दीपक, आशीष, दिलीप, अतुल, संदीप, कुलदीप, मयंक, मंथन, यश, हर्ष, दिव्यांश, युग, बिवान, आरव, मानसी, मान्या, सौम्या, पीहू, श्रीनिधि, कामना, सुनिधि, बैदेही आदि लोग मौजूद रहे।

# समेकित शिक्षा के अंतर्गत रिसोर्स रूम का उद्घाटन

अखंड भारत संदेश

### दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा निखारने में एजुकेटर्स की महत्वपूर्ण भूमिका




**प्रयागराज।** उपरोक्त उद्गार लखनऊ से आए राज्य परियोजना कार्यालय समेकित शिक्षा के वरिष्ठ विशेषज्ञ राकेश पांडे ने व्यक्त करते हुए कहा कि यदि स्पेशल एजुकेटर्स एवं अभिभावक बच्चों के साथ पूरी संवेदनशीलता से जुड़ें तो दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा निखारने में मदद मिलेगी।समेकित शिक्षा के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के लिए जनपद प्रयागराज में पहले रिसोर्स सेंटर का लोकार्पण वरिष्ठ विशेषज्ञ (समेकित शिक्षा) राकेश पांडे एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी के द्वारा फीता काटने के उपरांत दीप प्रज्वलन कर किया गया। दिव्यांग बच्चों के विशेष सहयोग के लिए जनपद प्रयागराज में इस प्रकार के दो केंद्रों की स्थापना होनी प्रस्तावित थी जिसमें से पहला केंद्र कौड़िहार के उच्च प्राथमिक विद्यालय हथिगहां में स्थापित किया गया। इस प्रकार के केंद्र में दिव्यांग बच्चों के शिक्षण एवं शारीरिक अक्षमता में सहयोग के संबंध में सप्ताह के 6 दिन अलग-अलग स्पेशल एजुकेटर उपलब्ध रहेंगे। ये स्पेशल एजुकेटर्स बच्चों की शिक्षा के साथ-साथ फिजियोथेरेपी, एक्युप्रेशर थेरेपी, स्पीच थेरेपी एवं मानसिक मंदता वाले छात्रों का रिहैबिटेशन करने में सहयोग प्रधान करेंगे। कार्यक्रम के दौरान आंखों से दिव्यांग बच्ची महक ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया जबकि अजय कुमार ने शिक्षा गीत प्रस्तुत कर उपस्थित अभिभावकों एवं शिक्षकों का ध्यान खींचा। कार्यक्रम का संचालन एआरपी प्रभाशंकर शर्मा एवं जय सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में खंड शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश मिश्र द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया जबकि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं वरिष्ठ विशेषज्ञ ने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने उपस्थित दिव्यांग बच्चों को माला पहनाकर एवं पुष्प देकर प्रोत्साहित किया तथा कहा कि आप सभी अभिभावक अपने बच्चों के प्रति हौसला बनाए रखें तो ये निश्चित ही समाज में अपना बेहतर योगदान देंगे। कार्यक्रम के दौरान जिला समन्वयक राजीव त्रिपाठी, राधे कृष्ण, कमल कुमारी, अजमल अमीन अंसारी, पूनम चौधरी, श्रद्धा सिन्हा, शशि चोपड़ा, अनुपम के साथ-साथ स्पेशल एजुकेटर आशा यादव, चिंता देवी, नमिता सिंह, राजेश कुमार मिश्र, आशुतोष सिंह, दिलीप तिवारी सहित अनेकों अभिभावक व दिव्यांग छात्र मौजूद रहे।उच्च प्राथमिक विद्यालय हथिगहां के स्काउट गाइड के बच्चों ने स्वागत बैंड का प्रदर्शन भी किया।

# 315 बोर के तमंचा के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार



अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ पुलिस ने एक अभियुक्त को 315 बोर के तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। एसओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि थाने की पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर दिलीप सिंह पटेल पुत्र रामभवन सिंह पटेल (निवासी ग्राम देवरी बेनी, शंकरगढ़) को गिरफ्तार किया है। देवरी बेनी रोड पर कोल बस्ती से 100 मीटर के फासले पर की गई गिरफ्तारी के दौरान दिलीप सिंह के पास 315 बोर का तमंचा बरामद हुआ है। पूछताछ के बाद अभियुक्त के खिलाफ आर्म्स एक्ट का केस लिखा गया है। यह गिरफ्तारी एसआई प्रवेश कुमार यादव की अगुवाई वाली टीम ने की है।

# भाजपा किसान मोर्चा द्वारा किसान गोष्ठी का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश




**सहसों।** दुर्वासा धाम स्थित मां शारदा पैलेस नीवी भतकार में शुक्रवार को भाजपा किसान मोर्चा गंगापार के दुवार्सा मंडल द्वारा किसान गोष्ठी का आयोजन कर नमो किसान सम्मान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा गंगापार जिलाध्यक्ष अश्वनी कुमार द्विवेदी ने कार्यकताओं एवं किसानों को संबोधित करते हुए बताया केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा किसान सम्मान निधि योजना चार वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। जिसकी सफलता में भाजपा किसान मोर्चा द्वारा इसको नमो किसान सम्मान दिवस के रुप में मनाया जा रहा है। केंद्र सरकार अब तक किसानों को सम्मान निधि के रूप में 12 किस्त दे चुकी है 13वीं किस्त जल्द ही किसानों के खातों में पहुंच जाएगी। जिससे किसानों को खाद बीज कीटनाशक दवाओं आदि को खरीदने में काफी मदद मिलता है। इस मौके पर प्रवासी किसान मोर्चा क्षेत्रीय मंत्री इंद्र बहादुर सिंह व विशिष्ट अतिथि विधायक प्रतिनिधि टी एन सिंह ने भी कार्यकताओं और किसानों के समक्ष अपने विचारों को व्यक्त किए। गोष्ठी कार्यक्रम के संयोजक जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा लक्ष्मी कांत उपाध्याय एवं संचालन जिला महामंत्री प्रभाकर द्विवेदी ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा काशीनाथ दूबे ने आए हुए सभी अतिथियों एवं किसानों का ससम्मान स्वागत किया। गोष्ठी में प्रमुख रूप से जिला मीडिया प्रभारी इं. शीतला प्रसाद सिंह पटेल, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष भूपेंद्र मिश्रा, राजेंद्र कुमार शुक्ला, रुद्र प्रताप सिंह, पंकज ओझा, शिवदीप पांडेय, गिरींद्र मणि शुक्ला, आत्माधर दूबे, नरेंद्र प्रताप सिंह, दीपक सिंह, श्रीकांत त्रिपाठी, सत्यकाम पांडेय, नवल किशोर, विपिन नायक, संदीप तिवारी, संजय पटेल, मंगला प्रसाद मिश्रा, बब्लू पांडेय, रेखा पाठक सहित सैकडों किसान भाई एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भागवत कथा सुनने जुट रही भक्तों की भीड़

अखंड भारत संदेश

**करछना।** करछना के रोकडी गांव में जन कल्याण हेतु चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत ज्ञान कथा सप्ताह में कथा व्यास पं लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने भागवत माहात्म में भक्ति ज्ञान व वैराग्य उपाख्यान के साथ धुंधकारी की कथा शनिवार को कहीं। उन्होंने भक्त लोगों को उपदेशित करते हुए कथा श्रवण पर बल दिया और बताया की कथा श्रवण से मनुष्य के सारे क्लेश दूर हो जाते हैं। कथा के मुख्य श्रोता यजमान सुशीला देवी की ओर से कथा व्यास सहित पुरोहित पं पवन कुमार मिश्रा आचार्य पं देवकीनंदन मिश्र व पं अखिलेश मिश्र का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया। कथा के आयोजक के के तिवारी व संयोजक पारसनाथ तिवारी तथा व्यवस्थापक गौरीनाथ तिवारी पिंटू ने सभी भक्त लोगों के प्रति आभार जताया। इस मौके पर सर्वोदय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज भीरपुर के प्रधानाचार्य डॉ सूर्यकांत त्रिपाठी निराला अधिवक्ता रवि कांत तिवारी शशिकांत तिवारी राम अभिलाष तिवारी राकेश कुमार तिवारी संजीव पुष्कर प्रदीप विनीत आदि भक्तजन शामिल रहे।

## तहसील बदीगृह का निरीक्षण करने पहुचे सचिव

**करछना।** शनिवार को सुबह से ही बदीगृह की साफ सफाई मे तहसील महकमा लगा रहा और एसडीएम डा0 गणेश कन्नौजिया तहसीलदार गणेश सिह सहित तहसील के अधिकारी और कर्मचारी शासन के सचिव राकेश कुमार के आने की तैयारी मे लगे रहे।शाम करीब 5 बजे सचिव के आने पर हडकप मच गया उन्होने बन्दीगृह निरीक्षण करते हुए अभिलेखीय जाच भी किया।इस दौरान उनके साथ राज कुमार द्विवेदी एडीएम जगदम्बा सिह के अलावा नायब तहसीलदार विनय द्विवेदी और राजस्वकर्मी भी मौजूद रहे।

# गम और गुस्से के बीच उमेश पाल का अंतिम संस्कार





अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल और गनर संदीप निषाद के शवों का शनिवार दिन में पोस्टमार्टम किया गया। तीन डाक्टरों के पैनल ने पोस्टमार्टम किया। घटना की वीडियोग्राफी भी की गई। पोस्टमार्टम के बाद थोड़ी देर के लिए उमेश के शव को धूमनगंज ले जाया गया। इसके बाद दारागंज घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। सिपाही संदीप के शव को घर वाले पैतृक गांव ले गए। अंतिम संस्कार वहीं किया जाएगा।धूमनगंज के सुलेम सराय के रहने वाले उमेश पाल और उनके गनर संदीप निषाद व राघवेंद्र सिंह पर कातिलों ने शुक्रवार को जानलेवा हमला किया था। उमेश और संदीप की मौके पर ही मौत हो गई थी। शनिवार को सुबह से ही पोस्टमार्टम हाउस पर उमेश के समर्थकों और परिजनों की भीड़ लगी थी। पुलिस ने सुबह ही उमेश और संदीप के शरीर के चोटों की गिनती की। उस समय परिजन नहीं थे। परिजनों को पता चला तो वे भड़क गए।एसीपी शाहगंज सत्येंद्र तिवारी ने उन्हें समझाया बुझाया। उनके सामने फिर से चोटों को गिना गया। इसके बाद उमेश और संदीप के शवों को एक्सरे के लिए कालविन अस्पताल ले जाया गया। वहां से तीन बजे के बाद वापस स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल दोनों शवों को लाया गया। यहां तीन डाक्टरों के पैनल ने पोस्टमार्टम किया। वीडियोग्राफी भी कराई गई। यहां से उमेश के शव को धूमनगंज स्थित उनके घर ले जाया गया। वहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।आरएएफ और पीएसी के साथ साथ कई थानों की फोर्स को भी एहतियातन लगाया गया था। कुछ देर बाद उमेश के शव को दारागंज घाट ले जाया गया, जहां गम और गुस्से के बीच अंतिम संस्कार किया गया। उधर गनर संदीप के शव को घर वाले पैतृक गांव आजमगढ़ लेकर चले गए। संदीप का अंतिम संस्कार वहीं होगा।

## तीन डॉक्टरों के पैनल ने किया पीएम, हुई वीडियोग्राफी



## समर्थकों ने चीरघर पर मचाया हंगामा पुलिस प्रशासन के बीच जमकर की नारेबाजी

पोस्टमार्टम हाउस पर उमेश के समर्थक और परिजन सुबह से ही बड़ी संख्या में जुटे थे। दिन में पहले चोट गिनने में फिर शवों के एक्सरे में जब देर होने लगी तो समर्थक भड़क गए। उन्होंने जमकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उन्हें समझाने की कोशिश की गई। वे हत्यारों को फांसी की मांग कर रहे थे। मौके पर पहुंची पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा और डीएम संजय खत्री ने उन्हें बताया कि गिरफ्तारी के पूरे प्रयास किया जा रहे हैं। बहुत जल्द ही उन्हें गिरफ्तारी की खबर दी जाएगी। इसके बाद समर्थक माने।

## उमेश पाल की हत्या पर सीएम योगी सख्त

**प्रयागराज।** प्रयागराज में विधायक राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल की धूमनगंज में घर के सामने शुक्रवार को दिन दहाड़े गोली और बम मारकर हुई हत्या पर सरकार ने कड़ा रुख अख्तियार किया है। शनिवार को विधानसभा में सीएम योगी ने कहा कि हम माफियाओं के खिलाफ हैं, उन्हें मिट्टी में मिला देंगे। उन्होंने कहा कि सपा ने ही अतीक अहमद को प्रश्रय दिया है। हम किसी भी माफिया को नहीं छोड़ेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा माफियाओं की पोषक है।राजूपाल हत्याकांड में अतीक अहमद दोषी है उसे सपा ने विधायक बनाकर प्रश्रय दिया। अखिलेश यादव की तरफ इशारा करते हुए योगी ने कहा कि आप खुद माफियाओं का पोषण कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी ने नाराजगी भरे लहजे में सपा को माफियाओं की पोषक करार देते हुए प्रदेश को विकास के रास्ते पर अग्रसर बताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कोई भी माफिया नहीं बचेगा। हम किसी भी माफिया को नहीं बख्शेंगे।शुक्रवार को बसपा विधायक राजूपाल हत्याकांड के मुख्य गवाह और वकील उमेश पाल की स्वचालित हथियारों से गोली मारकर हत्या कर दी। हमले में उमेश की सुरक्षा में तैनात गनर संदीप निषाद की भी मौत हो गई। प्रयागराज पश्चिम के विधायक रहे राजू पाल की 25 जनवरी, 2005 को हत्या कर दी गई थी। हत्याकांड में माफिया अतीक अहमद व उसके छोटे भाई पूर्व विधायक अशरफ पर केस चल रहा है।

# मेजा ऊर्जा निगम के सहभागिता के साथ हुआ मंडलीय फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन

**यह कार्यक्रम प्रयागराज स्थित चद्रशेखर आजाद पार्क में 24 से 26 फरवरी तक आयोजित रहेगा**

**उद्घाटन समारोह में भारतीय वायु सेना के बैंड सदस्यों द्वारा संगीतमय प्रस्तुति व लेजर शो का आयोजन हुआ**

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** पर्यावरण जागरूकता और समग्र विकास को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत, मेजा ऊर्जा निगम ने मंडलीय फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी -2023 के आयोजन के लिए प्रयागराज के जिला प्रशासन के साथ भागीदारी की। यह कार्यक्रम प्रयागराज स्थित चद्रशेखर आजाद पार्क में 24 से 26 फरवरी, तक आयोजित रहेगा। कार्यक्रम का उद्घाटन 24 फरवरी को उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष संजय श्रीनेत द्वारा विजय विश्वास पंत, मंडलीय आयुक्त (प्रयागराज), संजय कुमार खत्री, जिलाधिकारी (प्रयागराज), केदार रंजन पांडु, मुख्य कार्यकारी अधिकारी (मेजा ऊर्जा निगम) और जिला प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के उपस्थिति में किया गया। बताते चलें कि यह कार्यक्रम शहर की एक वार्षिक विशेषता है और राज्य भर के प्रकृति प्रेमियों से उत्साही भागीदारी को आकर्षित करता है। कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में भारतीय वायु सेना के बैंड सदस्यों द्वारा संगीतमय प्रस्तुति और लेजर शो का आयोजन भी किया गया।




## माफिया अतीक की पत्नी शाइस्ता को बसपा दिखा सकती है बाहर का रास्ता, रिपोर्ट तलब

**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन को बसपा बाहर का रास्ता दिखा सकती है। गत दिनों उन्होंने बसपा की सदस्यता ग्रहण की थी और नगर निगम चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही थीं। विधायक राजू पाल हत्याकांड के चश्मदीद गवाह उमेश पाल की गोली मारकर हत्या के मामले में अतीक अहमद समेत शाइस्ता परवीन का नाम आने के बाद बसपा सुप्रीमो ने पूरी रिपोर्ट तलब कर ली है।माना जा रहा है कि पार्टी उन्हें बाहर का रास्ता दिखा सकती है। बता दें कि राजू पाल की जब हत्या हुई थी तो वह शहर पश्चिमी से बसपा के ही विधायक थे। उमेश पाल इसी मामले में चश्मदीद गवाह थे। शुक्रवार को उनकी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में अतीक अहमद, भाई अशरफ, पत्नी शाइस्ता परवीन और बेटों समेत तमाम करीबियों को आरोपी बनाया गया है।

# हिंदी भाषा में विश्व को जोड़ने की ताकत : के श्रीनिवास राव

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** हिंदी साहित्य सम्मेलन प्रयाग का 74वां वार्षिक अधिवेशन और राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, वर्धा का ३०वां अधिवेशन का उद्घाटन राष्ट्रभाषा प्रचार समिति वर्धा महाराष्ट्र और हिंदी साहित्य सम्मेलन प्रयाग के संयुक्त तत्वाधान में शांति भवन बापू कुटीर, सेवाग्राम, वर्धा (महाराष्ट्र) में हुआ जिसमें मुख्य अतिथि साहित्य अकादमी नई दिल्ली के सचिव डॉक्टर श्रीनिवास राव थे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन हिंदी साहित्य सम्मेलन प्रयाग के प्रधानमंत्री श्री विभूति मिश्र और राष्ट्रभाषा प्रचार समिति के प्रधानमंत्री हेमचंद्र वैद्य दोनों ने संयुक्त रूप से अधिवेशन के मुख्य अतिथि डॉक्टर के श्रीनिवास राव के साथ किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति वर्धा के प्रधानमंत्री हेमचंद्र वैद्य ने कहा कि भाषा एकता दिलाती है एवं सब को एक सूत्र में बांधती है भाषा भावों व विचारों की जननी है तथा अभिव्यक्ति का एक माध्यम है। हिंदी साहित्य सम्मेलन के प्रधानमंत्री श्री विभूति मिश्र ने कहा कि हम को अपने जीवन में कोई ना कोई ऐसा काम जरूर करना चाहिए जिससे समाज का उत्थान हो इसके लिए हमें गांधी जी से प्रेरणा लेना चाहिए हमें दैनिक जीवन में छोटे-छोटे कार्यों में हिंदी का प्रयोग करना चाहिए।

साहित्य अकादमी नई दिल्ली के सचिव के श्रीनिवास राव ने मुख्य अतिथि के रूप में कहा कि हिंदी एक भाषा मात्र नहीं बल्कि एक दर्शन है हिंदी का स्वरूप निर्मित करने के लिए भारत की सभी भाषाओं की एकता झलकती है। भारत में हिंदी को लेकर भले ही अलग-अलग विचार हों लेकिन दुनिया में हिंदी भाषा को भारत से जोड़कर देखा जा रहा है। हिंदी भाषा व साहित्य स्वयं अपने बल पर सम्मान हासिल करेगी। आयरलैंड में भारत के राजदूत अखिलेश मिश्र ने आभासी पटल पर भाषण देते हुए कहा कि आज भारत में भारत की सौ करोड़ की जनता हिंदी जानती है। आजादी के बाद भारत में हिंदी बहुत लोकप्रिय हुई है। वाणी, भाषा, शब्द और अक्षर यह सब गहन दार्शनिक व आध्यात्मिक रूप से जुड़े हैं जो कहीं भी विश्व में नहीं देखी जाती है, इनके द्वारा सभी भाषाओं में एकसूत्रता दिखती है। हम सब गर्व से, स्वाभिमान से हिंदी एवं अपनी-अपनी मातृ भाषाओं का प्रयोग करना चाहिए। आज हिंदी को लेकर चुनौती व समस्याएं बढ़ी है, हमें इनसे निकलना चाहिए। हमें किसी भी भाषा व बोलियों के प्रति अहंकार नहीं रखना चाहिए। हिंदी साहित्य सम्मेलन के वर्धा में 74 वें अधिवेशन में सम्मेलन सम्मेलन के सभापति के रूप में सूर्य प्रसाद दीक्षित ने कहा कि आज की संस्कृति उपभोक्तावादी संस्कृति हो गई है हमें उससे बचना होगा। हम हिंदी के बल पर एक बहुत बड़ा अंतर्राष्ट्रीय मंच बना सकते हैं हिंदी बहुत अर्से से एक दूसरे को जोड़ती रही है। उन्होंने आगे कहा कि हिंदी के प्रचलन का बढ़ता प्रयोग किसी दूसरे भाषा में नहीं है हिंदी की स्वीकार्यता आज के व्यवसाय की मांग है। हिंदी को ज्ञान, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की भाषा बनाना है केवल कविता, कहानी, साहित्य की भाषा नहीं। जितना भी ज्ञान विज्ञान का विस्तार होगा उतना ही हिंदी का विस्तार होगा जिससे यह रोजगार की भाषा बन सके। कार्यक्रम का संचालन हिंदी साहित्य सम्मेलन के सहायक मंत्री श्री श्याम कृष्ण पांडे ने किया तथा आभार ज्ञापन ओपी गुप्ता ने किया। इस दौरान हिंदी साहित्य सम्मेलन प्रयाग के स्थाई समिति के सदस्य डॉ प्रभात ओझा एवं साहित्य अकादमी नई दिल्ली के सचिव डॉक्टर के श्रीनिवास राव की पुस्तकों का लोकार्पण भी किया गया। इस अधिवेशन में स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। अधिवेशन में विभिन्न प्रांतों से लगभग 300 से ज्यादा लोग उपस्थित थे।





# उमेश पाल के घर सांत्वना देने पहुंचीं विधायक पूजा पाल से हाथपाई

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** विधायक राजू पाल की हत्या के चश्मदीद गवाह उमेश पाल की शुक्रवार को गोली मारकर हत्या कर दी गई। उमेश के घर सांत्वना देने पहुंचीं राजू पाल की पत्नी और चायल की सपा विधायक पूजा पाल से उमेश पाल के घर की महिलाओं से विवाद हो गया। पूजा पाल और उमेश पाल के घर की महिलाओं के साथ विवाद के बाद हाथापाई की नौबत आ गई। पुलिसकर्मियों और परिवार के अन्य सदस्यों ने किसी तरह बीच बचाव कर मामला शांत कराया।

मौके पर इस बात की चर्चा रही की राजू पाल की हत्या के बाद पूजा पाल का उमेश के घर आना जाना बंद हो गया। पूजा पाल ने आरोप लगाया था कि उमेश पाल अतीक अहमद से मिल गया है इसलिए वह गवाही देने में रुचि नहीं दिखा रहा है। इसको लेकर दोनों के परिवारों में खटास पैदा हो गई थी। उमेश पाल के घर शनिवार को पहुंचीं पूजा पाल से उमेश पाल के घर की महिलाओं से कहा सुनी हो गई।



## उमेश को जहां शूटरों ने मारी गोलियां वहां फिर एसटीएफ ने किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** विधायक राजू पाल हत्याकांड के गवाह उमेश पाल की हत्या में एसटीएफ और क्राइम ब्रांच की टीम लगातार छापेमारी कर रही हैं। एसटीएफ के डिप्टी एसपी नवेंदु सिंह शनिवार को फिर घटनास्थल पर पहुंचे। वहां कुछ लोगों से पूछताछ के बाद उमेश पाल के घर का निरीक्षण किया। वहीं पुलिस की एक टीम आसपास के दुकानों एवं मकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद वीडियो फुटेज देख रही है।बदमाशों के घटनास्थल पर पहुंचने से लेकर वारदात को अंजाम देने के बाद उनके भागने तक की तस्वीरें देखी जा रही हैं। पुलिस ने कुछ शूटरों की पहचान कर ली है, लेकिन अभी पुलिस विभाग के उच्चाधिकारी कुछ भी बोलने को तैयार नहीं हैं। वहीं उमेश पाल के रिश्तेदार और समर्थकों की भीड़ जयंतीपुर स्थित उनके आवास और पोस्टमार्टम हाउस में जुटनी शुरू हो गई है। एहतियात के तौर पर काफी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है।शासन ने प्रयागराज में बसपा विधायक राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल की हत्या की वारदात को बेहद गंभीरता से लिया है। उमेश पाल के हत्यारों की तलाश में स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) को भी लगाया गया है। डीजीपी मुख्यालय ने प्रयागराज कमिश्नरेट से घटना की विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।एसटीएफ मुख्यालय के अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए जाने के साथ ही एसटीएफ की प्रयागराज यूनिट सक्रिय किया गया है। उमेश पाल ने माफिया अतीक अहमद व उसके भाई अशरफ के विरुद्ध धमकाने व अपहरण का मुकदमा भी दर्ज कराया था। यही वजह है कि माफिया अतीक गिरोह के कई सक्रिय सदस्यों की तलाश तेज की गई है। इसके लिए एसटीएफ की टीमों को प्रयागराज के अलावा अन्य शहरों में भी सक्रिय किया गया है।

## विधायक पूजा पाल को सताने लगा डर

**प्रयागराज।** विधायक राजू पाल हत्याकांड के गवाह उमेश पाल की हत्या के बाद समाजवादी पार्टी की विधायक पूजा पाल भी सहम गई हैं। राजू पाल की पत्नी पूजा पाल ने कहा कि उमेश पाल तो वर्ष 2005 में हुई घटना के गवाह थे, लेकिन मैं तो मुकदमे की वादी हूं। पूजा पाल ने कहा कि वह अपनी सुरक्षा को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ से मिलेंगी।सपा की विधायक होने के बावजूद पूजा ने इस हत्याकांड को लेकर योगी सरकार को निशाने पर नहीं लिया। अलबत्ता इतना जरूर कहा कि सीबीआई कोर्ट में राजू पाल की हत्या के केस का ट्रायल अब अंतिम दौर में है। उमेश पाल की हत्या के बाद उन्हें अब और सुरक्षा की जरूरत है। पूजा के मुताबिक सीबीआई ने भी उन्हें हिदायत दी है कि वह बिना उनकी जानकारी के मूवमेंट न करें। पूजा पाल ने कहा कि राजू पाल मर्डर केस के अन्य गवाहों को भी सुरक्षा दी जानी चाहिए।

## महंत नरेंद्र गिरि खुदकुशी मामला : आरोपियों की उन्मोचन अर्जी पर फैसला छह मार्च को

**प्रयागराज।** अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रहे महंत नरेंद्र गिरि की आत्महत्या के मामले में आरोपियों की ओर से दी गई उन्मोचन अर्जी पर इलाहाबाद जिला अदालत छह मार्च को अपना फैसला सुनाएगी। उन्मोचन अर्जी पहले आद्या प्रसाद तिवारी की ओर से दाखिल की गई थी। शुक्रवार को सुनवाई के आनंद गिरि और संदीप तिवारी की ओर से भी उन्मोचन अर्जी दाखिल की गई। हालांकि, सीबीआई के अधिवक्ता ने इसका विरोध किया। अदालत ने सुनवाई के बाद इस पर छह मार्च को फैसला सुनाने के लिए कहा।जिला न्यायाधीश की अदालत में चल रहे केस की सुनवाई में तीनों अभियुक्तों पर आरोप तय होने हैं। आद्या प्रसाद ने पिछली सुनवाई पर उन्मोचन अर्जी दाखिल की थी। शुक्रवार को सुनवाई के दौरान अदालत ने उस पर बहस सुनी। सीबीआई की ओर से कहा गया कि तीनों के खिलाफ सबूत हैं। इसलिए उन्मोचन अर्जी को खारिज किया जाना चाहिए। हालांकि, आरोपियों की ओर से कहा गया कि वे निर्दोष हैं।अदालत ने आनंद गिरि और संदीप तिवारी का पक्ष रखने के लिए अधिवक्ता डीके द्विवेदी को बतौर न्यायमित्र नियुक्ति है। इन दोनों आरोपियों की ओर से न्यायमित्र ने बहस की और उन्मोचन अर्जी दी। सीबीआई की ओर से अधिवक्ता दीप नारायण ने बहस की।

# जिला सैनिक बंधु की बैठक संगम सभागार में संपन्न

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जिला सैनिक बंधु की बैठक सैनिकों ,पूर्व सैनिकों व वीर नारियों की समस्याओं के समाधान हेतु शनिवार को संगम सभागार में संपन्न हुई। कैप्टन नेवी भारतेन्द्र सिंह कंवर, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने किया बैठक में जिला उद्योग विभाग से जय सीएमओ ऑफिस से डॉक्टर प्रमोद कुमार ,नगर निगम से अमरजीत यादव आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक शामिल हुए तथा अपनी-अपनी समस्याओं का आवेदन पत्र दिया जिस पर सुनवाई कर कार्यवाही कराने को कहा गया लगभग 14 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं जो राजस्व, नगर निगम ,पुलिस विभाग ,शस्त्र लाइसेंस नवीनीकरण, सब एरिया सीएसडी कैंटीन से होने वाली समस्याओं आदि से संबंधित थे जिसके निस्तारण की कार्यवाही हुई। इस अवसर पर पूर्व सूबेदार श्यामसुंदर सिंह पटेल ने वन रैंक वन पेंशन की विसंगतियां दूर कराने हेतु माननीय रक्षा मंत्री भारत सरकार नई दिल्ली को संबोधित एक ज्ञापन पूर्व सैनिकों की ओर से दिया जिसे आज ही फैक्स से भेजने को कहा गया बैठक बड़े ही सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई भाग लेने वाले प्रमुख लोगों में सूबेदार श्याम सुंदर सिंह पटेल , राम शिवहरे, पुरुषोत्तम पांडे ,जेबी राय, एके तिवारी ,श्रीमती बिंदु यादव, सत्यपाल श्रीवास्तव, लल्लन मिश्रा ,पीके मिश्रा ,डी एस यादव ,रणजीत यादव ,जेके पटेल, एन एन मिश्रा ,आर यू पाल ,अनिल कुमार तिवारी, रवि निर्मल ,रविंद्र कुमार ,जेके सिंह ,मनोज कुमार, यूके मिश्रा ,एसपी सिंह ,एसके सेठी, जीके पांडे ,गुलाम रब्बानी शकील रवि प्रकाश त्रिपाठी , संजय आदि कई लोग शामिल रहे। अंत में सभी का जिला सैनिक कल्याण अधिकारी प्रयागराज ने धन्यवाद ज्ञापन किया तथा बैठक संपन्न हुई।




## कार्यालय ग्राम पंचायत कौवा, वि. ख. करछना प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पं. वि. अ./कोटेशन/ 2022-23 **टेण्डर/कोटेशन** दिनांक : 25.02.2023

ग्राम पंचायत **कौवा** में वित्तीय वर्ष 2022–23 में कराये जाने वाले कार्य, मनरेगा/ चतुर्थ राज्य वित्त/15 वां वित्त योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत **कौवा** विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यों के लिए इच्छुक पंजीकृत फर्मों से अल्प कालीन निविदा आमंत्रित की जाती है, आकड़न/प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर प्राप्त आपूर्ति भाड़ा एवं कार्य की मजदूरी सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 26–02–2023 से दिनांक 12–03–2023 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं। नियम व शर्तें किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है , तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 13–03–2023 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेण्डर /कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 13–03–2023 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस–जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है। उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा, जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा, साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा। उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा। उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्तें लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु उचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत श्रम एवं सामग्री अंश | कार्य पूर्ण की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | हरिश्चन्द्र के घर से अरविन्द के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य (केन्द्र वित्त/राज्य वित्त योजना के अन्तर्गत) | 3.20 लाख | 1 माह |

रेखा कुमारी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत कौवा
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

कमल सिंह
सचिव
ग्राम पंचायत कौवा
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

## विद्युत बकाये को लेकर पन्द्रह कनेक्शन कटे, एक लाख की हुई वसूली

**लालगंज प्रतापगढ़।** विद्युत बकाये को लेकर शनिवार को सांगीपुर बाजार में पन्द्रह वाणिज्यिक विद्युत कनेक्शन काटे गये। वहीं विभागीय अभियान मे एक लाख रुपए की बकाया वसूली मे भी सफलता मिली। जेई बृजेश कुमार की अगुवाई मे विभाग द्वारा अचानक शनिवार को बाजार मे विद्युत बकाये को लेकर अभियान शुरू किया गया। पन्द्रह दुकानों से बकाये को लेकर विभाग ने तार उतरवा लिये। कार्रवाई को लेकर बाजार मे हडकंप मच गया। कुछ दुकानदार तो विभाग की कार्रवाई शुरू होने की भनक मिलते ही शटर बंद कर रफूचक्कर हो लिये। विभागीय कार्रवाई से बाजार मे दोपहर बाद तक हडकंप का माहौल देखा गया।

# कार्यों की धीमी प्रगति पर जेएमसी के प्रोजेक्ट मैनेजर को नोटिस जारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं के निर्माण कार्यों एवं डी0पी0आर0 स्वीकृति के सम्बन्ध समीक्षा की गयी। बैठक में जल जीवन मिशन की परियोजनाओं की समीक्षा की गई एवं कार्यदायी संस्था को कड़े निर्देश दिये कि कार्यों में और तेजी लायी जाए।

जिलाधिकारी ने जनपद में जल जीवन मिशन का कार्य शत प्रतिशत समय से पूर्ण कराने के निर्देश देते हुये कहा कि यह सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाये, साथ ही सभी कार्यदायी संस्थाओं को सख्त निर्देश देते हुये कहा कि सभी परियोजनाओं का कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप से कराना सुनिश्चित करें। बैठक में जे0एम0सी0 प्राइवेट लिमिटेड द्वारा परियोजनाओं के कार्यो की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुये जेएमसी के प्रोजेक्ट मैनेजर को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया और कहा कि परियोजनाओं के कार्यो की प्रगति बढ़ायें इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाये।

### जिलाधिकारी ने की जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक



जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक में बोलते डीएम डा0 नितिन बंसल।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि निमार्णाधीन पेयजल परियोजना से सम्बन्धित किसी विभाग की यदि कोई समस्या हो तो उसे आपसी समन्वय स्थापित करते हुये उसका निराकरण करायें, पेयजल से जुड़ी परियोजनाओं एवं कार्यो को किसी भी स्तर पर लम्बित न रखा जाए। बैठक में अधिशासी अभियन्ता जल निगम ने बताया कि जल जीवन मिशन योजना के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों को पाइप पेयजल योजना से आच्छादित करने हेतु ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं का निर्माण किया जाना है जिसके अनुसार फर्म मेसर्स पावर मेक प्रोजेक्ट लि0 द्वारा फेज-3 के अन्तर्गत आवंटित 1033 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 970 राजस्व ग्रामों हेतु निर्मित 432 नग डीपीआर जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा अनुमोदन प्रदान किया जा चुका है। इसी प्रकार फर्म मेसर्स जेएमसी प्रोजेक्ट इण्डिया लि0 द्वारा फेज-3 के अन्तर्गत आवंटित राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 280 राजस्व ग्रामों हेतु निर्मित 134 नग डीपीआर जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा अनुमोदन प्रदान किया जा चुका है। बैठक में मेसर्स पावर मेक प्रोजेक्ट लि0 द्वारा फेज-3 के निर्मित 17 नग डीपीआर जो 46 राजस्व ग्रामों एवं मेसर्स जे0एम0सी0 प्रोजेक्ट इण्डिया लि0 द्वारा फेज-3 के निर्मित 10 नग डीपीआर जो 19 राजस्व ग्रामों को आच्छादित करेंगें को प्रस्ततु किया गया जिसकी स्वीकृति प्रदान की गयी। इस मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, अधिशासी अभियन्ता जल निगम लोकेश शर्मा सहित सम्बन्धित अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर उपस्थित रहे।

# पिछडे.व मध्यम वर्ग के लोगों के लिये कल्याणकारी बजटः सांसद

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिले के सांसद संगम लाल गुप्ता ने भारत सरकार के बजट पर प्रेस वार्ता में बोलते हुए कहा कि पहले पार्टी विशेष के परिवार व कुछ चुनिंदा लोगों की जेब भरने तक सीमित रहने वाला बजट प्रस्तुत किया जाता था किंतु प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने देश के नागरिकों को सामाजिक न्याय, समानता, सम्मान और समान अवसर प्रदान करने वाला बजट प्रस्तुत किया है, जिसके परिणाम स्वरूप आज भारत दुनिया में सबसे तेज गति से देश के विकास को राह दिखाने वाला और सुपर एकोनोमी पावर बनाने की दिशा वाला बजट बन गया है।

उन्होंने कहा कि गांव गरीबों, किसानों, आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों, शोषित, वंचितो, दिव्यांग

### पत्रकारवार्ता कर बजट की गिनाई खूबियां



प्रेसवार्ता में बोलते सांसद संगम लाल गुप्ता।

जनों, आर्थिक रूप से पिछड़े तथा मध्यम वर्ग के लोगों को सशक्त और सक्षम बनाने वाला बजट है। उन्होंने कहा कि भारत श्री अन्न का सबसे बड़ा उत्पादक और दूसरा बड़ा निर्यातक देश है। भारत को श्री अन्न का ग्लोबल हब बनाने के लिए सरकार कटिबद्ध है। इस दिशा में हैदराबाद में इंडियन इंस्टीट्यूट आफ मिलेट्स रिसर्च सेंटर स्थापित करना सरकार का एक बहुत ही क्रांतिकारी कदम है। सांसद ने आगे कहा कि बच्चों और किशोरों के लिए राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय स्थापित किया जाना और अगले 3 साल में 740 एकलव्य स्कूल के लिए 38,800 टीचर्स और सपोर्ट स्टाफ नियुक्त किए जाने का निर्णय भी एक स्वागत योग्य कदम है। सांसद ने कहा कि सरकार की सर्वांगीण विकास की सोच का परिणाम है कि आज आजादी के 70 साल बाद प्रतापगढ़ जैसी जगह पर भी मेडिकल कॉलेज की स्थापना कराए जाने में हम सफल हो सके। सांसद ने बताया की इसी तरह लालगंज, सगरासुन्दरपुर, रानीगंज अजगरा, मोहनगंज, पृथ्वीगंज, रानीगंज तहसील से होकर गुजरने वाले लखनऊ वाराणसी राजमार्ग पर जाम से मुक्ति दिलाने हेतु 50 किमी लम्बे बाई पास निर्माण की प्रक्रिया भी आरम्भ हो चुकी है जिसका सर्वे आरम्भ हो गया है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों में अपराधगढ़ की संज्ञा से नवाजने वाला शहर आज शांति और अमन का पैगाम दे रहा है। पत्रकारवार्ता में भाजपा के मीडिया प्रभारी राघवेन्द्र शुक्ल भी मौजूद रहे।

## चार के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा

**प्रतापगढ़।** जमीनी विवाद में हुई मारपीट की घटना को लेकर कोतवाली पुलिस ने चार आरोपितो के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत कई गंभीर धाराओं मे मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के खालसा सादात निवासी कपूरचंद्र जायसवाल पुत्र उमाशंकर जायसवाल ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि जमीन के विवाद को लेकर बीते चैबीस फरवरी की शाम पांच बजे पडोसी सुरेश व राजू पुत्रगण स्व. श्यामशंकर जायसवाल, आशादेवी पत्नी ओमप्रकाश तथा इनकी पुत्री प्रिया जायसवाल शाम करीब पांच बजे एक राय होकर उसके दरवाजे पर पहुंचे और गालीगलौज करने लगे। मना करने पर आरोपितो ने घर मे घुसकर पीडित के भाई दिलीप व भाभी पिंकी पर जान से मारने की नीयत से धारदार हथियार से हमला कर लहूलुहान कर दिया।

# सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में मैरी एवं जीसस के बच्चो ने लहराया परचम

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर स्थित मदर मैरी एवं जीसस कान्वेंट स्कूल के बच्चो ने सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में परचम लहराया। शनिवार को विद्यालय परिवार ने परीक्षा में सफल चार मेधावियों की सफलता पर सम्मान समारोह का आयोजन किया। प्रवेश परीक्षा मे विद्यालय के छात्र विपिन वर्मा रामपुर बावली, सतीश सरोज खालसा सादात, आर्या सिंह गौराडांड तथा निहाल सिंह का पुरवा की प्राची मौर्या ने उत्कृष्ट अंको के साथ सफलता का परचम लहराया है। मेधावियो ने सफलता का श्रेय प्रबंधक मनोज कुमार सिंह व प्रधानाचार्य शबाना खॉन एवं शिक्षको की मेहनत के साथ करायी गयी तैयारी व बेहतर शैक्षिक माहौल को दिया। सफलता पर विद्यालय मे आयोजित सम्मान समारोह में चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी व प्रबंधक मनोज कुमार सिंह ने सफल मेधावियो को शाल तथा प्रमाण पत्र एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया। इस मौके पर शिक्षक सुनील यादव, शिवशंकर सिंह, मनीषा सिंह, गुंजन शुक्ला, उज्वल सिंह, अनूप विश्वकर्मा, ओम यादव, नसरीन बानो, अर्चना विश्वकर्मा, प्रतिमा सिंह, शुभी जायसवाल व प्रदीप सिंह आदि रहे।



सैनिक स्कूल मे प्रवेश पाने वाले मेधावीगण।

## शिकायतों के निस्तारण में खाकी के फिसडडीपन पर भड़के एएसपी, तीन का हुआ निस्तारण

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज प्रतापगढ़।** थाना समाधान दिवस में दस शिकायतो मे तीन शिकायतो का निस्तारण किया गया। लालगंज कोतवाली मे समाधान दिवस मे आयी शिकायतो की सुनवाई जिले के अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी रोहित मिश्र व एसडीएम उदयभान सिंह ने किया। अपर पुलिस अधीक्षक रोहित मिश्र शिकायतो की सुनवाई करते हुए छोटे मोटे विवाद पर मातहतो की लापरवाही देख भडक उठे। एएसपी ने थाने मे मौजूद उप निरीक्षको को आगाह किया कि थाने पर आने वाली प्रत्येक शिकायतो का यदि मौके के निरीक्षण के तहत समाधान न होने की शिकायत मिली तो दोषियो के खिलाफ वह एसपी को दण्डात्मक कार्रवाई की संस्तुति करेंगे। एएसपी ने जमीनी विवादो मे पुलिसकर्मियो को प्रत्येक दशा मे राजस्व विभाग की उपस्थिति मे उभयपक्षों को समझा बुझाकर समाधान कराए जाने को भी कहा। वहीं एसडीएम उदयभान सिंह ने जमीनी विवाद से जुडे मामलो की सुनवाई करते हुए समाधान के लिए राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीमों का गठन किया। समाधान दिवस मे एक फरियादी फिरोजाबाद से पहुंचा और उसने अपनी पत्नी को स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के युवक पर भगाकर ले आने का आरोप लगाने लगा।

# केदारनाथ गुप्ता के निधन पर व्यापार मण्डल ने जताया शोक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी के बड़े भाई प्रतिष्ठित व्यवसाई स्वर्गीय केदारनाथ गुप्ता के निधन पर प्रांतीय उपाध्यक्ष राम शंकर जायसवाल के अध्यक्षता में उन्हीं के बाबागंज स्थित प्रतिष्ठान पर एक शोकाकुल श्रद्धांजलि बैठक संपन्न हुई। बैठक का संयोजन वरिष्ठ उपाध्यक्ष लखन बाबा ने और संचालन जिला महामंत्री संजय सोनी ने किया।

शोकाकुल बैठक में स्वर्गीय केदारनाथ गुप्ता के साथ ही बजाजा रोड व्यवसाई बाबूभाई (लैंडलॉर्ड) व सिनेमा रोड

### बाबागंज प्रतिष्ठान पर हुई श्रद्धांजलि बैठक



श्रद्धांजलि सभा में शोक जताते व्यापार मण्डल के पदाधिकारी।

व्यवसाई मो. अनीस (बबलू) के विगत दिनों अकस्मात निधन पर शोक-संतप्त उपस्थित सभी लोगों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रांतीय उपाध्यक्ष राम शंकर जायसवाल, लखन बाबा, प्रकाश चन्द्र खंडेलवाल, रतन जैन, संजीव आहूजा, संजय सोनी, अख़्तर राइन व अन्य सम्मानित पदाधिकारियों व व्यवसाइयों ने स्व.केदारनाथ के सरल स्वभाव और सर्वोच्च विचार का बखान करते हुए अपने अपने वक्तव्यों में कहा कि उन्होंने अपने परिवार के साथ-साथ अन्य सैकड़ों लोगों के परिवारों का जीवन यापन किया। शोकाकुल बैठक में मुख्य रूप से कृष्ण मोहन केसरवानी, सुरेश चन्द्र केसरवानी, नारायण खंडेलवाल, प्रदीप केसरवानी, शकील अख़्तर, सरदार वसिंदर सिंह, पंकज केसरवानी, सरदार महेंद्र सिंह, अमित केसरवानी, धीरज उपाध्याय, सरदार कुलविंदर सिंह, अली हसन, शुभम जायसवाल, कदीर अहमद, प्रदीप यादव, आशीष सिंह, राकेश केसरवानी आदि अन्य पदाधिकारी एवं व्यापारी बंधु उपस्थित रहे।

## श्रीराम कथा व हनुमान जी की महिमा सुनकर भावविभोर हुए मेधावी

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज प्रतापगढ़।** नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज में हुई श्रीराम कथा मे भगवान श्रीराम के चरित्र एवं महाबली हनुमान के सुन्दर गुणों की कथा सुनकर छात्र एवं छात्राएं तथा अभिवावक भावविभोर हो उठे। शुक्रवार को कथा सुनाते हुए बाल व्यास सिद्धि विनायक जी महराज ने कहा कि युवा वर्ग को भगवान श्रीराम के त्याग तथा सहनशीलता व लक्ष्य के प्रति साधना से सीख लेनी चाहिए। वहीं उन्होने कहा कि हनुमान जी महराज ने प्रभु के प्रति निश्छल समर्पण के साथ बल का प्रयोग आतताईयों के संहार मे किये जाने का मार्ग प्रशस्त किया। प्रधानाचार्य रामअवधेश मिश्र के संयोजन मे शिक्षको ने कथाव्यास का माल्यार्पण एवं विद्यालय परिवार की ओर से अंगवस्त्रम व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सारस्वत सम्मान किया। प्रदोष नारायण सिंह ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस मौके पर आचार्य विनोद कुमार त्रिपाठी, रामकृष्ण ओझा, उमेश पाल मिश्र, शिवदर्शन मिश्र, प्रभाकर नाथ शुक्ल, केशवराम ओझा, लालचंद्र पाण्डेय, शिवदीप शुक्ला, प्रमोद त्रिपाठी, रामशिरोमणि मिश्र, बृज बिहारी मिश्र, जयप्रकाश पाण्डेय, रवीन्द्र यादव, अनिल मिश्र, हरिकेश बहादुर सिंह, शिवानंद मिश्र, गौरीशंकर तिवारी, धर्मराज पाण्डेय, हर्षद शुक्ल, सूबेदार सिंह आदि रहे।

# महिलाओं पर जारी है उत्पीड़नः रिबू

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निदेर्शानुसार शनिवार को सुबह 11.00 बजे समाजवादी पार्टी कार्यालय मीराभवन पर रीबू श्रीवास्तव प्रदेश अध्यक्ष समाजवादी महिला सभा का भव्य स्वागत किया गया।

नि. महिला जिला अध्यक्ष महिमा गुप्ता और पूर्व ब्लाक प्रमुख शांति सिंह महिला कार्यकताओं के साथ माला पहनाकर उनका स्वागत किया। इस समाजवादी महिला सभा की बैठक में रिबू श्रीवास्तव महिलाओं के ऊपर उत्पीड़न की बात की और आज की महिला विरोधी सरकार के बारे में बताया और उन्होंने यह बात कही कि महिलाएं ही हर घर की



रिब श्रीवास्तव का स्वागत करती महिला कार्यकत्रियां।

पहली अध्यापक, माता और सभ्य समाज के बारे में बताती है परंतु इस सरकार में महिलाओं के ऊपर आए दिन उत्पीड़न, बलात्कार जैसे वारदात किए जा रहे हैं। हम सभी लोगों को एकत्र होकर इस दमनकारी सरकार को उखाड़ फेंकना है और एकजुट होकर समाजवादी पार्टी के साथ खड़ा रहना है। इस अवसर पर समाजवादी निवर्तमान जिलाध्यक्ष छविनाथ यादव, ऊषा सिंह, उर्मिला यादव, अनुप्रिया, रीता गुप्ता, आशुतोष पांडे, गुलफाम खान, शमीम खान, विनय सिंह, इरफान खान, राज बहादुर पटेल, निसार अहमद, निवर्तमान मीडिया प्रभारी वकार अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

## किशोर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, पुलिस ने पीएम के लिए भेजा शव

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।।** लीलापुर थाना क्षेत्र के रामपुर भेड़ियानी गांव मे शनिवार की सुबह एक किशोर का शव घर के अंदर फांसी के फंदे से झूलता देख परिजनो मे हडकंप मच गया। जानकारी होने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। परिजनो ने मृतक को मनोरोगी बताया है।

लीलापुर थाना क्षेत्र के रामपुर भेड़ियानीं गांव निवासी जगत वर्मा का छोटा पुत्र मोनू वर्मा काफी समय से मानसिक रूप से विक्षिप्त था। परिजनों के अनुसार बीती शुक्रवार की रात खाना खाने के बाद वह कमरे मे जाकर सो गया। शनिवार की सुबह काफी देर तक मोनू कमरे से बाहर नही निकला तो खोजबीन करते घर के लोग कमरे मे पहुंचे। मोनू को फांसी के फंदे से झूलता देख लोग आवाक रह गये। चीखपुकार सुनकर घर के अन्य सदस्य भी कमरे मे पहुंच गये। शोर सुनकर ग्रामीण भी बडी संख्या मे जुट गये। परिजनो ने पुलिस को बिना सूचना दिये ही फांसी के फंदे पर झूल रहे शव को नीचे उतार कर अंतिम संस्कार की तैयारी करने लगे। इसी बीच किसी ग्रामीण ने घटना की सूचना पुलिस को दे दी। सूचना मिलते ही लीलापुर पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पंचनामा कर उसे पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवा दिया। थानाध्यक्ष सुभाष यादव का कहना है कि मृतक की मां शिवकली ने दी गई इत्तेफाकिया तहरीर मे मृतक मोनू को मनोरोगी बताते हुए उसके द्वारा आत्महत्या किये जाने की बात कही है। पीएम रिर्पोट आने पर मौत के सही कारणों की जानकारी हो सकेगी।

## वीएल,वीपी ट्रेन 28 मार्च तक रद्द, मुसाफिरों की मुश्किलें बढ़ीं

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ से सुबह पांच बजे वाली वीपी पैसेंजर और शाम को साढ़े चार बजे बनारस जाने वाली वीएल पैसेंजर ट्रेन को अब 28 मार्च तक के लिए रद्द कर दिया गया है। इसके पहले 28 फरवरी तक दोनों का निरस्तीकरण किया गया था। जिसे बढ़ाकर अब 28 मार्च कर दिया गया है। पैसेंजर ट्रेनों के सहारे बनारस जाने और आने वाले मुसाफिरों के लिए यह अच्छी खबर नहीं है। प्रतापगढ़ से डेली बनारस जाने वाली दो पैसेंजर गाड़ियां वीएल और वीपी को कोहरे की वजह बताकर एक जनवरी से 28 फरवरी तक रद्द किया गया था। कुछ ही दिनों बाद दोनो ट्रेनों का संचालन शुरू हो जाएगा। यह सोचकर राहत की सांस लेने वाले मुसाफिरों के लिए फिर से सफर की समस्या आ गई हैं। वे इन्हीं दोनो ट्रेनों के चलने का वे इंतजार कर रहे थे उसके निरस्तीकरण की सूचना आ गई है। एसएस के अनुसार वीपी और वीएल पैसेंजर ट्रेन को 28 मार्च तक के लिए रद्द कर दिया गया है।बनारस यार्ड में ट्रैक का काम होना हैं। इस वजह से ऐसा किया गया है।

## पुलिस ने 14 दिन बाद कब्र से शव को निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**प्रतापगढ़।**पुलिस ने एक युवक को शव को 14 दिन के बाद कब्र से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। पुलिस ने यह कार्यवाही परिजनों की तहरीर मिलने के बाद डीएम के आदेष पर की है। यह खबर पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

जिले के दिलीपपुर थाना क्षेत्र के बशीरपुर गांव के रहने वाले दो युवक इंद्रदेव व रामलखन मजदूरी का कार्य करते थे। रानीगंज थाना क्षेत्र के चैहर्जन धाम सई पुल के पास अज्ञात वाहन ने युवकों की बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर मारकर घायल कर दिया था। गंभीर हालत में जिला अस्पताल से प्रयागराज स्वरूपरानी में इलाज के दौरान एक युवक इंद्रदेव की मृत्यु हो गई थी, वहीं दूसरे युवक रामलखन का इलाज अभी स्वरूपरानी में चल रहा है। मृतक के परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया था। इसके बाद जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल व पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल को प्रार्थना पत्र देकर मुकदमा पंजीकृत कर शव का पोस्टमार्टम कराने का निवेदन किया गया था जिसके बाद अधिकारियों के आदेश मिलने पर 14 दिन बाद शनिवार को रानीगंज उपजिलाधिकारी एसएचओ रानीगंज व पुलिस टीम ग्राम प्रधान व परिजनों की उपस्थिति में शव को कब्र से खुदवाकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजकर अग्रिम कार्यवाही की गई। दोबारा पोस्टमार्टम की खबर सुनकर गांव वालो की भारी भीड़ जमा हुई।

# चुनाव का बिगुल बजते ही वकीलों के चेहरे पर खुशी, शुरू हुई सरगर्मी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** तहसील मे शनिवार को संयुक्त अधिवक्ता संघ के आगामी चुनाव का विगुल बजने से चुनावी सरगर्मी शुरू हो गयी दिखी।

तहसील सभागार मे अधिवक्ताओं की आम सभा मे संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने संघ के पदाधिकारियों के चुनाव कराए जाने का ऐलान किया। इसका वकीलो ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। आम सभा मे आगामी सोमवार तक चुनाव समिति के भी गठन किये जाने को लेकर आम सहमति बनीं।

संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी ने साथियों का कार्यकाल मे मिले सहयोग का आभार जताते हुए सामूहिक एकता की मजबूती पर जोर दिया। बैठक का संचालन पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। पूर्व अध्यक्ष राममोहन सिंह व पूर्व अध्यक्ष देवी प्रसाद मिश्र तथा पूर्व महामंत्री संदीप सिंह ने चुनाव कार्यक्रमों को लेकर अपने सुझाव रखे। इस मौके पर उपाध्यक्ष बीके तिवारी, विकास मिश्र, घनश्याम मिश्र, विपिन शुक्ल, संतोष पाण्डेय, बाबा नरेन्द्र ओझा, आशीष तिवारी, उमाशंकर मिश्र, ओपी जायसवाल, राजेश तिवारी, शिवप्रसाद यादव, रामअभिलाष यादव, बृजेन्द्र पाण्डेय मंटू, हरिश्चंद्र पाण्डेय, राजीव तिवारी, सुशील शुक्ल, रामकिंकर शुक्ल, रवीन्द्र नाथ तिवारी, भास्कर शुक्ल, सुमित त्रिपाठी, सुरेश मिश्र, विनोद मिश्र आदि अधिवक्ता रहे। इधर वकीलो के संघ के चुनाव की घोषणा होते ही तहसील परिसर मे चुनावी सरगर्मी भी शुरू हो उठी दिखी। विभिन्न पदों के संभावित दावेदारों का समर्थको के साथ चुनावी माहौल को लेकर मंथन भी अधिवक्ता शेडो मे देखा गया।

# दोहरीकरण कार्य में लापरवाही दो पीडब्ल्यूआई को मिली चार्जशीट

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** ट्रैक दोहरीकरण के कार्य में लापरवाही बरतने पर चीफ पीडब्ल्यूआई अजय आनंद और सेक्शन पीडब्ल्यू आई जितेंद्र कुमार को सीनियर डीएनटू ने चार्ज शीट थमाई है। खास बात यह है कि आरोप पत्र पाने के बाद भी दोनो कर्मचारी काम से पीछे नहीं हटे।

दरअसल, प्रतापगढ़ से अंतू के बीच ट्रैक दोहरीकरण चालू है। जिसके अंतर्गत नई लाइनें बिछाई जा रही है। दो दिन पहले कार्य की प्रगति जानने एडीआरएम अश्वनी श्रीवास्तव और सेफ्टी के अधिकारी प्रतापगढ़ आए थे। डीआरएम कार्यालय के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार निरीक्षण के समय बिछाई जा रही नई लाइनों का डेटा अधिकारियों ने चीफ पीडबल्यू आई अजय आनंद से मांगा, जो वो दिखा नहीं पाए। इसके अलावा जगेसरगंज स्टेशन के पास दो लाइनों के बीच गैप मानक से अधिक पाया गया। इससे ट्रैक फैक्चर की संभावना बढ़ जाती हैं। जो दुर्घटना में भी बदल सकती हैं। यह इलाका पी डब्लू आई जितेंद्र कुमार का है। अधिकारियों का कहना है कि दोनो ही मामले में लापरवाही देखने को मिली। इस वजह से दोनो कर्मचारियों को चार्ज शीट दी गई है।

### ट्रैक में गड़बड़ी मिलने और डेटा उपलब्ध न होने से खफा डीएन टू ने गिराई गाज

## खबर संक्षेप

### प्रतिबंधित मांगुर मछली का पांच टन पुलिस ने पकड़ा बीज

**कोखराज कौशाम्बी।** प्रतिबंधित मछली के बीज को लेकर वाहन नंबर एचआर 67 बी 6997 से जा रहे चालक को कोखराज थाना पुलिस ने रोक कर जांच पड़ताल की है मछली लेकर जा रहे वाहन की जांच के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि इस वाहन में मांगुर मछली का बीज लेकर वाहन चालक जा रहा है। सूचना पर पुलिस ने जांच पड़ताल की जिसमें मांगुर मछली का बीज था। पुलिस ने बताया कि मांगुर मछली का बीज प्रतिबंधित है। सीओ ने बताया कि पकड़े गए वाहन में 5 टन मांगुर मछली का बीज मिला है। मोंगरा निवासी शंभू समर्थ को पुलिस ने हिरासत में लेकर कार्यवाही शुरू कर दी है।

**दुष्कर्म के दो वांछित अभियुक्तों गिरफ्तार : कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त दिलीप कुमार पुत्र मोतीलाल पटेल निवासी तिवारा थाना पूरामुफ्ती जनपद प्रयागराज को असवा तिराहे से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है इसी प्रकार थाना सराय अकिल पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त परमेश कोरी उर्फ प्रमोद पुत्र रामसजीवन निवासी पूरे घासीराम मजरा बसुहार थाना सराय अकिल को कूरा पेट्रोल पम्प के पास से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# ट्यूबबेल के गड्ढे में फिसल गिरने से बालक की मौत

## गांव हर घर जल योजना के तहत पाइप लाइन बिछाने के कार्य में लगे ठेकेदार व अधिकारियों की लापरवाही के चलते हुई मौत

अखंड भारत संदेश

**करारी कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के पिपरकुंडी गांव में ट्यूबवेल के गड्ढे में फिसल कर गिर जाने से एक बालक की मौत हो गई है बच्चे की मौत की जानकारी मिलने के बाद ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया मामले की सूचना परिजनों ने पुलिस को दिया है भारत सरकार द्वारा गांव गांव हर घर जल योजना के तहत पाइप लाइन बिछाने के कार्य में लगे ठेकेदार और अधिकारियों की बड़ी लापरवाही के चलते बच्चे की मौत हुई है जानकारी के मुताबिक शिव नारायण पुत्र तीरथ लाल मौर्या निवासी पिपरकुंडी थाना करारी का लड़का राज उम्र करीब 7 वर्ष शुक्रवार की शाम को घर के सामने खेल रहा था खेलते खेलते बच्चा ट्यूबवेल के गड्ढे में फिसल कर गिर गया जिससे गड्ढे में भरे पानी में बच्चा डूब गया जल निगम के ठेकेदारों द्वारा खोदे गए गड्ढे के पानी में डूब जाने से बच्चे की तड़प तड़प कर मौत हो गई बच्चे की मौत की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया आसपास के लोग भी मौके पर पहुंचे और लोगों में जल निगम के ठेकेदार और अधिकारियों के प्रति जबरदस्त आक्रोश फैल गया मामले की सूचना परिजनों ने थाना पुलिस को दी है थानाध्यक्ष करारी ने बताया कि सूचना को दर्ज कर पुलिस अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही कर रही है।



बालक की मौत की जानकारी के बाद घर पर लगी लोगों की भीड़

### ठेकेदार की लापरवाही बनी बच्चे की मौत का कारण

**करारी कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र के पिपर कुंडी गांव में शिवनारायण के 7 वर्षीय पुत्र राज की गड्ढे में गिरकर मौत हो गई है इस मामले में जल निगम का पाइप लाइन डालने वाले अधिकारियों और ठेकेदारों की बड़ी लापरवाही उजागर हुई है बोरिंग करते वक्त ठेकेदारों ने गड्ढा खोद दिया है और बोरिंग होने के बाद गड्ढे को मिट्टी डालकर समतल नही किया गया है छोटे मासूम बच्चे आसपास खेल रहे थे और अचानक गड्ढे में गिर गए जिससे मासूम बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई ठेकेदार की लापरवाही के चलते गांव के लोगों में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है आक्रोशित लोगों का कहना है कि नियम विरुद्ध तरीके से गांव क्षेत्र में गड्ढे में बिना मिट्टी डालें गायब हो जाने वाले जल निगम के अधिकारी और ठेकेदार बच्चे की मौत के जिम्मेदार हैं ग्रामीणों का कहना है कि बच्चे की मौत के मामले में पाइप लाइन डालने में लगे अधिकारियों और ठेकेदार पर मुकदमा दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी कराई जाए बताते चलें कि जिले के अन्य तमाम गांव क्षेत्र में भी जल निगम के ठेकेदारों द्वारा पाइप लाइन डालने के समय बोरिंग के लिए गड्ढा खोदकर उसे बिना समतल किए छोड़ दिए गए हैं जिससे अन्य क्षेत्र में भी इस तरह के हादसे की सम्भावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

### बृजेश मेमोरियल अस्पताल में प्रत्येक रविवार महिला रोग विशेषज्ञ देखेगी मरीज

**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी अंतर्गत मेहता रोड स्थित बृजेश मेमोरियल अस्पताल में रविवार को लखनऊ से प्रशिक्षित स्त्री रोग विशेषज्ञ उम्र फरा पाठक महिला मरीजों की जांच और इलाज करेंगी अस्पताल के चिकित्सक ने बताया कि भरवारी सहित पूरे जिले की बीमार महिलाएं रविवार को 11:00 से 5:00 तक अस्पताल परिसर में स्त्री रोग विशेषज्ञ चिकित्सक को अपना मर्ज दिखाकर जांच और इलाज करा सकती हैं उन्होंने बताया कि जांच और इलाज में नाम मात्र का शुल्क लिया जाएगा उन्होंने बताया कि यह सुविधा मरीजों को प्रत्येक रविवार को मिलेगी

**निरोधात्मक कार्यवाही में 09 अभियुक्त गिरफ्तार : कौशाम्बी** जनपद में अपराध के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना करारी से एक थाना सैनी से पांच कुल छः अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

## न्यूज झरोखा

### शिकायती पत्र लेकर थाना समाधान दिवस में उमड़े फरियादी



**कोखराज कौशांबी।** शनिवार को थाना समाधान दिवस के आयोजन के अवसर पर कोखराज थाना में शिकायती पत्र लेकर फरियादियों की भीड़ लगी रही थाना समाधान दिवस का आयोजन क्षेत्राधिकारी सिराथू केजी सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया था जहां तमाम फरियादियों ने शिकायती पत्र देते हुए बताया कि पूर्व में उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ है कई विवादित जमीनों के कब्जे की शिकायत लेकर थाना समाधान दिवस में फरियादी पहुंचे हैं जिस पर क्षेत्राधिकारी ने विवादित जमीनों पर कब्जे को रोकने का निर्देश अधीनस्थों को दिया है कोखराज में आयोजित थाना समाधान दिवस में सीओ सिराथू की अध्यक्षता में फरियादियों की फरियाद को सुना गया और मौके पर जा कर शिकायती पत्रों का निस्तारण करने का आदेश लेखपाल और पुलिस जवानों को दिया गया विवादित जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत पर उसे तत्काल रोकने का निर्देश क्षेत्राधिकारी ने दिया है थाना समाधान दिवस के अवसर पर एसओ कोखराज तेज बहादुर सिंह ,महेंद्र सिंह,भोला यादव,आशीष लेखपाल कानून गो ,अनिल अग्रहरि ,सुमित,मान सिंह,अमन सिंह,रितेंद्र सिंह,साधना सिंह,दिलीप सिंह,सहित लोगों की उपस्थित रही।

### प्रयागराज में उमेश पाल हत्याकांड को लेकर कौशाम्बी पुलिस अलर्ट

#### देर रात जिले के बॉर्डर पर बैरिकेडिंग कर पुलिस बल द्वारा की गई सघन चेकिंग



**कौशाम्बी।** प्रयागराज जिले में बीएसपी विधायक राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल को शुक्रवार के दिन उसके घर के बाहर गोली और बम मारकर उमेश पाल और उसके एक अंगरक्षक की हत्या कर दी गई,हमले में एक गनर भी गंभीर घायल है,जिसके बाद प्रयागराज सहित पड़ोस के सभी जनपदों में एलर्ट जारी कर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया है ।कौशाम्बी जिले में शान्ति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को प्रभावी व सुदृढ़ बनाए रखने हेतु एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस बल के साथ मंझनपुर चौराहा, समदा चौराहा, भरवारी, मूरतगंज व कोइलहा,पिपरी थाना क्षेत्र के कटहुला (कौशांबी व प्रयागराज बॉर्डर) एवं जनपद बॉर्डर पर बैरियर लगवाकर प्रभावी तरीके से रात्रि सघन चेकिंग की। एसपी ने रात्रि चेकिंग के दौरान, ढाबों और संदिग्ध व्यक्तियों, संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की एवं संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी कार्यालय, थाना प्रभारी संदीपन घाट व रडक्षप्रभारी एवं अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### स्वाभाविक मृत्यु से अधिक सड़क दुर्घटना में होती है मृत्यु : एआरटीओ




**कौशाम्बी।** महामाया राजकीय महाविद्यालय कौशांबी के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर यूसुफपूरराहा प्राथमिक विद्यालय में तीसरे दिन का शुभारंभ राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम एवं नोडल अधिकारी डॉक्टर पवन कुमार ने छात्र-छात्राओं द्वारा योगाभ्यास से प्रारंभ कराया ,तत्पश्चात सड़क सुरक्षा विषय पर गांव में जागरूकता रैली तथा स्लोगन दीवार लेखन के माध्यम से गांव वालों में जागरूकता फैलाने का प्रयास किया ।शिविर की एक टीम द्वारा गांव के मंदिर के आसपास साफ सफाई का कार्य किया ।भोजन के उपरांत बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी तारकेश्वर मल्ल ने बताया कि सड़क सुरक्षा नियमों की अनदेखी के कारण भारत में स्वाभाविक मृत्यु से अधिक सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो जाती है । इसके साथ साथ संबंधित विषय पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन गौरव ,अमित ,गुंजन ,नेहा ,शिवचरण ,साधना ,नवीन ,हिमांशु ,बृजेश आदि की टीम द्वारा किया गया। डॉ अमित शुक्ला ने सड़क सुरक्षा संबंधित शपथ दिलवाई। इस अवसर पर डॉक्टर अनिल कुमार ,डॉ अरविंद कुमार ,डॉक्टर नीलम वाजपेई ,डॉक्टर संतोष कुमार, डॉ अजय कुमार ,डॉ नीरज कुमार ,डॉ तरित अग्रवाल ,डॉ भावना केसरवानी, डॉ शैलेश मालवीय गुलाब उदय शंकर ,साहनी ,मानवेंद्र सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।




पीसीएफ कार्यालय का दृश्य

# सरकारी केंद्र में धान बेचने के बाद भुगतान के लिए दौड़ रहे किसान

### 2 महीने बीत जाने के बाद भी किसानों को नहीं मिल रहा है सरकारी धान केंद्र से उनकी उपज का मूल्य, 95 प्रतिशत किसानों को भुगतान किए जाने का अधिकारियों का दावा निकला झूठा

**कौशाम्बी।** सरकारी धान खरीद केंद्रों में धान तौल कराने के 72 घंटे के भीतर किसानों को भुगतान किए जाने का योगी सरकार ने निर्देश तो जरूर दिया है लेकिन योगी सरकार का यह निर्देश जिले में हवा हवाई साबित हो रहा है 72 घंटे की बात तो छोड़िए साहब दो 2 महीने बीत जाने के बाद भी किसानों को उनकी उपज का भुगतान धान खरीद केंद्र के प्रभारी से नहीं मिल पा रहा है अपनी उपज तौल करने के बाद किसान भुगतान के लिए खरीद केंद्र प्रभारी के आगे पीछे चक्कर लगा रहे हैं लेकिन खरीद केंद्र प्रभारी किसानों से सीधे मुंह बात नहीं कर रहे हैं जिससे किसानों के सामने तमाम समस्याएं उत्पन्न हो गई है विभागीय अधिकारी भी किसानों की इन समस्याओं को सुनने को तैयार नहीं है आखिर योगी सरकार के निर्देश के बाद दो 2 महीने तक किसानों की धान उपज का भुगतान खरीद केंद्रों से किसानों को क्यों नहीं किया जा रहा है यह बड़ी जांच का विषय है लेकिन उसके बाद भी विभागीय अधिकारियों से लेकर उच्च अधिकारी धान खरीद केंद्र के केंद्र प्रभारियों की तानाशाही अंधेर गर्दी की जांच कराकर केंद्र प्रभारी को दंडित नहीं कर सके हैं। इतना ही नहीं जिन किसानों के भुगतान केंद्र प्रभारियों ने नहीं किया है उन किसानों को भी भुगतान कराने के प्रति अधिकारियों ने गंभीरता दिखाते हुए किसानों के उपज का भुगतान कराए जाने की कार्यवाही नहीं की है सूत्रों की माने तो जिन किसानों ने केंद्र प्रभारियों को कमीशन के रूप में मोटी रकम दे दी है उन किसानों को धान खरीद केंद्र से उनकी उपज का भुगतान दे दिया गया है लेकिन जिन किसानों ने केंद्र प्रभारियों को कमीशन देने में आनाकानी की है उनकी उपज का भुगतान देने में केंद्र प्रभारी तमाम तरह के ड्रामेबाजी कर रहे हैं पश्चिम शरीरा सहकारी समिति में पीसीएफ का धान खरीद केंद्र खुला है पीसीएफ के धान खरीद केंद्र में सुखराज त्रिपाठी पुत्र छोटेलाल त्रिपाठी निवासी कोरीपुर ने 20 दिसंबर को 56 कुंतल से अधिक धान तौल किया था धान तौल किए जाने के बाद 19 दिनों तक धान तौल की उनकी रसीद नहीं दी गई उनका उपज ऑनलाइन नहीं दर्ज किया गया बड़ी मेहनत परेशानी के बाद 7 जनवरी को सुखलाल त्रिपाठी की उपज का ब्यौरा ऑनलाइन दर्ज कर ली गई है लेकिन उसके बाद भी डेढ़ महीने बीत चुके हैं सुखलाल त्रिपाठी को उनकी उपज का लाखों रुपए का भुगतान नहीं हो सका है सुख लाल त्रिपाठी जैसे जिले में तमाम किसान पीड़ित हैं इस संबंध में पीसीएफ के जिला प्रबंधक से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन पीसीएफ के जिला प्रबंधक फोन नहीं उठाते हैं जिससे उनसे बात नहीं हो सकी है जब किसानों के भुगतान न किए जाने के बाबत डिप्टी आरएमओ से बात की गई तो उन्होंने कहा कि 95 प्रतिशत किसानों का भुगतान हो चुका है।

# विकास प्रदर्शनी के माध्यम से वर्तमान प्रदेश सरकार द्वारा अब तक किये गये विकास कार्यों एवं उपलब्धियों को किया गया प्रदर्शित

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर के डायट मैदान में लगाई गई विकास प्रदर्शनी के माध्यम से वर्तमान प्रदेश सरकार द्वारा अब तक किये गये विकास कार्यों एवं उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया। उ0प्र0 में पॉवर फॉर ऑल के तहत प्रदेश में 1.55 करोड़ घरों को बिजली कनेक्शन एवं उज्ज्वला योजना के तहत 1.4 करोड़ परिवारों को मुक्त गैस कनेक्शन। प्रधानमंत्री स्वामित्व योजनान्तर्गत 35 लाख लाभार्थियों को घरौनी वितरित व प्रधानमंत्री जन-धन योजना के तहत 8.04 करेड़ लोगों के बैंक खाते खुले एवं मनरेगा के अन्तर्गत 163 करोड़ मानव दिवस सृजित। स्वच्छ भारत मिशन के तहत 2.61 करोड़ शौचालयों का निर्माण, 10 करोड़ से अधिक लोग लाभान्वित एवं 189 निकायों में 1100 पिंक टॉयलेट का निर्माण व सभी स्थानीय निकाय ओडीएफ घोषित। देश में सर्वाधिक 05 इंटरनेशनल एयरपोर्ट। सर्वाधिक शहरों में मेट्रो नेटवर्क-05 शहरों में संचालित व 05 शहरों में निमार्णाधीन। प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना के तहत 52.55 लाख मातायें लाभान्वित, 58000 बीसी सखी के चयन का निर्णय एवं 10 लाख स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से एक करोड़ महिलाओं को रोजगार। प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत 45.50 लाख से अधिक परिवारों को आवास एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत 1.08 लाख आवासों का निर्माण तथा मुसहर, वनटागियां एवं कुष्ठ रोगियों के परिवारों को मुक्त आवास। एक जनपद-एक मेडिकल कॉलेज के तहत 65 मेडिकल कॉलेज संचालित, 22 निमार्णाधीन व गोरखपुर एवं रायबरेली में एम्स का संचालन तथा लखनऊ में अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय का निर्माण। किसानां के बैंक खातों में सीधा भुगतान- क्रय केन्द्रों पर बिचौलियां की भूमिका समाप्त, किसानों को एमएसपी का सीधा लाभ, डीबीटी के माध्यम से भुगतान एवं 27 नवीन मण्डी स्थलों का निर्माण। गरीब कल्याण को समर्पित डबल इंजन की सरकार-15 करोड़ लोगों को निःशुल्क राशन एवं अन्त्योदय व पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को 01 जनवरी 2023 से एक वर्ष के लिए निःशुल्क खाद्यान। रोजगार के अवसर अपार, डबल इंजन की सरकार, 5.50 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी तथा 3.50 लाख युवाओ को संविदा पर नौकरी आदि विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओ से सम्बन्धित प्रदर्शनी लगायी गयी डायट मैदान में सूचना विभाग द्वारा प्रदेश सरकार की उपलब्धियों, नीतियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से सम्बन्धित लगायी गई विकास प्रदर्शनी का फीता काटकर सांसद विनोद सोनकर ने शुभारम्भ किया तथा प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए संकल्पित है। यह प्रदर्शनी तीन दिवसीय लगायी गई है, जो आगामी 27 फरवरी तक 2023 तक लगी रहेंगी।





कार्यक्रम में उपस्थित प्रवक्ता

### जीवन कौशल प्रशिक्षण से हम सभी के जीवन में सकारात्मक बदलाव संभव : डायट प्राचार्य

#### जीवन कौशल प्रशिक्षण के पांचवा व अंतिम चरण का हुआ समापन

**कौशाम्बी।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मंझनपुर में पांच दिवसीय जीवन कौशल प्रशिक्षण के पांचवा बैच का समापन हुआ। उक्त प्रशिक्षण का आयोजन राज्य शैक्षिक अनुसन्धान एवं प्रशिक्षण परिषद उत्तर प्रदेश के आदेश के क्रम में उपशिक्षा निदेशक प्राचार्य डायट कौशाम्बी के द्वारा आयोजित कराया गया। उक्त प्रशिक्षण का उद्देश्य विश्व स्वास्थ्य संगठन के द्वारा निर्धारित 10 कौशलों स्वजागरूकता,पारस्परिक सम्बन्ध कौशल, सृजनात्मक चिंतन, समलोचनात्मक चिंतन,समप्रेशन कौशल, समानुभूति कौशल, समालोचनात्मक कौशल आदि की निपुणता पर आधारित था। कार्यक्रम का संचालन संयोजक कौशलेन्द्र मिश्र एवं डॉ वंदना सिंह प्रवक्ता डायट द्वारा किया गया। प्रशिक्षण सत्रों में संदर्भदाता प्रियदर्शनी तिवारी व ऋचा शर्मा द्वारा विभिन्न सत्रों में परिषदीय शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया ।शिक्षकों ने फीड बैक सत्र के दौरान इस प्रशिक्षण को व्यावहारिक,शैक्षणिक एवं जीवनपयोगी बताया गया ।समापन के अवसर पर वरिष्ठ प्रवक्ता रिफत मलिक, भारती त्रिपाठी, डॉ अनिरुद्ध कुमार श्रीवास्तव सहित सभी प्रवक्ता उपस्थित रहे।

# बड़ी संख्या में अनुपस्थिति पाए गए कर्मचारी

अखंड भारत संदेश

### सीडीओ ने किया औचक निरीक्षण

**कौशाम्बी।** डा. रवि किशोर त्रिवेदी मुख्य विकास अधिकारी, कौशाम्बी के निर्देश के क्रम में 24 फरवरी को विकास खण्ड-सरसवॉ, नेवादा, चायल एवं मंझनपुर कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण कराया गया अधिकारियों के निरीक्षण के दौरान बड़ी संख्या में कर्मचारी अनुपस्थिति पाए गए हैं जिस पर उपरोक्त अनुपस्थित पाये गये कार्मिक के सम्बन्ध में डा. रवि किशोर त्रिवेदी मुख्य विकास अधिकारी कौशाम्बी द्वारा एक दिवस का वेतन अवरूद्ध किये जाने के निर्देश सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्ष को दिया गया और विभागाध्यक्ष को यह भी निर्देश दिये गये कि अनुपस्थिति के सम्बन्ध में स्पष्टीकरण प्राप्त कर रिपोर्ट एक सप्ताह के अन्दर कार्यालय में प्रस्तुत करें। सीडीओ ने विकास खण्ड मंझनपुर का आकस्मिक निरीक्षण उपायुक्त(श्रम-रोजगार), कौशाम्बी से कराया, जिसमें विकास खण्ड मंझनपुर कार्यालय में प्रभात सिंह अवर अभियन्ता आर0ई0डी0 सतीश कुमार पाण्डेय, सहायक विकास अधिकारी आई0एस0बी0 आलोक कुमार सिंह सहायक विकास अधिकारी(सहकारिता), सूर्य प्रकाश पाण्डेय सहायक विकास अधिकारी कृषि एवं संतोष कुमार सिंह तकनीकी सहायक अनुपस्थित पाये गये जिन पर कार्रवाई का निर्देश सीडीओ ने दिया है इसी प्रकार खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में भी जय प्रकाश परिचारक हरि प्रकाश शुक्ला लेखाकार, श्रीमती श्रद्धा सिंह स्पे0एजू0 केटर, राजीव कुमार तिवारी अनुपस्थित पाये गये। कार्यवाही के निर्देश सीडीओ ने दिया है। विकास खण्ड सरसवॉ का आकस्मिक निरीक्षण जिला विकास अधिकारी, कौशाम्बी से सीडीओ ने कराया है जिसमें विकास खण्ड सरसवॉ कार्यालय में सतीश कुमार पाण्डेय सहायक विकास अधिकारी (आई0एस0बी0) अनूप कुमार सहायक विकास अधिकारी (सहकारिता) उमेश प्रताप सिंह, सहायक विकास अधिकारी (स0/क0) अरूण कुमार सिंह अवर अभियन्ता अमित कुमार सिंह अवर अभियन्ता लघु सिंचाई अनुपस्थित पाये गये। जिन पर कार्यवाही का निर्देश सीडीओ ने दिया है बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय सरसवॉ में ताला बन्द पाया गया और कोई भी कार्मिक उपस्थित नहीं पाये गये। सीडीओ ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की है इसी प्रकार खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में भी पवन कुमार कार्यालय सहायक अनिल सिंह लेखाकार पुष्कर त्रिपाठी कार्यालय सहायक सुमित गुप्ता अनुपस्थित पाये गये। जिनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के लिए सीडीओ ने निर्देश दिया है। विकास खण्ड नेवादा का आकस्मिक निरीक्षण मुख्य विकास अधिकारी ने जिला बेसिक अधिकारी, कौशाम्बी से कराया जिसमें विकास खण्ड नेवादा कार्यालय में कमलेश कुमार अवर अभियन्ता लघु सिंचाई इन्द्रभान सिंह अवर अभियन्ता, आर0ई0डी0, अनिल कुमार त्रिपाठी सहायक विकास अधिकारी(स0/क0), नीरज मिश्रा सहायक विकास अधिकारी(पंचायत), श्रीमती मधुलिका सिंह सहायक विकास अधिकारी(सहकारिता) विनोद कुमार शर्मा सहायक विकास अधिकारी कृषि गजराज सिंह सहायक विकास अधिकारी (एस0के0) डा0 अफरोज फात्मा वरिष्ठ सहायक अभिषेक क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी नेवादा अनुपस्थित पाये गये। सीडीओ ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। मुख्य विकास अधिकारी ने विकास खण्ड चायल का आकस्मिक निरीक्षण परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण कौशाम्बी से कराया जिसमें विकास खण्ड चायल कार्यालय में रमाकान्त सिंह अवर अभियन्ता लघु सिंचाई रमेश कुमार बी0ओ0 पी0आर0डी0 देवेन्द्र नाथ तिवारी सहायक विकास अधिकारी कृषि, सुरेन्द्र कुमार सहायक लेखाकार, विनोद चन्द्र जीप चायल अनुपस्थित पाये गये। कार्यालय बाल विकास एवं पुष्टाहार चायल में श्रीमती मीरा मिश्रा, श्रीमती शकुन्तला तथा श्रीमती पुष्पा देवी अनुपस्थित पायी गयी। कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी चायल में लक्ष्मीकान्त त्रिपाठी कनिष्ठ सहायक गिरधर दुबे सहायक लेखाकार,अखिलेश कुमार परिचार कृष्ण कुमार तिवारी एस0ई0 , श्रीमती इन्दुबाला एस0ई0 एवं श्रीमती शालिनी सोनकर एस0ई0 अनुपस्थित पायी गयी। कर्मचारियों की बड़ी संख्या में अनुपस्थिति पाए जाने पर सीडीओ ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की है।

# यूनिवर्सिटी के आंख में धूल झोंक कर छात्रों को डिग्री बांटने की तैयारी में जयंतीपुर स्थित डिग्री कॉलेज

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** यूनिवर्सिटी चाहे जितना ही पार्दर्शिता लाने का तरीका अपना ले लेकिन शिक्षा माफियाओं के आगे उसकी एक भी चलने वाली नहीं हैं । शिक्षा माफिया नकल के दम पर अकूत संपत्ति के मालिक हो गए हैं। प्रयागराज जनपद से एक दशक पूर्व चलकर कौशांबी जनपद में शिक्षा के क्षेत्र में कदम रखा था तब उनकी स्थिति किसी फटीचर से कम नहीं थी आज की स्थिति से आकलन किया जाए तो इस शिक्षा माफिया की। औकात करोड़ों में हो चुकी है। समाज में कहने के लिए तो यह शिक्षण संस्थान चलाकर भारत का भविष्य तैयार कर रहे हैं। और समाज की नई जनरेशन को शिक्षा प्रदान करने का पुण्य जैसा काम कर रहे हैं लेकिन यहां पर यह कहना बहुत ही गलत होगा तथा इस डिग्री कॉलेज के भूमि पृष्ठ पर गहन विचार किया जाए तो यह हमारे समाज के बच्चों का भविष्य नहीं तैयार कर रहे हैं बल्कि उन्हें शिक्षा तक नहीं पहुंचने दे रहे हैं बल्कि उनका भविष्य चौपट करने जैसी व्यवस्था इस कॉलेज मैनेजमेंट द्वारा बनाई गई है। जिसे आप को इन बिंदुओं पर विचार करना लाजमी होगा कि अभिभावकों द्वारा अपने बच्चों का भविष्य बनाने के लिए माता पिता इन शिक्षा संस्थानों मे फीस के रूप में मोटी रकम खर्च करने मे कोई संकोच नहीं किया करते है लेकिन हमारे बच्चे इंटर कि परीक्षा के पास होते ही जैसे ही बीए, बीएससी, जैसे अन्य डिग्री, कोर्स, के लिए आगे बढ़ते हैं वैसे ही उन्हें, इन कॉलेज के द्वारा अपंग बना दिया जाता है। और फीस पूरी लेते हुए भी जयंतीपुर स्थित डिग्री कॉलेज ना तो बच्चों की क्लास चलाता है और ना ही उनसे किसी प्रकार की फीस मे कमी करता है बल्कि अधिक से अधिक फीस वसूलने की तरकीबें बच्चों पर इस्तेमाल करता है। जिससे हमारे बच्चों का भविष्य चौपट हो जाता है साथ ही साथ हमारे पढ़े लिखे बच्चे अनपढ़ बने रहते हैं । और हमारे बच्चों के पास अनुभव के अलावा समस्त डिग्रियां रहा करती है जिस डिग्री से नाही नौकरी कर पाते हैं और ना ही आगे का भविष्य ही देख पाते हैं लास्ट में उनका भविष्य दिल्ली पंजाब अहमदाबाद मुम्बई जैसे महानगरो जाकर किसी पूंजीपति के यहां जीवका उपार्जन करना ही रह जाता है यूनिवर्सिटी ने इन कॉलेजों को नए आदेश दे कर शिक्षा माफिया को धन कमाने तथा छात्रों के शोषण करनें का अवसर दे दिया है।

### छात्र का हो रहा शोषण...

**कौशाम्बी।** विश्व विद्यालय के आदेश को मानते हुए जयंतीपुर स्थित कॉलेज वाइबा परीक्षा के माध्यम से छात्रों का शोषण करना प्रारम्भ कर दिया है जिसका ताजा मामला 21 फरवरी के बीते मंगलवार को प्रकाश में आया है जहां पर जयंतीपुर स्थित डिग्री कॉलेज विश्वविद्यालय के आदेश से वाइबा कि। विश्वविद्यालय अभिलेख के कोरम को पूरा करने के लिए कराई है जिस परीक्षा में छात्रों से सुविधा शुल्क लेकर शादी कॉपी में छात्रों से हस्ताक्षर बनवा कर कोरम को पूरा कर लिया है जिसकी चर्चा लोगों के बीच आम हो रही है लोगों का कहना है कि ऐसे भ्रष्टाचार में लिप्त शिक्षा माफिया के डिग्री कॉलेज पर मैनेजमेंट को समाप्त करने की कार्रवाई जिला अधिकारी को करनी चाहिए जिससे छात्रों का भविष्य बर्बाद होने से बच सके और शासन के आदेश की भी मयार्दा बनी रह सके।

### भक्ति से मनुष्य को मिलती है मुक्ति : बटुक जी महाराज

**कौशाम्बी।** अघोरी बाबा आश्रम कैमा धमावा में चल रही नौ दिवसीय श्रीरामकथा के दूसरे दिन चित्रकूट धाम से पधारे श्रीराम कथावाचक बटुक जी महाराज ने कहा कि भक्ति से मनुष्य को मुक्ति मिलती है। आगे कहा कि भक्ति से मनुष्य का जीवन सार्थक और पवित्र होता है। मनुष्य सन्मार्ग और सद्गति को प्राप्त होता है। इस अवसर पर बटुक जी महराज ने कहा कि श्रीरामकथा के श्रवण करने से मनुष्य के पाप कट जाते हैं और मनुष्य परमगति को प्राप्त होता है। कहा कि रामकथा ताकर दृढ़ नावा... इस अवसर पर श्रीराम महायज्ञ का कार्यक्रम भी आयोजित हुआ जिसमे अंतर्जनपदीय यज्ञाचार्य ने लोक मंगल एवं जनकल्याण की भावना से यज्ञ कार्य संपन्न किया। अघोरी बाबा आश्रम के महंत त्यागी जी महाराज के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र के कई गांव के लोग बड़े ही उत्साह के साथ श्रीराम कथा का श्रवण कर रहे हैं एवं श्रीराम महायज्ञ में बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं। कार्यक्रम के दूसरे दिन प्रमुख से शिवदास जी महाराज, सेवादास जी महाराज, मनोहर दास जी महाराज, ओंकार दास जी महाराज, अजय सोनी, प्रेम सिंह पटेल प्रधान, रवि सिंह, राधे साहू, सचिन सिंह, जीवन सिंह, आनंद कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# सांसद ने 60 दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राई साईकिल किया वितरित

**कौशाम्बी।** सांसद विनोद सोनकर ने विकास भवन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में 60 दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राई साईकिल वितरित किया सांसद ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज 60 दिव्यागजनो को मोटराइज्ड ट्राई साईकिल वितरित किया गया है। उन्होंने शेष रह गये जनपद के दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राई साईकिल के साथ ही अन्य सभी दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग/सहायक उपकरणों से लाभान्वित कराये जाने के लिए जनपद में ब्लॉकवार कैम्प का आयोजन कराने के निर्देश दियें। उन्हांने कहा कि दिव्यांगजनों को आगामी 07, 08 एवं 09 अप्रैल 2023 को आयोजित होने वाली कौशाम्बी महोत्सव में भी कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण से लाभान्वित किया जायेंगा। उन्होंने कहा कि सभी पात्र दिव्यांगजनों को प्रधानमंत्री आवास योजना से भी लाभान्वित किया जायेंगा तथा केंद्र व प्रदेश सरकार की मंशा है कि दिव्यांगजनों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए अधिक से अधिक जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जाय सासंद ने केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा सभी पात्र लोगों को शौचालय की सुविधा उपलब्ध करायी गई, उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन दिया गया एवं आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क रू0 5 लाख तक इलाज की सुविधा उपलब्ध करायी जा रहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में केन्द्र व प्रदेश सरकार महिलाओं, किसानों, मजदूरों एवं गरीबों तथा समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी अभिषेक उपाध्याय ने बताया कि मोटराइज्ड ट्राई साईकिल के लिए कुल 180 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए थे, बजट की उपलब्धता के अनुसार कुल 60 मोटराइज्ड ट्राई साईकिल का वितरण सासंद द्वारा किया जा रहा है इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेन्द्र सोनकर एवं जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अश्विनी कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण एवं लाभार्थीगण उपस्थित रहे।



ट्राई साइकिल मिलते ही दिव्यांग जनों के खिले चेहरे

संपादकीय

## कर्ज से कराहता पाकिस्तान

पड़ोसी देश पाकिस्तान आज भारी कर्ज व अभूतपूर्व मंहगाई के बेहद कठिन दौर से गुजर रहा है। यद्यपि पाकिस्तान सरकार इससे मुक्ति पाने के लिए कुछ कदम उठा रही है लेकिन यह कदम पाकिस्तान को इस भंवरजाल से उबारने के लिए नाकाफी हैं। कहा जाता है कि बुरे समय में एक के बाद एक सभी अपका साथ छोड़ कर चले जाते हैं और यही हाल इस पाकितान का हो रहा है धीरे धीरे विश्व के सभी देश उससे किनारा कर रहे हैं । इन परिस्थितियों में भी पाकिस्तान के राजनेता, सेना, आई.एस.आई सुधरने का नाम नहीं ले रहे, कश्मीर-कश्मीर का गाना और आतंक को पनाह देना आज भी इससे अलग हट कर वो कुछ सोच नहीं सकते। वहीं आंतरिक स्तर पर अल्पसंख्यकों का जीवन दूभर है । हिन्दू बच्चियों का अपहरण, धर्मान्तरण, मार पीट, मंदिरों को नष्ट करना यह पाकिस्तान के दैनिक समाचार हैं ।कश्मीर की चाहत के नाम पर भारत की धरती पर खून की होली खेलने वाले खूंखार आतंकवादी पाकिस्तान की सड़कों पर खुले आम घूम रहे हैं और वो दुनिया की आंखों में धूल झोंकने के लिए अपने यहां टीवी चैनलों पर रिपोर्टिंग प्रतिबंधित कर रहा है। विगत दिनों पाक के रक्षा मंत्री ख्वाजा मोहम्मद आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान पहले ही दिवालिया हो चुका है ।हम सब एक डिफाल्टर हो चुके देश में रह रहे हैं।पाक की आर्थिक तंगी को लेकर रक्षा मंत्री ने यहां तक कह दिया कि अब आईएमएफ भी हमारी मदद नहीं कर सकता।हमें खुद ही इसका समाधान खोजना होगा। आसिफ ने इमरान की सरकार पर देश में आतंकियों को पनाह देने के आरोप लगाए जबकि वास्तविकता यह है कि पाकिस्तान आतंकियों का पनाहगार व संरक्षण दाता अपने जन्म काल से ही हो गया था। पाकिस्तान के हालात वाकई बहुत खराब हैं। महंगाई बहुत बढ़ गई है, पेट्रोल 272 तथा डीजल 281 रुपये लीटर मिल रहा है। रसोई गैस का सिलेंडर 3400 रुपए का आकंड़ा पार कर चुका है। पाकिस्तान के धनाड्य लोग प्रायः वहां से जा चुके है।केवल वही गरीब आम जनता जो विदेश नहीं भाग सकती, जिसके पास कोई साधन नहीं है वहां पर फंस गई है और अपनी सरकार का मुंह ताक रही है। पाकिस्तान को अपने खर्चों में कटौती के लिए विवश होना पड़ रहा है लेकिन ये कटौती नाकाफी है अभी वहां के हालात और बिगड़ने वाले हैं। पाकिस्तान में महंगाई 25 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है।आईएमएफ पाकिस्तान पर कड़ी शर्तें लगा रहा है जिसके कारण पाकिस्तान की अवाम का गुस्सा और भड़क सकता है। शाहबाज शरीफ की सरकार दो तरफ से फंस गई है। पाकिस्तान का खजाना खाली हो रहा है उसके पास 2022 में 16.7 अरब डॉलर विदेशी मुद्रा भंडार था जो अब घटकर 3 अरब डॉलर रह गया है।जिसके कारण पाकिस्तान वाशिंगटन स्थित अपने दूतावास की संपत्ति को बेचना चाहता है जिससे कुछ पैसे जुटाए जा सकें। यही कारण है कि अब शरीफ सरकार ने अपने खर्चो में कई प्रकार की कटौतियों का ऐलान कर - भी दिया है साथ ही सरकार अपनी बहुत संपत्ति बेचने जा रही है।पाक कैबिनेट की बैठकों में अब केवल चाय ही मिलेगी।

## पाश्चात्य आधुनिकता से खंडित होते परिवार

संजीव

**भारत** मूलतः परंपरावादी वैदिक तथा सनातनी देश है पर आधुनिकता ने देश के संयुक्त परिवारों को खंडित कर दिया है। अधिकांश परिवार अब एकल परिवार में परिवर्तित हो गए हैं ऐसे में बुजुर्ग तथा बच्चे सबसे ज्यादा इस त्रासदी के शिकार हुए हैं। आधुनिक जीवन शैली ने माता पिता को नन्हे बच्चों से दूर कर दिया है इसी तरह बुजुर्गों के साथ उनकी संतानों की संवेदनहीनता ने असहाय सा बना दिया है। बच्चों तथा बुजुर्गों को इसी समय सबसे ज्यादा अपने माता पिता तथा संतानों के सहयोग एवं संरक्षण की आवश्यकता महसूस होती है। यदि आधुनिक जीवन शैली के कारण बुजुर्गों तथा बच्चों का उनके अभिभावक एवं पुत्रों पुत्रियों के साथ संवाद हीनता एक बड़ी पीड़ा का कारण बन जाति है। भारत में सर्वे के अनुसार बुजुर्गों और नौजवान पीढ़ी के बीच संवाद हीनता एक चिंताजनक स्वरूप ले चुका है' बुजुर्ग एकाकीपन से अब मानसिक रोगों के शिकार होने लगे हैं। जिन बुजुर्गों को चलने फिरने और बाहर जाने में परेशानी होती है उनके लिए नौजवान पीढ़ी के साथ संवाद हीनता परेशानी का एक बड़ा सबक बन चुका है' महिला तथा पुरुष बुजुर्गों के साथ यह समस्या बृहद रूप लेकर सामाजिक समस्या बन गई है' बुजुर्ग हमारी धरोहर हैं इनका जीवन के हर दृष्टिकोण में संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। इसी तरह बच्चों को नैतिक तथा बुनियादी शिक्षा देकर उन्हें देश का अच्छा नागरिक बनाने की जिम्मेदारी भी दम पत्तियों पर होती है पर वर्तमान में बच्चे मां बाप से दूर होते जा रहे हैं और बुजुर्ग अपनी संतानों से मोबाइल ,व्हाट्सएप फेसबुक और इंटरनेट ने नौजवान पीढ़ी और बुजुर्गों के बीच एक बड़ा संवाद हीनता का संकट पैदा कर दिया है। बुजुर्ग यदि अपने मन की बात किसी से कह नहीं सकेंगे तो उन्हें मानसिक रूप से बीमारी का संकट हो सकता है। नौजवान पीढ़ी को खाली समय में मोबाइल कंप्यूटर में फेसबुक व्हाट्सएप इंस्टाग्राम से ही फुर्सत नहीं है। ऐसे में बुजुर्गों के लिए यह संकट और गहराने का खतरा बढ़ता जा रहा है' उल्लेखनीय है कि बुजुर्गों का अनुभव उनका ज्ञान परिवार,समाज तथा देश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है' देश की संस्कृति में बुजुर्गों का सम्मान और इज्जत उनकी रक्षा निहित है' करोना की तीसरी लहर से भारतीय समाज में निवास कर रहे बुजुर्गों की बड़ी संख्या को हमें सुरक्षित और महफूज रखना है। वह वटवृक्ष की तरफ हम सबका मार्गदर्शन करते हैं ,अतः हमारा प्रथम कर्तव्य होगा कि हम वृद्धजनों की हर संभव रक्षा कर उनकी इज्जत, तवज्जो करें' इसके साथ ही हमें बच्चों तथा नौजवानों की भी रक्षा करनी होगी।

# सावरकर के बलिदानों को धुंधलाने की कोशिशें कब तक?

ललित गर्ग

**प्रखर** राष्ट्रवादी एवं हिन्दूवादी नेता वीर दामोदर सावरकर इस संसार के एकमात्र ऐसे रचनाकार हैं जिनकी पुस्तक 1857 का स्वातंत्र्य समर को अंग्रेजों ने प्रकाशन से पहले ही प्रतिबंधित कर दिया था। यह वह पुस्तक है जिसके माध्यम से सावरकर ने सिद्ध कर दिया था कि 1857 की जिस क्रांति को अंग्रेज मात्र एक सिपाही विद्रोह मानते हैं, जबकि वही भारत का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम था। वीर सावरकर ऐसे महान भारतीय क्रांतिवीर हैं जिन्हें अंग्रेज-सरकार ने क्रांति के अपराध में एक ही जीवन में दो बार आजीवन कारावास की सजा सुनाई गयी थी। दो बार की काले पानी की कठोर सजा के दौरान सावरकर को अनेक यातनाएं दी गयी। अंडमान जेल में उन्हें छः महिने तक अंधेरी कोठरी में रखा गया। एक-एक महिने के लिए तीन बार एकांतवास की सजा सुनाई गयी। सात-सात दिन तक दो बार हथकड़ियां पहनाकर दीवारों के साथ लटकाया गया। इतना ही नहीं सावरकर को चार महिनों तक जंजीरों से बांध कर रखा गया। इतनी कठोर यातनाएं सहने के बाद भी सावरकर ने अंग्रेजों के सामने झुकना स्वीकार नहीं किया। जबकि तब से हमारे देश के कुछ बुद्धिजीवी, कुछ राजनीतिक दल कांग्रेस, आम आदमी पार्टी एवं वामपंथी उनके कृतित्व एवं आजादी के लिये प्रदत्त बलिदानों को भूलकर उन पर अंग्रेजों से माफी मांगने का आरोप लगाते हुए उनके अविस्मरणीय बलिदानों को धुंधलाने की कोशिशें की जा रही है। सावरकर को गाली देने वाले इस बात को समझ लें कि भारत की आजादी में उनका कद अगर महात्मा गांधी से ज्यादा नहीं तो कम भी नहीं है।



वीर सावरकर ने कहा था कष्ट ही तो वह चाक शक्ति है जो मनुष्य को कसौटी पर परखती है और उसे आगे बढ़ाती है। सावरकर के बलिदानों की असलियत और सच्चाई जाने बिना, उनकी कोशिशों की गहराई को समझे बिना और उन पर तटस्थ अध्ययन किए बिना, कोई भी कांग्रेसी व विपक्षी उनके ऊपर झूठे आरोप लगाते चले आए हैं। अर्से से उनको अपमानित किया जाता रहा है। हाल ही में कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने उनका एक चिट्ठी का हवाला देकर अनादर किया, वहीं कुछ समय पूर्व अरविंद केजरीवाल ने एक रैली में भाजपाइयों को सावरकर की औलादें कहकर अपनी मंशा प्रकट की थी। आखिर यह कब तक चलेगा? अब तो इस पर रोक लगनी चाहिए क्योंकि ऐसे व्यक्ति को जिसका पूर्ण जीवन भारत की आजादी के लिए दी गई कुर्बानियों की सच्ची मिसाल है। ऐसा व्यक्ति जिसको जहरीला भोजन और पानी देकर उसे कांटे की तरह सूखा दिया गया हो, जब उस पर झूठा लांछन लगाया जाता है तो किसी भी सच्चे भारतीय का मन विचलित, मस्तिष्क दुखी और आत्मा तड़ जाती है। सावरकर का कथन है कि कर्तव्य की निष्ठा संकटों को झेलने में, दुख उठाने में और जीवन भर संघर्ष करने में ही समाविष्ट है, यश-अपयश तो योगापयोग की बाते हैं।

अखण्ड भारत का स्वप्न देखने एवं उसे आकार देने वालों में प्रखर राष्ट्रवादी नेता विनायक सावरकर का योगदान अनूठा एवं अविस्मरणीय है। आज नया भारत बनाने, भारत को नये सन्दर्भों के साथ संगठित करने, राष्ट्रीय एकता को बल देने की चचाओं के बीच भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के प्रखर सेनानी, महान देशभक्त, ओजस्वी वक्ता, दूरदर्शी राजनेता, इतिहासकार, एक बहुत निराले साहित्यकार- राष्ट्रवादी कवि और सशक्त हिन्दुत्व के पुरोधा श्री सावरकर के निर्वाण दिवस पर उनकी पावन स्मृति और उनका जीवन-दर्शन आधार-स्तंभ एवं प्रकाश-किरण है। अग्रिम पंक्ति के स्वतंत्रता सेनानी सावरकरजी प्रेरणाएं एवं शिक्षाएं इसलिये प्रकाश-स्तंभ हैं कि उनमें नये भारत को निर्मित करने की क्षमता है। उन्होंने अनेक विपरीत एवं संघर्षपूर्ण स्थितियों के बीच एक भारत और मजबूत भारत की कल्पना की थी, जिसे साकार करने का संकल्प आज हर भारतीय के मन में है।

कहते हैं कि पूत के पांव पालने में ही दिख जाते हैं। अर्थात व्यक्ति का भविष्य छुटपन में ही उसके व्यवहार से दिखने लगता है। वीर सावरकर की बचपन की गतिविधियां बता रही थीं कि यह बालक आगे चलकर भारतमाता का साहसी बेटा बनेगा, जिसे लोग स्वातंत्र्यवीर सावरकर के नाम से पहचानेंगे। वे केवल आठ-दस वर्ष की उम्र से ही कविताएं लिखने लगे थे। उनके जीवन पर छत्रपति शिवाजी का बहुत गहरा प्रभाव था। शिवाजी की विजय गाथाएं, वीर सावरकर स्वयं तो बड़े चाव से पढ़ते ही थे, अपने मित्रों को भी गर्व के साथ सुनाया करते थे। इससे उनके मन में भी देशभक्ति, बलिदान, त्याग, समर्पण और देशसेवा की भावनाएं जोर मारने लगी थीं। युवा अवस्था में पहुँचते-पहुँचते सावरकर ने अपनी क्रांतिकारी सोच एवं गतिविधियों को और गति दे दी। उन्होंने अभिनव भारत नाम की एक और संस्था की स्थापना भी की। सबसे पहले विदेशी कपड़ों की होली जलाकर अंग्रेजों को चुनौती देने का काम सावरकर ने किया। अंग्रेजों के घर लंदन में घुसकर क्रांतिकारी गतिविधियां करने का साहस भी उन्होंने दिखाया। उनके ही प्रयास से लंदन में 1857 के स्वतंत्रता संग्राम की स्वर्ण जयंती मनाई गई। जहाज से बीच समुद्र में छलांग लगाकर तो विनायक साहस के पर्याय ही बन गए। भारत के क्रांतिकारियों में वे पूज्य हो गए थे। सरदार भगत सिंह ने अपने एक लेख में विनायक दामोदर सावरकर के लिए वीर और पूजनीय जैसे आदरसूचक विशेषणों का उपयोग किया हैं। उनकी क्रांतिकारी गतिविधियों, विचारों एवं संगठन क्षमता से अंग्रेज भयभीत हो गए थे। आजादी के लिए काम करने के लिए उन्होंने एक गुप्त सोसायटी बनाई थी, जो मित्र मेला के नाम से जानी गई। 1905 के बंग-भंग के बाद उन्होंने पुणे में विदेशी वस्त्रों की होली जलाई। वीर सावरकर जैसे बहुत कम क्रांतिकारी एवं देशभक्त होते हैं जिनके तन में जितनी ज्वाला

उनकी कलम में चिंगारी थी, उसके कार्यों में भी क्रांति की अग्नि धधकती थी। वीर सावरकर ऐसे महान सपूत थे जिनकी कविताएं एवं विचार भी क्रांति मचाते थे और वह स्वयं भी महान क्रांतिकारी थे। उनमें तेज भी था, तप भी था और त्याग भी था। वीर सावरकर हमेशा से जात-पात से मुक्त होकर कार्य करते थे

हो उतना ही उफान मन में भी हो। उनकी कलम में चिंगारी थी, उसके कार्यों में भी क्रांति की अग्नि धधकती थी। वीर सावरकर ऐसे महान सपूत थे जिनकी कविताएं एवं विचार भी क्रांति मचाते थे और वह स्वयं भी महान क्रांतिकारी थे। उनमें तेज भी था, तप भी था और त्याग भी था। वीर सावरकर हमेशा से जात-पात से मुक्त होकर कार्य करते थे। राष्ट्रीय एकता और समरसता उनमें कूट कूट कर भरी हुई थी। रत्नागिरी आंदोलन के समय उन्होंने जातिगत भेदभाव मिटाने का जो कार्य किया वह अनुकरणीय था। वहां उन्होंने दलितों को मंदिरों में प्रवेश के लिए सराहनीय अभियान चलाया। महात्मा गांधी ने तब खुले मंच से सावरकर की इस मुहिम की प्रशंसा की थी, भले ही आजादी के माध्यमों के बारे में गांधीजी और सावरकर का नजरिया अलग-अलग था।

अप्रतिम प्रतिभा सम्पन्न सावरकरजी कुशल मानवशिल्पी के साथ राष्ट्र-शिल्पी थे। उनकी वाणी तीक्ष्ण, तेजधार होने के साथ-साथ सीधी, सरल एवं हृदय को छूने एवं प्रभावकारी परिणाम करने वाली थी। अपनी पारखी दृष्टि से व्यक्ति की क्षमताओं को पहचान कर न केवल उसका विकास करते थे अपितु उसे देश, समाज एवं राष्ट्र हित में नियोजित भी करते थे। राष्ट्रोत्थान की भावना जगाने में उनका कौशल अद्भुत था। एक सामाजिक-सांस्कृतिक-राष्ट्रीय व्यक्तित्व होते हुए भी वीर सावरकर ने भारतीय राजनीति की दिशा को राष्ट्रीयता की ओर कैसे परिवर्तित किया है, यह समझने के लिए भी उनके जीवन-दर्शन को पढ़ना आवश्यक है। भारत की हिंदू अस्मिता, हिंदू समाज की उत्पत्ति व संघटन, विवाह, माता-पिता द्वारा संतान का पालन-पोषण, आपसी सौहार्द, सामाजिकता, आध्यात्मिकता, धार्मिकता, आर्थिक स्थितियां, कृषि, जीवनशैली तथा ऐसे ही अन्य अनेक विषयों पर उनके जीवन-दर्शन से मार्ग प्रशस्त होता है। सावरकर जेल में रहते हुए भी स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय रहे। यह भी अजीब विडंबना है कि इतनी कठोर यातना सहने वाले राष्ट्र-योद्धा के साथ तथाकथित इतिहासकारों ने न्याय नहीं किया, उनके विराट व्यक्तित्व एवं राष्ट्र-विचारों को धूमिल किया। किसी ने कुछ लिखा भी तो उसे तोड़ मरोड़ कर पेश किया। राष्ट्रोत्थान की मूल भावना के अभिप्रेरित वीर सावरकर भले ही आज हमारे बीच में नहीं है लेकिन उनकी प्रखर राष्ट्रवादी सोच हमेशा राष्ट्र एवं राष्ट्र के लोगों के दिलो में जिन्दा रहेगी ऐसे भारत के वीर सपूत वीर सावरकर को हम सभी भारतीयों को हमेशा गर्व रहेगा। क्योंकि उनके जीवन का उद्देश्य रहा है- निज संस्कृति को बल देना, उज्ज्वल आचरण, सात्विक वृत्ति एवं स्व-पहचान। भारतीय जनता के बड़े भाग में राष्ट्रीयता एवं स्व-संस्कृति की कमी को दूर करना ही सावरकरजी के जन्म एवं जीवन का ध्येय था, वे अखण्ड भारत के पक्षधर थे। वे विश्वभर के क्रांतिकारियों में अद्वितीय थे। उनका नाम ही भारतीय क्रांतिकारियों के लिए उनका संदेश था। उनकी पुस्तकें क्रांतिकारियों के लिए गीता के समान थीं। नया भारत निर्मित करते हुए उसके इतिहास में सच्चाई के प्रतिबिम्बों को उभारने पर बल देना ही वीर सावरकर के निर्वाण दिवस मनाने का वास्तविक उद्देश्य होना चाहिए, क्योंकि भारत के इतिहास को धूमिल किया गया, धुंधलाया गया है, वीर सावरकर जैसे सच्चे देश को भारत रत्न देकर असंख्य भारतीयों के दिलों पर किये गये घावों को पर मरहम लगाने का प्रयास किया जाना चाहिए।

# कृषि प्रौद्योगिकी स्टार्टअप के लिए प्रोत्साहित करें

किशन भावनानी

वैश्विक स्तरपर हर क्षेत्र की भारतीय प्रौद्योगिकी की चचाएं दुनियां भर में हो रही है तथा दुनियां के देशों को दिशानिर्देशन मार्गदर्शन करने के लिए आज भारत की जरूरत पड़ गई है। यह हम इसलिए कह रहे हैं क्योंकि भारत में 24-25 फरवरी 2023 को हुए एक समिट में ब्रिटेन की पूर्व पीएम जो कुछ माह पूर्व ही पदत्याग हुई थी उन्होंने भी, दुनिया में भारत के बढ़ते कद पर बोलते हुए कहा, आज भारत उस स्तरपर आ पहुंचा है जिसकी आवाज पूरी दुनिया सुनती है. हम (ब्रिटेन) अपने भविष्य के लिए सबसे बड़ी उम्मीद भारत में देखते हैं। उन्होंने कहा, भारत वो देश है जो तेजी से आगे बढ़ रहा है। एक ऐसा देश जो काम करने की क्षमता में हर समय अपने आप में सुधार लाकर आगे बढ़ रहा है उन्होंने कार्यक्रम में शिरकत करते हुए कहा, हमें (ब्रिटेन) को भारत से सीखने की जरूरत है। अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में भारत दुनिया की बड़ी ताकत बन गया है और इसकी आर्थिक ग्रोथ को देख ब्रिटेन ईर्ष्या भी करता है (ये बात उन्होंने मुस्कुराते हुए कही)। उन्होंने कहा, ब्रिटेन के कार्पोरेट में भारतीय कंपनियां सबसे बड़ी इन्वेस्टर हैं। ये कंपनियां दवा से लेकर स्टील, इंफ्रास्ट्रक्चर में इन्वेस्ट कर रही हैं। चूंकि हमारे युवाओं को कृषि क्षेत्र में मिल रही सुविधाओं कृषि प्रौद्योगिकी स्टार्टअप और बजट में भी सुविधाओं को बारीकी से समझना है, इसलिए 24 फरवरी 2023 को माननीय पीएम द्वारा 12 वेबीनारों में से दूसरे वेबीनार कृषि एवं सहकारिता विषय पर बजट 2023-24 में अपार संभावनाओं को बारीकी से समझाया है,इसलिए आज हम पीआईबी में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, वर्तमान डिजिटल टेक्नोलॉजी कृषि प्रौद्योगिकी स्टार्टअप नवाचार और बजट में कृषि क्षेत्र की अपार संभावनाओं को गहराई से समझना समय की मांग है।साथियों बात अगर हम बजट 2023 में कृषि क्षेत्र को दिए गए 8 एलोकेशन की करें तो, (1) 20 लाख क्रेडिट कार्ड : केंद्र सरकार ने किसानों की सहूलियत के लिए ऋण का दायरा बढ़ा दिया है। इस साल 20 लाख करोड़ तक किसानों को क्रेडिट कार्ड के जरिए ऋण बांटने का लक्ष्य रखा गया है। इससे लाखों किसानों को फायदा होगा। (2) किसान डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर- किसानों के लिए अब किसान डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर प्लेटफॉर्म तैयार किया जाएगा। यहां किसानों के लिए उनकी जरूरत से जुड़ी सारी जानकारी उपलब्ध होगी। (3) एग्री स्टार्टअप को बढ़ावा- केंद्र सरकार ने कृषि के क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा स्टार्टअप शुरू करवाने पर फोकस किया है। कृषि स्टार्टअप के लिए डिजिटल एक्सीलेटर फंड बनेगा जिसे कृषि निधि का नाम दिया गया है। इसके जरिए कृषि के क्षेत्र में स्टार्टअप शुरू करने वालों को सरकार की तरफ से मदद दी जाएगी। (4) मोटे अनाज को बढ़ावा-सरकार ने इस बार मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए अलग से योजना की शुरूआत की है। इसे श्री अन्न योजना नाम दिया गया है। इसके जरिए देशभर में मोटे अनाज के उत्पादन और उसकी खपत को बढ़ावा दिया जाएगा। (5) बागवानी के लिए क्या?-सरकार ने इस बार बजट में बागवानी की उपज के लिए 2,200 करोड़ की राशि आवंटित की है। इसके जरिए बागवानी को बढ़ावा देने का फैसला लिया गया है। (6) मछली पालन को भी मिलेगा बढ़ावा-केंद्र सरकार ने मत्स्य संपदा की नई उपयोजना में 6 हजार करोड़ के निवेश का फैसला लिया है। इसके जरिए मछुआरों को बीमा कवर, वित्तीय सहायता और किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा भी प्रदान की जाती है। इसका उद्देश्य ग्रामीण संसाधनों का उपयोग करके ग्रामीण विकास और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को तेजी से बढ़ावा देना है।(7) सहकारी समितियों, प्राथमिक मत्स्य समितियों और डेयरी सहकारी समितियों की स्थापना- 2,516 करोड़ रुपये के निवेश से 63, हजार प्राथमिक कृषि ऋण समितियों का कम्प्यूटरीकरण किया जा रहा है; इनके लिए राष्ट्रीय डेटाबेस तैयार किया जा रहा है, इसके साथ बड़े पैमाने पर विकेंद्रीकृत भंडारण क्षमता स्थापित की जाएगी, इससे किसानों को अपनी उपज को स्टोर करने और अपनी उपज के लिए बेहतर मूल्य प्राप्त करने में मदद मिलेगी। सरकार अगले 5 वर्षों में वंचित गांवों में बड़ी संख्या में सहकारी समितियों, प्राथमिक मत्स्य समितियों और डेयरी सहकारी समितियों की स्थापना करेगी।(8) प्राकृतिक खेती के लिए सरकार द्वारा मदद-सरकार, अगले 3 वर्षों में एक करोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए मदद मुहैया कराएगी। देश में 10, हजार जैव इनपुट संसाधन केंद्र स्थापित किए जाएंगे। साथियों बात अगर हम पीएम द्वारा 24 फरवरी 2023 को कृषि व सहकारिता वेबीनार को संबोधन की करें तो उन्होंने कहा, कि जब तक हम कृषि क्षेत्र से जुड़ी चुनौतियों को दूर नहीं कर लेते, संपूर्ण विकास का लक्ष्य हासिल नहीं हो सकता। आज भारत के कई सेक्टर्स तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।

हमारे ऊजार्वान युवा बढ़-चढ़कर उसमें हिस्सा भी ले रहे हैं, लेकिन कृषि में उनकी भागीदारी कम है, जबकि वो भी इसके महत्व व इसमें आगे बढ़ने की संभावनाओं के बारे में जानते हैं। निजी नवाचार व निवेश की गैप्स भरने के लिए इस साल के बजट में कई तरह के ऐलान किए गए हैं। उदाहरण के लिए, कृषि क्षेत्र में ओपन सोर्स बेस्ड प्लेटफॉर्म को बढ़ावा। हमने डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर को ओपन सोर्स प्लेटफॉर्म की तरह सामने रखा है। ये बिल्कुल उसी तरह है जैसे यूपीआई का ओपन प्लेटफॉर्म, जिसके जरिए आज डिजिटल ट्रांजेक्शन हो रहा है। आज जैसे डिजिटल ट्रांजैक्शन में क्रांति हो रही है, उसी तरह एग्री-टेक डोमेन में भी इन्वेस्टमेंट व इनोवेशन की अपार संभावनाएं बन रही हैं। इसमें संभावना है लॉजिस्टिक्स को बेहतर बनाने की, इसमें अवसर है बड़े बाजार तक पहुंच को आसान बनाने का, इसमें मौका है टेक्नोलॉजी के जरिए ड्रिप सिंचाई को बढ़ावा देने का, साथ ही सही सलाह, सही व्यक्ति तक समय से पहुंचाने की दिशा में हमारे युवा काम कर सकते हैं। जिस तरह से मेडिकल सेक्टर में लैब काम करते हैं, उसी तरह से निजी मृदा परीक्षण लैब्स स्थापित किए जा सकते हैं। हमारे युवा अपने इनोवेशन से सरकार व किसान के बीच सूचना के सेतु बन सकते हैं। वो ये बता सकते हैं कि कौन-सी फसल ज्यादा मुनाफा दे सकती है।

# कब खरीदकर पढ़ी जाएंगी किताबें ?

आर.के. सिन्हा

**आप** जब इन पंक्तियों को पढ़ रहे होंगे तब राजधानी में विश्व पुस्तक मेला शुरू हो गया होगा। कोरोना के कारण विश्व पुस्तक मेला बीते कुछ सालों से आयोजित नहीं हो पा रहा था। जाहिर है कि पुस्तक मेले के फिर से आयोजन से शब्दों के शैदाइयों के चेहरे खिले हुए हैं। वे अपने मन-पसंद की किताबें सस्ते दामों पर खरीदेंगे। पर ये भी सच है कि इस डिजिटल दौर में किताबों से पाठकों की दूरियां निश्चित रूप से बढ़ी हैं। बहुत बड़ी संख्या में पाठक अपने मोबाइल पर ही अपनी दिलचस्पी की सामग्री पढ़कर संतुष्ट हो जाते हैं। वे किताबें खरीदने की जरूरत ही नहीं महसूस करते। बेशक, किताबों को फिर से प्रासंगिक तो बनाना ही होगा। वह कितना अज्ञानी समाज होता है जहां पर किताबों के महत्व को सही ढंग से नहीं समझा जाता। आमतौर पर हमारे यहां कहानियों, कविताओं,उपन्यासों, जीवनियों से जुड़ी किताबें बहुतायत में छपती हैं। हिन्दी पट्टी के प्रकाशकों को लेकर यह बात सौ फीसद यकीन के साथ कही जा सकती है। इस स्थिति से निकलने की जरूरत है। अब मैनेजमेंट और कोरपोरेट दुनिया की भी किताबें आने लगी हैं। पर विज्ञान,आर्किटेक्चर, मूर्तिकला संगीत, नाटक जैसे विषयों की किताबों का नितांत अभाव ही मिलता है। आप किसी भी किताबों की दुकान का चक्कर लगा लीजिए। आपको आर्किटेक्चर की एक किताब नहीं मिलेगी।

सारा देश जानता है कि सतीश गुजराल प्रख्यात चित्रकार और भित्ति चित्रकार थे। पर कितने लोगों को पता है कि वे एक प्रयोगधर्मी आर्किटेक्ट भी थे। उन्होंने राजधानी में बेल्जियम एंबेसी को डिजाइन किया था। इसे डिजाइन के लिहाज से अप्रतिम इमारत माना जाता है। पर चूंकि हिंदी में कोई आर्किटेक्चर की किताब ही नहीं मिलेगी, तो हिंदी पाठकों को कैसे पता चलेगा कि सतीश गुजराल कौन थे या भारत के सबसे विशाल मंदिरों में से एक राजधानी के अक्षरधाम मंदिर का डिजाइन करने वाले आर्किटेक्ट कौन थे? अक्षरधाम मंदिर को बिहार में जन्में आर्किटेक्ट विक्रम लाल ने डिजाइन किया था। इनके पिता जे.के. लाल भी महान स्ट्रक्चरल इंजीनियर थे क मेरे पटना आवास अन्नपूर्णा भवन भी इन्हीं दोनों बाप-बेटे ने डिजाइन किया था क आपको मूर्तिशिल्प और मूर्तिशिल्पियों पर हिंदी में शायद ही कोई किताब मिले। इस लिहाज से हिंदी और अन्य भाषाओं में भी बेहद खराब स्थिति है। राम सुतार के बारे में हिंदी में कितनी किताबें हैं? राम सुतार गुजरे सात-साढ़े सात दशकों से मूरतें बना रहे हैं। उन्होंने ही सरदार पटेल की चर्चित प्रतिमा स्टेच्यू आफ यूनिटी भी तैयार की। राम सुतार की तराशी प्रतिमाओं में गति व भाव का शानदार समन्वय रहता है। पर उन पर आपको कोई किताब नहीं मिलेगी। राम सुतार निस्संदेह आधुनिक भारतीय मूर्ति कला के सबसे महत्वपूर्ण हस्ताक्षरों में से एक माने जाएंगे। अब महान मूर्तिकार देवी प्रसाद राय चौधरी की भी बात हो जाए । उनकी अतुल्नीय कृति है राजधानी में लगी ग्यारह मूर्ति। यह राष्ट्रपति भवन के ठीक बगल में है। कौन सा बिहारी होगा जिसने पटना में आने पर शहीद स्मारक को नहीं देखा होगा। इसे भी चौधरी ने ही बनाया था। शहीद स्मारक सात शहीदों की एक जीवन-आकार की मूर्ति है जो पटना में बिहार विधान सभा भवन के बाहर स्थित है। इन युवाओं ने भारत छोड़ो आन्दोलन (अगस्त 1942) में अपने जीवन का बलिदान दिया था और उस भवन पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया था जो अब सचिवालय भवन है। चौधरी की इस मूरत को देखकर आंखें नम होने लगती हैं। सदाशिव साठे ने देश के कई शहरों में झांसी की रानी लक्ष्मी बाई की कमाल की मूरतें बनाई हैं। इन अश्वारोही प्रतिमाओं को न जाने कितने लाखों लोगों ने मुग्ध होकर निहारा होगा। रानी का घोड़ा दो पैरों पर खड़ा है। हवा में प्रतिमा तभी रहेगी जब संतुलन के लिए पूंछ को मजबूत छड़ से गाड़ दिया जाए, यह बात इसे बनाने वाले मूर्तिकार सदाशिव साठे समझते थे। वे अश्वारोही प्रतिमाएं गढ़ने में सिद्धहस्त थे। पर इन पर भी आपको कोई किताब नहीं मिलेगी। इससे दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति क्या हो सकती है। हिंदी के लेखकों को इस बाबत पहल करनी चाहिए। वे आगे आएं और गहन शोध करने के बाद स्तरीय किताबें भी लिखें तो बात बने। हिंदी समाज देश का आबादी के लिहाज से सबसे विशाल समाज है। इस बारे में कोई शक नहीं हो सकता। इसके साथ बहुत बड़ी समस्या ये है कि यहां पर किताबें मांगने का भयंकर रोग है।

## सब समय समय की बात है

डॉ. सुरेश कुमार

**ऐसा न**ही है कि सूरज के लिए दिन में तो चाँद के लिए रात में महंगाई घटती-बढ़ती है। ऐसा दुनिया के किसी ओर कोने में होता होगा तो होता होगा। यह हिंदुस्तान है मेरी जान! यहाँ गीता, कुरान, बाइबल, गुरुग्रंथ साहिब आदि की बातें समझ में आएँ या न आएँ मंहगाई की बात सबको समझ में आती है। वैसे इंसानी शरीर दिमाग की बातें समझने में बड़ा नाक-भौं सिकुड़ता है, लेकिन पेट की बात चुटकी बजाते समझ जाता है। विराट कोहली शतक बनाए न बनाए फिर चाहे शून्य पर ही क्यों न आऊट हो जाए, अब कोई फर्क नहीं पड़ता। देश को महंगाई के नाम पर ऐसा बल्लेबाज मिला है, जो शहर, गाँव, मोहल्ला, बस्ती, गली हर जगह शतक बनाने से नहीं चूकता। वह दिन दूर नहीं जब सचिन तेंदुलकर के रनों का अंबार महंगाई अपने अकेले के दम पर तोड़कर नए-नए कीर्तिमान स्थापित करेगा। तब हमारे पास प्रसंशा के नाम पर सिर्फ और सिर्फ ताली-थाली पीटने के सिवाय कोई दूसरा काम नहीं बचेगा। आजकल के छोकरे कोलकाता का ऐतिहासिक टेस्ट मैच नहीं जानते होंगे। फॉलोऑन खेलते हुए वीवीएस लक्ष्मण और राहुल द्रविड़ ने ऐसी पारी खेली थी कि आस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम का सारा का सारा घमंड चकनाचूर हो गया था। किंतु आजकल के छोकरों को निराश होने की आवश्यकता नहीं है। उन्हें महंगाई के रूप में ऐसे खिलाड़ी मिले हैं जो कभी-कभार नहीं हमेशा फालोऑन की पारी खेलने के लिए तत्पर रहते हैं। इन दोनों की साझेदारी शोले के जय-वीरू से भी सॉलिड है।

## फटाफट खबरें

### जानवर जाने पर खेत मालिक को पीटकर किया घायल

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर थाना क्षेत्र के केकरामार गांव में खेत में जानवर चले जाने को लेकर दो पक्षों में हुई बहस मारपीट में बदल गई। जानवर मालिक ने किसान को अपने एक साथी के साथ मिलकर लहूलुहान कर दिया।

मारपीट की ये घटना शुक्रवार को रात दस बजे केकरामार गांव में हुई। बताया गया कि शिवनारायण यादव पुत्र चुनकाई के खेत में छोटू यादव पुत्र रामजी की भैंस घुस गई। शिवनारायण ने विरोध करते हुए थाने में शिकायत की बात कही। इससे खफा छोटू यादव पुत्र रामजी व कपूर सिंह पुत्र मनमोहन सिंह ने शिवनारायण को लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। घायल ने कोतवाली में सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

पुलिस ने दोनों हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया है। मानिकपुर थानाध्यक्ष वीर प्रताप सिंह ने बताया कि पीडित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

### ग्रामसभा की सशक्तिकरण को लेकर कार्यशाला का आयोजन

**वाराणसी। राजाता**लाबः ग्रामसभा के सशक्तिकरण को लेकर शुक्रवार को आराजीलाईन ब्लाक के समक्ष स्थित मनरेगा मजदूर यूनियन के सभागार में आशा विश्वास ट्रस्ट की ओर से एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन कर लोगों को ग्रामसभा के सशक्तिकरण और ग्राम पंचायत विकास योजना के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि हमारा योजना हमारा विकास, ग्राम सभा में हम सब आएंगे, गांव की विकास की योजना हम बनाएंगे आदि बिंदुओं पर चर्चा कर लोगों को जागरूक किया गया।

इस मौके पर मनरेगा मजदूर यूनियन के संयोजक सुरेश राठौर ने कहा कि ग्रामसभा के लोगों को जागरूक करने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया हैं। उन्होंने पंचायतों के सशक्तिकरण के लिए ग्रामीणों को जागरूक होने की बात कही, कहा यह सभी के संकल्प से ही पूरा हो सकता है। अधिवक्ता संतोष गिरी ने ग्रामसभा की विभिन्न योजनाओं की जानकारी लोगों को दी। संचालन रेनू पटेल ने किया। इस दौरान सुरेश राठौर, अधिवक्ता संतोष गिरी, मुश्तफा, अनिता, पूजा, श्रद्धा, प्रियंका, रीना, प्रिया, आँचल, खुश्बू, नेहा, आदि लोग शामिल थे।

### मेरठ में बसपा के पूर्व विधायक के कोल्ड स्टोरेज में हादसा, छत गिरने से 3 मजदूरों की मौत

**मेरठ। शुक्रवार** को यूपी में मेरठ के दौराला थाना क्षेत्र में एक कोल्ड स्टोरेज में कंप्रेसर फट गया, जिसमें 3 मजदूरों की मौत हो गई है, जबकि कई लोग घायल होने की सूचना है। कंप्रेसर फटने के बाद कोल्ड स्टोरेज का लेंटर गिरने से छत गिर गई और उसके मलबे के नीचे मजदूर दब गए। मिली जानकारी के अनुसार वहां काम करने वाले 3 मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई है, जबकि कई लोग घायल हैं।

लोगों ने बताया कि अनुसार कोल्ड स्टोरेज की छत गिरने से उसके नीचे 20 से ज्यादा मजदूर दब गए। हादसे के बाद पुलिस ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर बचाव अभियान चलाया और कई लोगों को मलबे से निकालकर अस्पताल पहुंचाया। हादसे के बाद एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और मलबे में दबे सभी लोगों को निकाल लिया।

इस हादसे की जानकारी मिलने के साथ ही मेरठ प्रशासन सहित कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई। हादसे के बाद मौके पर पहुंची दस से ज्यादा एंबुलेंस की मदद से घायल मजदूरों को निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया।

बताया जा रहा है कि दौराला क्षेत्र में यह कोल्ड स्टोरेज बीएसपी के पूर्व विधायक चंद्रवीर सिंह का है। पुलिस के अनुसार शुक्रवार दोपहर 3:30 बजे कोल्ड स्टोरेज में बॉयलर का कंप्रेसर फटने से इमारत की छत गिर गई। छत गिरने से कई मजदूर फंस गए।

### अब यूपी की जेलों में नहीं पहन सकेंगे स्मार्ट घड़ी

**लखनऊ। उत्तर प्रदेश** की जेलों अब स्मार्ट वॉच पहन के जाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। यह कदम मोबाइल की तरह इनका इस्तेमाल होने की आशंका के मद्देनजर यह कदम उठाया गया है। प्रदेश के डीजी जेल आनंद कुमार ने शुक्रवार को इसका आदेश जारी कर दिया।

जानकारों की मानें तो यूपी की जेलों में चौकसी बढ़ाए जाने की यह तेजी बीते दिनों माफिया मुख्तार अंसारी के विधायक बेटे अब्बास अंसारी और उसकी पत्नी निकहत की जेल में मुलाकात के सामने आने की बाद से शुरू हुई है। राज्य के डीजी जेल आनंद कुमार के अनुसार, जेल मुख्यालय के संज्ञान में आया है कि जेल अधिकारी एवं कर्मचारी सामान्य मैनुअल घड़ी की जगह स्मार्ट वाच और स्मार्ट बैंड का इस्तेमाल कर रहे हैं। ये डिवाइस मोबाइल से जुड़ने के बाद उसकी तरह काम करने लगते है, इसलिए इनका मोबाइल की तरह इस्तेमाल किए जाने की संभावना रहती है। इसी वजह से ऐसे डिवाइस को जेल के भीतर ले जाने और इस्तेमाल करने पर प्रतिबंध लगाया गया है। इस संबंध में जारी किए गए आदेश में डीजी जेल आनंद कुमार ने सभी अधीनस्थ कार्यालयाध्यक्षों को कहा है कि किसी भी दशा में किसी भी व्यक्ति द्वारा कारागार के भीतर स्मार्ट वाच या स्मार्ट बैंड को कारगर के भीतर नहीं ले जाया जाएगा। अर्थात स्मार्ट वाच और स्मार्ट बैंड को पूर्णतः प्रतिबंधित किया जाता है। इस आदेश के बाद अब जेल में जांच के दौरान किसी के पास स्मार्ट वाच और स्मार्ट बैंड मिला तो उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

### तालाब में डूबने से अधेड़ की मौत,स्नान के दौरान पैर फिसलने से हुआ हादसा

**वाराणसी। जाल्हूपुर** स्थित संत श्री कच्चा बाबा मंदिर के पास तालाब में डूबने से पूर्व बिडीसी शिवशंकर यादव (45)की मौत हो गई।मंदिर में दर्शन पूजन करने से पहले स्नान करने के दौरान हादसा हुआ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकलवाया।

घटना की सूचना मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया।जानकारी के अनुसार आज सुबह शिवशंकर तालाब में स्नान करने गया।पैर फिसलने से गहरे पानी में चला गया।तालाब के किनारे मौजूद लोगो ने सोचा कि शिवशंकर पानी में गोता लगा रहा है। वह जब काफी देर तक पानी से बाहर नहीं निकला तो लोगो को शंका हुई।तब लोगो ने पुलिस को सूचना दी। ग्रामीणों के द्वारा पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया। जहां उसे एक निजी अस्पताल में ले जाया गया।डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# बजट सत्र में विधायक ने सदन में उठाये जिले के चहुंमुखी विकास के मुद्दे

## विधायक अनिल प्रधान के मुद्दे उठाने से लोगों ने की भूरि-भूरि सराहना



**चित्रकूट।** बजट सत्र में चित्रकूट सदर विधायक अनिल प्रधान ने राज्यपाल के अभिभाषण पर संशोधन प्रस्ताव पर जिले की जनता का अभिवादन एवं सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का आभार जताते हुए जिले की स्वास्थ्य, शिक्षा, चिकित्सा, कानून व्यवस्था एवं बडे पैमाने पर विभागों में फैले भ्रष्टाचार से सदन को अवगत कराया।


शुक्रवार को सदर विधायक अनिल प्रधान ने बजट में राज्यपाल से संशोधन करने की अपील करते हुए जिले की शिक्षा, स्वास्थ्य एवं विकास संबंधी योजनाओं के लिए अतिरिक्त बजट देने की मांग की। बजट सत्र में विधानसभा में बोलते हुए विधायक ने कहा कि बुंदेलखंड की ऋषि-मुनियों की तपस्थली जहां से देश के स्वतंत्रता संग्राम की लड़ाई लड़ी गई थी से आता हूं। जिले के संयुक्त जिला अस्पताल में लचर व्यवस्था के चलते हाल ही में एक साल के अंदर तमाम लोगों की मौत हुई है। खास तौर से प्रसव के दौरान कई बहनों ने जच्चा-बच्चा समेत काल के गाल में समा गई। प्रसव के लिए केवल एक डॉक्टर तैनात है। जिला अस्पताल रेफर सेंटर बना है। भरतकूप क्षेत्र में अवैध ब्लास्टिंग से पर्यावरण एवं लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। मुकुंदपुर में जमीन आवंटित हो चुकी है।

उस पर राजकीय महाविद्यालय अथवा पॉलिटेक्निक कॉलेज की स्थापना की जाए। बुंदेलखंड में आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के लिए एम्स की स्थापना की जाए। हाल ही में 20 फरवरी को सचिवालय प्रशासन ने मीडिया कर्मियों के साथ अमानवीय व्यवहार किया है। लोकतंत्र के इतिहास में भाजपा के शासन काल में काला दिन है। सचिवालय प्रशासन को मीडिया कर्मियों से माफी मांगना चाहिए। सेमरिया जगन्नाथवासी, मऊ ब, भैसौंधा के विद्यालयों को उच्चीकृत किया जाए। वहां पर इंटर कॉलेज स्थापित किया जाये। कौहारी और साईंपुर के मध्य राजकीय महाविद्यालय की स्थापना की जाए। प्रधानमंत्री आवास आवंटन योजना में व्यापक भ्रष्टाचार फैला है। आवास देने के नाम पर पात्र लाभार्थियों को बाहर किया जा रहा है। पैसा लेकर अपात्रों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। रसिन बांध से बरुआ बांध में पानी पहुंचाने को लिंक कैनाल की व्यवस्था की जाए। प्रदेश के सभी शिक्षामित्रों, आंगनबाड़ियों, पंचायत मित्रों को कम से कम 18 हजार का मानदेय दिया जाए। लोकप्रिय विधायक ने क्षेत्र पंचायत, जिला पंचायत सदस्यों के लिए वेतन एवं अन्य अधिकार देने की बात कही। जिले में हर वर्ष यमुना नदी में बाढ़ से सैकड़ों हेक्टेयर भूमि पानी से जलमग्न हो जाती है। किसानों की फसल बर्बाद हो जाती है। किसानों को फसल बबार्दी का मुआवजा दिया जाये। जिले में एंबुलेंस सेवा 108 और 102 में फजीवाड़ी दिखाकर व्यापक भ्रष्टाचार हो रहा है। जांच कराकर दोषियों को कड़ी सजा दी जाये। संयुक्त जिला चिकित्सालय में एक और अल्ट्रासाउंड मशीन की व्यवस्था के साथ पहाड़ी, राजापुर और शिवरामपुर में अल्ट्रासाउंड मशीन लगाई जाये। खोह में 200 मातृत्व चिकित्सालय में ओपीडी की सेवा जल्द शुरू की जाये। महादेवन, रसिन में बाणगंगा नदी पर पुल का निर्माण कराने को सदन में मुद्दा उठाया। जिले के अहमद खान पुत्र रमजान निवासी पहरा थाना भरतकूप तीन वर्षों से पाकिस्तान की कराची जेल में बंद है, सजा पूरी हो गई है, उसकी रिहाई कराई जाए। सर्पदंश के मामलों में यह व्यवस्था होने के बाद बिसरा की आवश्यकता नहीं है, प्रशासन फाइलों को निरस्त कर देता है। उस आदेश के तहत बिना बिसरा रिपोर्ट आए किसानों को मुख्यमंत्री कल्याण योजना का लाभ दिया जाए। वर्ष 2019 से पूर्व जिन किसानों का पैसा जमा है, निजी ट्यूबवेल के तहत उन्हें विद्युत सामग्री दी जाये। जिले में पांच सौ नलकूपों की व्यवस्था कराई जाए।

उन्होंने कहा कि केंद्रीय विद्यालय के कार्य को आरंभ कराया जाए। पूर्व बेसिक शिक्षा अधिकारी राजीव रंजन की शिकायत की गई थी, उसकी जांच हो और सरकार के कुछ लोग उक्त अधिकारी को बचाने का कार्य कर रहे हैं, तत्काल निलम्बित कर जांच कर कार्यवाही की जाये।

बरुआ नहर पर डीआरपी पुनः निर्माण को शासकीय वित्तीय स्वीकृति, चिल्लीमल में राजकीय हाईस्कूल की स्थापना, देवांगना घाटी से खोह तक बायपास और खोह से भरतकूप रिंग रोड का निर्माण, पहाड़ी ग्राम पंचायत ओरा कोठी नहर का निर्माण, जिले के स्टेडियम जो अखिलेश यादव ने दिया था, वहां खेल की अन्य व्यवस्थाएं, बरगढ़ में ग्लास फैक्ट्री का प्रारंभ, पहाड़ी को नगर पंचायत का दर्जा, मनरेगा मजदूरों की मजदूरी बढ़ाकर तत्काल भुगतान समेत अन्ना सांडो, नीलगाय और बंदरों से फसल की बबार्दी, लो वोल्टेज की समस्या बनी है, किसान फसलों की सिंचाई नहीं कर पा रहे। भूमि संरक्षण की तीनों इकाइयों में व्यापक भ्रष्टाचार किया जा रहा है। उपनिदेशक भूमि संरक्षण बांदा के भ्रष्टाचार का मुद्दा सदन के पटल पर रखा। ग्राम पंचायतों के गौशाला का भुगतान नहीं किया जा रहा। छह महीने का बकाया पड़ा है, भुगतान कराया जाए। भरतकूप व राजापुर को ब्लॉक का दर्जा दिया जाए। सदर विधायक ने चित्रकूट में 150 रोडो को बनाने का प्रस्ताव पीडब्ल्यूडी में भेजा गया है, सभी को मंजूर किया जाये। बागे नदी में ममसी के पास बागे नदी मकरी पहरा के पास भदावल घाट में पहाड़िया में कुल्लूखेड़ा के पास तरौंहा में पयश्वनी नदी में बाण गंगा नदी महादेवन के पास भगवतपुर निमार्णाधीन पुल का निर्माण जल्द से जल्द कराया जाए।

# प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्तः माफिया मस्त, सरकार पीलिया ग्रस्त




**चित्रकूट।** भाकपा राज्य कार्यकारिणी सदस्य का अमित यादव ने कहा कि प्रयागराज में गैंगस्टर वार के शिकार हुए राजू पाल हत्याकांड के चश्मदीद गवाह उमेश पाल एड की कल शाम दिन दहाड़े हुयी हत्या ने लगभग दो दशक पहले हुयी हत्या के इस मामले में दोषियों के गले तक कानून का फन्दा पहुंचने की उम्मीदों को काफी संकुचित कर दिया है। श्री पाल की हत्या गोलियों और बमों के हमले से उनके घर के बाहर पुलिस अभिरक्षा में की गयी। जिसमें उनके दोनों अंगरक्षक गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

शनिवार को का अमित यादव ने कहा कि ये हत्या उत्तर प्रदेश सरकार के उन दावों को तार-तार कर देती है, जिन्हें वे बार-बार दोहराते नहीं थकते कि भाजपा ने उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था पटरी पर ला दी है। यह भाजपा के उस दावे को भी साफ तौर पर झुठला देती है कि उसके बुलडोजर की गर्जना से उत्तर प्रदेश माफियामुक्त हो गया है।

उन्होंने कहा कि राजूपाल की हत्या का आरोप उसी माफिया सरगना पर है। जिसे आदित्य सरकार बुलडोजर से कुचलने की झूठी हुंकारें भरती है। बाबा का बुलडोजर माफियाओं पर दिखावे के लिये चल रहा है और इसका असली निशाना गरीब गुर्गे, आम नागरिक और उनके पक्ष में आवाज उठाने वाले बनेंगे। आज यह पूरी तरह सच साबित हो चुका है।

उन्होंने प्रदेश में कानून व्यवस्था को ध्वस्तप्राय बताया। जगह-जगह गरीबों को जमीनों- आवासों से बेदखल करने को बुलडोजर का खुलेआम प्रयोग किया जा रहा है। जिसकी चरम परिणति हम कानपुर देहात में देख चुके हैं। जिसमें बुलडोजर से गरीब ब्राह्मण की झौंपड़ी रौंदने गये। प्रशासन ने मां बेटी को जला कर मार डाला। आवाज उठाने वाली एक लोकगायिका को पुलिस ने नोटिस थमा दिया। जो केन्द्र से लेकर उत्तर प्रदेश तक लगातार फैलायी तानाशाही को उजागर कर देता है।

# मानवता को शर्मसार करते शिक्षक, पैर टूटने के बाद छात्र का नहीं कराया इलाज



**चित्रकूट।** परिषदीय विद्यालयों को साफ एवं सुन्दर बनाने को शिक्षा व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने के नाम पर सरकार लाखों रुपए खर्च कर रही है। दूसरी ओर शिक्षकों के गैर जिम्मेदाराना रवैये से विद्यालयों में आए दिन शिक्षकों की मनमानी के चर्चे सामने आते रहते हैं।

ऐसा ही एक मामला रामनगर ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय खजुरिहा कला का सामने आया है। बताया गया कि प्राथमिक विद्यालय में कक्षा चार में पढ़ने वाले नौ वर्षीय नाबालिग छात्र आशीष कुमार पुत्र कल्लू 27 जनवरी को विद्यालय पढ़ने गया था। लगभग दो से ढाई बजे के बीच विद्यालय में क्रिकेट खेलते समय बॉल बाउंड्री से बाहर जाने पर प्रधानाध्यापक अनूप सिंह व सहायक अध्यापक सुधीर कुमार ने आशीष को बॉल लाने को कहा। आशीष बॉल लेने विद्यालय से बाहर गया था, उसी बीच आशीष को अज्ञात वाहन ने घायल कर दिया। कुछ छात्रों ने मिलकर आशीष को विद्यालय ले जाकर परिजनों को फोन से सूचना दी। पीड़ित छात्र के पिता कल्लू वर्मा विद्यालय पहुंचा तो देखा कि आशीष दर्द से कराह रहा था। कोई भी अध्यापक आशीष का इलाज कराना जरूरी नहीं समझा। पीड़ित छात्र के पिता ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन व डायल 112 में फोन कर आशीष को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर भेजा। प्राथमिक उपचार के बाद आशीष को जिला चिकित्सालय रेफर करने पर गंभीर चोट के चलते उसे भर्ती नहीं किया। पीड़ित छात्र का पिता प्राइवेट अस्पताल में बच्चे का इलाज करा रहा है।

पीड़ित छात्र के पिता कल्लू वर्मा पुत्र भग्गू ने आरोप लगाया कि वह अनुसूचित जाति का गरीब व्यक्ति है। रैपुरा थाने में आशीष के पिता की रिपोर्ट नहीं लिखी गई।

# हमसफर ट्रेन के संचालन को जिला मंत्री ने लिखा पत्र



**चित्रकूट।** राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के जिला मंत्री हरिशंकर गुप्ता ने खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा को लिखे पत्र में कहा कि वाराणसी-खजुराहों-बेंगलुरु हमसफर ट्रेन शुरू कराई जाये।

शनिवार को जिला मंत्री हरिशंकर गुप्ता ने खजुराहो सांसद से कहा कि जब यह ट्रेन प्रस्तावित की गई, तब खजुराहो, ललितपुर इलेक्ट्रिक लाइन नहीं थी। वर्तमान में आज इलेक्ट्रिक लाइन का कार्य पूरा हो चुका है। इस ट्रेन का संचालन जल्द मंजूर कराया जाए। धार्मिक क्षेत्र पर्यटन क्षेत्र और प्रधानमंत्री संसदीय क्षेत्र एवं प्रभु श्री राम की तपोभूमि चित्रकूट धाम जैसे धार्मिक क्षेत्र जुड़ेंगे।

इस ट्रेन से बाबा विश्वनाथ बनारस धर्म नगरी, चित्रकूट धाम पर्यटन क्षेत्र, खजुराहो, 12 ज्योतिलिंर्गों में से मल्लिकार्जुन एवं विश्व प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ हॉस्पिटल प्रशांत निलियम सत्य साईं बाबा, बेंगलुरु जैसे स्थान एवं छात्रों के उज्जवल भविष्य एवं आईटी सेक्टर बेंगलुरु का सीधा साधन होगा। जिला मंत्री ने कहा कि रेल राजस्व बढ़ेगा और लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी।

## न्यूज झरोखा

### पुलिस व राजस्व टीमें मौके पर निपटायें भूमि विवादः एएसपी




**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने राजापुर व रैपुरा थाने में फरियादियों की शिकायतें सुनकर जल्द निस्तारण के निर्देश दिये।

शनिवार को एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में थाना राजापुर व रैपुरा थाने में समाधान दिवस में फरियादियों की समस्यायें सुनी गईं। उन्होंने फरियादियों की समस्यायें सुनकर जल्द निस्तारण के निर्देश दिये। भूमि विवाद से संबंधित मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीमें मौके पर भेजकर निस्तारण के निर्देश दिये। थाना समाधान दिवस में राजापुर थानाध्यक्ष भास्कर मिश्रा, निरीक्षक अपराध अंजनी कुमार सिंह, चैकी प्रभारी गनीवा जर्नादन प्रताप सिंह, कानूनगो राजापुर अतुल कुमार मिश्रा, रैपुरा थाने के दरोगा रमेश सिंह यादव व राजस्व के लोग मौजूद रहे।

इसी क्रम में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने राजापुर थाने का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण में महिला हेल्पडेस्क को देखकर आगन्तुक रजिस्टर देखे। थाना कार्यालय में रजिस्टर नम्बर चार, आठ व फ्लाई सीट, त्योहार रजिस्टर, थाना तहसील दिवस रजिस्टर देखे। अन्य अभिलेखों को देखकर दुरुस्त करने के निर्देश दिये। उन्होंने थाने के मालखाना, भोजनालय, बैरक, पुरुष-महिला बन्दी गृह एवं थाना परिसर का निरीक्षण कर साफ-सफाई के निर्देश थानाध्यक्ष को दिये। निरीक्षण में संबंधित पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### पोर्टेबल स्प्रिंकलर पर सरकार दे रही अनुदानः आशीष कटियार, आधा सैकड़ा से ज्यादा किसानों को बांटे पोर्टेबल स्प्रिंकलर



**चित्रकूट।** जिला उद्यान अधिकारी आशीष कटियार ने जिले में संचालित ड्राप मोर क्राप माइक्रो इरिगेशन के तहत आधा सैकड़ा किसानों के बीच पोर्टेबल स्प्रिंकलर वितरित किये गये। शनिवार को जिला उद्यान अधिकारी आशीष कटियार ने विभागीय निर्देश पर किसानों को पोर्टेबल स्प्रेंकलर बांटते हुए सत्यापन भी किया। उन्होंने किसानों को पोर्टेबल स्प्रेंकलर के प्रभाव के बारे में जानकारी दी। कहा कि जिले में ज्यादातर किसान पाइपों का इस्तेमाल करते हैं। इससे पानी व समय दोनों बर्बाद हो जाते हैं। किसान यदि स्प्रेंकलर का उपयोग करें तो सफलता की आवश्यकता के अनुसार पानी मिलता है और समय भी कम लगता है। उन्होंने कहा कि इस तरह से पानी और समय दोनो की बचत है। सरकार पोर्टेबल स्प्रेडिंकलर पर लघु और सीमांत किसानों को 75 प्रतिशत और अन्य किसानों को 65 प्रतिशत अनुदान देती है। ये भारत सरकार की अवसरवादी योजना है। इस दर्शनीय स्थल पर सीनियर उद्यान निरीक्षक अवधेश कुमार मिश्रा, सहायक उद्यान निरीक्षक पीयूष कुमार भी मौजूद रहे।

## पेंटागन को भारत से रक्षा संबंध बढ़ने की उम्मीद

**वांशिगटन।** अमेरिकी रक्षा विभाग के मुख्यालय पेंटागन ने भारत के साथ रक्षा संबंध बढ़ने की उम्मीद जताई है। पेंटागन ने कहा है कि अमेरिका भारतीय सेना के साथ संबंध विकसित कर उसे बढ़ाने को लेकर पूरी तरह आशान्वित है। पेंटागन के प्रेस सचिव ब्रिगेडियर जनरल पैट राइडर ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भारत और अमेरिका के बीच अच्छी भागीदारी है। वर्ष 1997 में भारत और अमेरिका के बीच रक्षा कारोबार लगभग शून्य था। आज यह 20 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का हो गया है।

## पाकिस्तान में सेवाभावी अहमदिया डॉक्टर की गोली मारकर हत्या

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में अहमदिया मुसलमानों को निशाना बनाकर हमले लगातार जारी हैं। ताजा घटना पंजाब प्रांत के गुजरात जिले के गांव गोटेरियाला से सामने आई है। यहां 75 वर्षीय डॉ. रशीद अहमद की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि इस बुजुर्ग डाक्टर की कोई निजी रंजिश नहीं थी। इसे सिर्फ इसलिए मार दिया गया कि वह अहमदिया समुदाय का था।इस हत्या का समाचार लंदन स्थित गैरसरकारी संगठन अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार समिति ने प्रसारित किया है। संगठन के मुताबिक 19 फरवरी को कुछ लोगों ने डॉ. रशीद को उनके स्वास्थ्य केंद्र (डॉ. राशिद होम्योपैथी क्लीनिक) में गोलियों से भून दिया। इस केंद्र की स्थापना इस बुर्जुग डॉक्टर ने ग्रामीणों की मदद के लिए की थी। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार समिति के मुताबिक पाकिस्तान में जन्मे डॉ. अहमद वर्षों पहले नार्वे के नागरिक बन गए थे। अपने देश के पीड़ित उपेक्षित लोगों के प्रति सेवाभाव उन्हें वापस पाकिस्तान खींच लाया था।

## पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफने मंत्रियों और सलाहकारों से वेतन, लाभ छोड़ने को कहा; बताई यह बड़ी वजह

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज़ शरीफ ने अपने मंत्रियों और सलाहकारों से कहा है कि वे अपने वेतन, लाभ और लग्जरी कारों को छोड़ें और इकोनॉमी क्लास में उड़ान भरें, जिससे सरकारी पाकिस्तानी रुपया (पीकेआर) को प्रति वर्ष 200 बिलियन बचाया जा सके। डॉन के अनुसार, सरकार ने यह कदम तब उठाया है, जब वह 1 बिलियन अमेरिकी डालर के फंड को सुरक्षित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ) के रुके हुए ऋण कार्यक्रम को फिर से शुरू करने की कोशिश कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ढ्रस्र्र के साथ एक समझौता अपने अंतिम चरण में है। बता दें, खर्च में कटौती देश में आर्थिक संकट को रोकने के प्रयास का हिस्सा है। स्टेट बैंक का विदेशी मुद्रा भंडार तीन सप्ताह के आयात कवर से नीचे गिर गया है और मुद्रास्फीति लगातार उच्च बनी हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, बुधवार को कैबिनेट की बैठक के बाद प्रधानमंत्री ने संवाददाताओं से कहा, इन (कठोरता) उपायों के दूरगामी परिणाम सामने आएंगे। हम इस तरह के उपायों के कारण करीब 200 अरब पाकिस्तानी रुपये की बचत करेंगे। शरीफ ने कहा कि हालांकि उपायों से महत्वपूर्ण, तत्काल राहत नहीं मिलेगी, लेकिन वे लोगों को यह एहसास दिलाएंगे कि सरकार को उनके दर्द और पीड़ा का एहसास है। उन्होंने कहा कि इन उपायों को तुरंत लागू किया जाएगा और नए वित्तीय वर्ष के लिए बजट के समय अतिरिक्त कदम उठाए जाएंगे।

## चीनी गुब्बारा निर्माता कंपनी ने अमेरिका में दिखे जासूसी गुब्बारे की जिम्मेदारी लेने से किया इनकार

**बीजिंग।** चीनी गुब्बारे निर्माता कंपनी झूझोउ रबर रिसर्च एंड डिजाइन इंस्टीट्यूट ने कहा कि इसका इस महीने की शुरुआत में संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा गिराए गए गुब्बारे से उनका कोई संबंध नहीं था और न ही यह एक सैन्य कंपनी है। चीनी राज्य रासायनिक दिग्गज केमचाइना की कंपनी झूझोउ रबर ने कहा, यह मुख्य रूप से लागू सभी कानूनों और नियमों का अनुपालन करते हुए प्राकृतिक लेटेक्स के ध्वनि वाले गुब्बारों का निर्माण करती है। अमेरिका लगातार इसे चीनी जासूसी गुब्बारा कहते हुए चीन को टारगेट कर रहा है। इसी बीच चीन की गुब्बारा निर्माता कंपनी ने इससे अपना पल्ला झाड़ लिया है। केमचाइना की वेबसाइट पर पोस्ट किए गए एक बयान में कहा गया है, हमारे उत्पादों का उपयोग मौसम स्टेशनों द्वारा दैनिक मौसम पूर्वानुमान के लिए किया जाता है और अमेरिका वाले जासूसी गुब्बारे से इसका कोई संबंध नहीं है। संयुक्त राज्य अमेरिका और कनाडा में देखे गए जासूसी गुब्बारा, जिसे राष्ट्रपति जो बाइडेन के आदेश पर अटलांटिक तट पर मार गिराया गया था, चीन ने उसकी जिम्मेदारी लेने से इनकार कर दिया है। अमेरिका ने जिस तरह से गुब्बारे की घटना से निपटने का प्रयास किया है, उसे चीने ने अंतर्राष्ट्रीय मानदंडों का उल्लंघन करने वाला बेतुका अधिनियम माना है।

# ट्रंप को धमकी : ईरान का दावा- अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति को मारने के लिए बनाई क्रूज मिसाइल

**तेहरान।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को जान से मारने की धमकी मिली है। ईरान के शीर्ष कमांडर आमिर अली हाजीजादेह ने यह धमकी देने के साथ 1650 किलोमीटर दूर तक वार करने की क्षमता रखने वाली एक क्रूज मिसाइल तैयार करने का भी दावा किया है। ट्रम्प के साथ पूर्व अमेरिकी विदेश मंत्री माइक पोम्पियो व पूर्व अमेरिकी सैन्य कमांडर कैनेथ फ्रैंक मैकेंजी सहित अन्य अमेरिकी सैन्य अधिकारियों को मारने की धमकी भी दी गई है।




वर्ष 2020 में अमेरिका के ड्रोन हमले में ईरान के तत्कालीन सैन्य कमांडर कासिम सुलेमानी की मौत हो गई थी। इसके जवाब में ईरान ने अमेरिकी सेना पर बैलिस्टिक मिसाइल से हमला भी किया था। अब एक बार फिर ईरान के शीर्ष कमांडर आमिर अली हाजीजादेह ने अपने सैन्य कमांडर कासिम सुलेमानी की मौत का बदला लेने की बात कहते हुए तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को जान से मारने की धमकी दी है। हाजीजादेह ने कहा है कि इसके लिए ईरान ने एक विशेष क्रूज मिसाइल बना ली है, जो 1650 किलोमीटर दूर तक वार कर सकती है। इसके माध्यम से अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ पूर्व विदेश मंत्री माइक पोम्पियो व पूर्व सैन्य कमांडर कैनेथ फ्रैंक मैकेंजी सहित अन्य अमेरिकी सैन्य अधिकारियों को मारने की बात भी कही गयी है। एक टीवी चैनल से बातचीत में ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स एयरोस्पेस फोर्स के मुखिया आमिर अली हाजीजादेह ने कहा कि ईरान उस व्यक्ति को मारने के लिए तैयार हैं, जिसके आदेश पर कमांडर सुलेमानी की हत्या की गई थी। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को नहीं छोड़ने की बात कहते हुए आमिर अली ने साफ कहा कि वह ट्रम्प को मारना चाहता है। आमिर अली ने कहा कि 1650 किलोमीटर की दूरी तक मारक क्षमता रखने वाली क्रूज मिसाइल को इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के मिसाइल शस्त्रागार में जोड़ा गया है। 2020 को याद करते हुए आमिर अली ने कहा कि ईरान उस समय भी बेकसूर जवानों को मारने का कोई ईरादा नहीं रखता था, किन्तु जब अमेरिका ने बगदाद पर ड्रोन हमला कर सैन्य कमांडर सुलेमानी की हत्या कर दी तो जवाबी कार्रवाई में बैलिस्टिक मिसाइल दागना पड़ा। ट्रम्प को मारने की बात दोहराते हुए ईरान के शीर्ष कमांडर ने कहा कि ट्रम्प ही नहीं, सुलेमानी को मारने का आदेश जारी करने वाले सैन्य कमांडरों को मार दिया जाना चाहिए।

## अमेरिका ने माना, रूस के साथ रिश्ते खत्म नहीं करेगा भारत

### रूस-यूक्रेन संघर्ष समाप्ति के लिए अपने प्रभाव का इस्तेमाल करे भारत

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने माना है कि रूस के साथ भारत अपने रिश्ते खत्म नहीं करेगा। इसके साथ ही अमेरिका ने भारत से रूस-यूक्रेन संघर्ष की समाप्ति के लिए अपने प्रभाव का इस्तेमाल करने की बात भी कही है।

अमेरिका के दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों के सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू ने कहा कि मध्य एशिया के देशों और भारत के रूस के साथ लंबे और मजबूत संबंध रहे हैं। ऐसे में वे जल्द ही उन संबंधों को समाप्त करने नहीं जा रहे हैं, लेकिन हम उनसे रूस-यूक्रेन संघर्ष में उनकी भूमिका के बारे में बात कर रहे हैं। अमेरिका को उम्मीद है कि भारत इस संघर्ष को समाप्त करने के लिए रूस के साथ उस प्रभाव का उपयोग करेगा। यूक्रेन युद्ध के एक साल पूरे होने के बाद भारत में जी-20



देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन अगले सप्ताह भारत यात्रा पर जा रहे हैं। इस दौरान ब्लिंकन चीन और रूस समेत बीस देशों के विदेश मंत्रियों से मिलेंगे। इन विदेश मंत्रियों की यह बैठक बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

अमेरिका के सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू ने कहा कि भारत के पड़ोसी देशों को ऋण के जाल में फंसाकर चीन इन स्थितियों का जबरन लाभ उठा सकता है। अमेरिका इस बात को लेकर खासा चिंतित है कि पाकिस्तान और श्रीलंका को दिये जा रहे कर्ज का इस्तेमाल चीन जबरन फायदा उठाने के लिए कर सकता है।अमेरिका इस क्षेत्र के देशों से बात कर रहा है कि वे अपने फैसले खुद लें और किसी बाहरी साझेदार के दबाव में न आएं। लू ने कहा कि इस मामले में भारत और उसके पड़ोसी देशों से भी बात की जा रही है कि कैसे अमेरिका इन देशों को अपने निर्णय लेने में मदद कर सकता है। उन्होंने कहा कि ऐसे निर्णय नहीं लेने चाहिए, जिससे चीन सहित किसी भी बाहरी भागीदार द्वारा उन्हें मजबूर किया जा सके। एक सवाल के जवाब में लू ने कहा कि चीन के मुद्दे पर भारत और अमेरिका के बीच गंभीर बातचीत हुई है। उन्होंने उम्मीद जताई कि बातचीत का यह सिलसिला जारी रहेगा।

## नेपाली कांग्रेस नेता रामचंद्र पौडेल का राष्ट्रपति बनना लगभग तय

**काठमांडू।** यह लगभग तय है कि रामचंद्र पौडेल नेपाल के राष्ट्रपति होंगे। पौडेल बहुमत वाले नेपाली कांग्रेस के साथ गठबंधन में शामिल सीपीएन (एमसी) के साझा उम्मीदवार हैं। नेपाली कांग्रेस की कार्य सम्पादन समिति की बैठक में शनिवार सुबह पौडेल को राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाने का फैसला किया गया। इसकी जानकारी कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. प्रकाश शरण महतले ने हिन्दुस्थान समाचार को दी। इससे पहले शुक्रवार सुबह आठ पार्टियों की संयुक्त बैठक में नेपाली कांग्रेस के उम्मीदवार को समर्थन देने का फैसला लिया गया।

कांग्रेस, एसपीएन (एमसी), सीपीएन (यूएस), जनता समाजवादी पार्टी, नागरिक उन्मुक्ति पार्टी, जनमत पार्टी, डेमोक्रेटिक सोशलिस्ट पार्टी और राष्ट्रीय जनमोर्चा सहित आठ पार्टी इस गठबंधन में हैं। राष्ट्रपति चुनाव में बहुमत के लिए 26315 अंक आवश्यक हैं। इस गठबंधन



के पास बहुमत से कहीं अधिक 31917 अंक हैं। इस आधार पर पौडेल की जीत लगभग तय है। पौडेल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हैं। वह पूर्व स्पीकर और उप प्रधानमंत्री रह चुके हैं। पौडेल सिद्धांत की राजनीति करने वाले नेता के रूप में जाने जाते हैं। उनका गृह जिला पश्चिमी नेपाल का तनहुं जिला है।


## एफएटीएफ ने रद्द की रूस की सदस्यता

### मास्को के खिलाफ कार्रवाई हमारे सिद्धांतों के खिलाफ

**पेरिस।** यूक्रेन पर हमले का एक साल पूरा होने के साथ रूस की फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) ने तत्काल प्रभाव से सदस्यता समाप्त कर दी है। यूक्रेन पर हमले के बाद रूस के खिलाफ यह बड़ी कार्रवाई है। एक आधिकारिक बयान के जरिए एफएटीएफ ने यह जानकारी साझा की।

एफएटीएफ ने एक बयान में बताया कि हमारा उद्देश्य वैश्विक वित्तीय प्रणाली की सिक्योरिटी, सेफ्टी और अखंडता को बढ़ावा देना है लेकिन रूस के खिलाफ ये कार्रवाई एफएटीएफ के मूल सिद्धांतों के खिलाफ हैं। ऐसे में एफएटीएफ ने उनकी सदस्यता रद्द करने का फैसला किया है।

पेरिस में आयोजित एफएटीएफ अधिवेशन के बाद जारी बयान में कहा गया कि रूस के यूक्रेन पर अवैध और बिना उकसावे वाले हमले के एक साल बाद एफएटीएफ यूक्रेन के लोगों



के प्रति गहरी सहानुभूति जताता है। एफएटीएफ ने कहा कि वह यूक्रेन के खिलाफ रूसी हमले की कड़ी निंदा करती है।

बयान में कहा गया कि रूस द्वारा पिछले एक साल में बर्बर एवं आमनवीय हमलों को तेज किया गया और महत्वपूर्ण सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया गया है।

रूस और यूक्रेन के बीच सालभर से युद्ध जारी है। 24 फरवरी, 2022 को रूसी सैनिक और यूक्रेनी सैनिक आमने-सामने आ गए थे। इसके बाद दोनों देशों ने सैन्य बढ़त हासिल करने के उद्देश्य से अपनी-अपनी रणनीति को अंजाम दिया।

## यूक्रेन की मदद के लिए ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ने जी-7 देशों से करेंगे आह्वान

**लंदन।** पिछले एक साल से युद्ध की विभिषिका झेल रहे यूक्रेन की मदद के लिए ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक जी-7 की बैठक में अंतरराष्ट्रीय साझेदारों से आह्वान करेंगे। यूक्रेन संघर्ष में रूसी सेना को कमजोर करने में मदद करने के साथ यूक्रेन को जेट प्रदान करने में सक्षम राष्ट्रों को ब्रिटेन के समर्थन के अपने प्रस्ताव को दोहराने की उम्मीद है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि पीएम सुनक विश्व के नेताओं को बताएंगे कि परिष्कृत क्षमता महत्वपूर्ण नागरिक बुनियादी ढांचे की रक्षा करने और अग्रिम पंक्ति के बचाव को संरक्षित करने में मदद करेगी। उनसे तत्काल संघर्ष में मदद करने के लिए यूक्रेन को जेट प्रदान करने में सक्षम देशों को ब्रिटेन के समर्थन की अपनी पेशकश को दोहराने की भी उम्मीद है।

प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने इस महीने की शुरुआत में ब्रिटेन की अपनी यात्रा के दौरान यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ लंबी दूरी के हथियारों के संभावित प्रावधान को उठाया था। जी-7 बैठक के दौरान प्रधानमंत्री सुनक यूक्रेन का समर्थन करने में अंतरराष्ट्रीय समुदाय की ताकत की सराहना करेंगे। वह यूक्रेन को लंबी दूरी के हथियार उपलब्ध कराने का आह्वान करेंगे। पीएमओ की ओर से जारी बयान के अनुसार रूस के खिलाफ अपनी लड़ाई में यूक्रेन के लोगों की बहादुरी और साहस को श्रद्धांजलि देने के लिए प्रधानमंत्री सुनक ने सुबह 11 बजे (ब्रिटेन के स्थानीय समयानुसार) डाउनिंग स्ट्रीट में सैन्यकर्मियों के साथ शामिल होंगे। प्रधानमंत्री सुनक ब्रिटेन में यूक्रेन के राजदूत वादिम प्रिस्टाइको के साथ डाउनिंग स्ट्रीट में यूक्रेनी सशस्त्र बलों के सदस्यों और सरकार के इंटरफ्लेक्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का समर्थन करने वाले 10 देशों के प्रतिनिधियों की मेजबानी भी करेंगे।

**यूक्रेन के साथ खड़ा है ब्रिटेन**

पीएमओ की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कहा है कि जैसा कि हम अपने महाद्वीप पर एक पूर्ण पैमाने युद्ध छिड़ने के एक साल चिह्नित करते हैं, तब मैं सभी से आग्रह करता हूं कि वे हमारे यूक्रेनी दोस्तों के साहस और बहादुरी पर विचार करें, जिन्होंने हर घंटे वीरतापूर्वक लड़ाई लड़ी है। उन्होंने आगे कहा कि मुझे गर्व है कि ब्रिटेन इस भयानक संघर्षके माध्यम से यूक्रेन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। उन्होंने कहा कि आज जब मैं डाउनिंग स्ट्रीट के बाहर यूक्रेन के बहादुर सैनिकों के साथ खड़ा हूं, तो मेरी संवेदनाएं उन सभी के साथ होंगी, जिन्होंने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया है।

## इंसानों में बर्ड फ्लू का खतरा: कंबोडिया में लड़की की मौत के बाद पिता की रिपोर्ट भी पॉजिटिव, WHO ने दी चेतावनी

**कीव।** दक्षिण पूर्व कंबोडिया के प्री वेंग प्रांत की 11 वर्षीय लड़की के पिता को भी एच5एन1 मानव एवियन इन्फ्लूएंजा से संक्रमित पाया गया है। जिसके बाद विश्व स्वास्थ्य संगठन ने एच5एन1 मानव एवियन इन्फ्लूएंजा बर्ड फ़्लू के बारे में चिंता जाहिर की है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा है कि लड़की के पिता की रिपोर्ट आने के बाद एच5एन1 मानव एवियन इन्फ्लूएंजा के मानव-से-मानव

**WHO ने जाहिर की चिंता**

डब्ल्यूएचओ ने इस पर चिंता



जाहिर की है। संगठन ने कहा कि वह कंबोडियाई अधिकारियों के साथ इस स्थिति को लेकर निकट संपर्क में है। संगठन ने कहा कि मनुष्यों को शायद ही कभी बर्ड फ्लू होता है। हालांकि अगर ऐसा होता है तो इसका कारण आमतौर पर संक्रमित पक्षियों के सीधे संपर्क में आना है। अब कंबोडिया में जांचकर्ता यह जानने की कोशिश में लगे हैं कि क्या लड़की और पिता संक्रमित पक्षियों के संपर्क में आए थे। जांच के बाद जल्दी ही यह पता चल जाएगा कि क्या यह मानव-से-मानव संचरण है। डब्ल्यूएचओ महामारी और रोकथाम निदेशक सिल्वी ब्रायंड ने इस स्थिति के बारे में कहा कि अभी तक यह कहना जल्दबाजी होगी कि यह मानव-से-मानव संचरण या समान पर्यावरणीय परिस्थितियों के संपर्क में है।

**की जा रही है जानकारी की समीक्षा**

इस महीने की शुरुआत में डब्ल्यूएचओ के प्रमुख टेडरोस अदनहोम गेब्रेहेसुस ने कहा था कि मनुष्यों को बर्ड फ्लू का खतरा कम है। उनके इस बयान का समर्थन करते हुए ब्रायंड ने जोर देकर कहा कि यह आकलन नहीं बदला है। हालांकि विश्व स्वास्थ्य संगठन यह देखने के लिए उपलब्ध जानकारी की समीक्षा कर रही है कि क्या इसके प्रभाव के मूल्यांकन की समीक्षा करने की जरूरत है। ब्रायंड ने कहा कि दुनिया भर में पक्षियों में वायरस के व्यापक प्रसार और मनुष्यों सहित स्तनधारियों में मामलों की बढ़ती रिपोर्ट को देखते हुए वैश्विक एच5एन1 स्थिति चिंताजनक है।

**सतर्कता बरतने का आग्रह**

उन्होंने कहा कि डब्ल्यूएचओ ने वायरस के प्रभावों को गंभीरता से लिया है। साथ ही सभी देशों से इस बीमारी को लेकर सतर्कता बढ़ाने का आग्रह भी करता है। ब्रायंड ने कहा कि अब तक, मनुष्यों में बर्ड फ़्लू के मामले बेहद कम थे, लेकिन अब इसके कई संभावित मामले हैं, ऐसे में इसे लेकर सतर्क रहने की जरूरत है कि क्या प्रारंभिक मामले ने बीमारी को अन्य मनुष्यों तक पहुंचा दिया है?

**इंसानों के लिए भी खतरनाक है यह बीमारी**

बर्ड फ्लू एक ऐसी बीमारी है, जो सिर्फ पक्षियों को ही नहीं, बल्कि जानवरों और इंसानों के लिए भी उतना ही खतरनाक है। इस बीमारी से संक्रमित पक्षियों के संपर्क में आने वाले जानवर और इंसान आसानी से इससे संक्रमित हो जाते हैं। इससे मौत भी हो सकती है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

## ब्रिटेन के विदेश मंत्री ने भारत की जमकर की तारीफ, जी-20 की अध्यक्षता पर कही बड़ी बात

लंदन। ब्रिटेन के विदेश मंत्री जेम्स क्लेवरली ने भारत की जमकर तारीफ की। दिए इंटरव्यू में क्लेवरली ने भारत को मिली जी-20 की अध्यक्षता समेत कई मुद्दों पर खुलकर अपनी राय रखी। उन्होंने कहा, 'भारत को जी-20 की अध्यक्षता ऐसे समय मिली है, जब पूरी दुनिया रूस-यूक्रेन युद्ध, वैश्विक खाद्य आपूर्ति में बाधा और चीन की मुखर होती कार्रवाईयों जैसी चुनौतियों का सामना कर रही है। ऐसे समय जी-20 की अध्यक्षता मिलना काफी महत्वपूर्ण है।' उन्होंने यह भी बताया कि अगले हफ्ते नई दिल्ली में होने वाली जी-20 विदेश मंत्रियों की बैठक में शामिल होने के लिए भारत आएंगे। ब्रिटेन के विदेश मंत्री क्लेवरली ने से कहा, 'भारत न केवल आर्थिक समृद्धि बल्कि कूटनीतिक प्रभाव बढ़ाने वाला अविश्वसनीय रूप से महत्वपूर्ण वैश्विक खिलाड़ी है। उन्होंने आगे



कहा, 'यह एक अविश्वसनीय रूप से महत्वपूर्ण साल है, क्योंकि हम न केवल यूक्रेन में संघर्ष देख रहे हैं, बल्कि पूरी दुनिया में खाद्य आपूर्ति में व्यवधान का संकट और चीन की बढ़ती कार्रवाईयों को भी देख रहे हैं। इसलिए भारत को जी-20 अध्यक्षता अविश्वसनीय रूप से महत्वपूर्ण समय पर मिली है।

उन्होंने कहा कि वह भारत की अध्यक्षता में जी-20 की 'पूर्ण सफलता' की कामना करते हैं। क्लेवरली ने कहा, भारत को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि इस जी-20 सम्मेलन में हम दुनिया के सामने आने वाले सभी मुद्दों पर बहस करें, न कि केवल उन मुद्दों पर जो शायद इस समय सुर्खियों में हैं। क्लेवरली ने भारत के साथ द्विपक्षीय चर्चा के सवाल पर कहा कि मेजबान के तौर पर भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर काफी बहुत व्यस्त होंगे, लेकिन शायद मैं हमारे संबंधों का दुरुपयोग करूंगा और यह सुनिश्चित करने की कोशिश करूंगा कि हम लोगों की द्विपक्षीय चर्चा हो सके।

क्लेवरली ने चुटकी भी ली। कहा कि हो सकता है कि हम दोनों को क्रिकेट के बारे में बात करने का अवसर भी मिल जाए। उन्होंने कहा, %मैं डॉ. जयशंकर के साथ अपने संबंधों को बहुत महत्व देता हूं। वह बहुत ही विचारशील वार्ताकार हैं और मैं जी20 बैठकों में उनके साथ कुछ समय बिताने के लिए उत्सुक हूं। ब्रिटेन के विदेश मंत्री ने चीन को जमकर लताड़ा। उन्होंने इंडो-पैसिफिक और अन्य जगहों पर चीन के आक्रामक व्यवहार को लेकर कहा कि लंदन ने बीजिंग के लिए जो बिंदु बनाया है, वह यह है कि चीन एक महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी है।

## पाकिस्तान में सड़क हादसा, 13 लोगों की मौत, 20 घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में शनिवार तड़के एक सड़क दुर्घटना में कम से कम 13 लोगों की मौत हो गयी और 20 से अधिक लोग घायल हो गये। जिला पुलिस अधिकारी रिजवान उमर गोंडल ने स्थानीय मीडिया को बताया कि यह घटना प्रांत के रहीम यार खान जिले के



रुकनपुर इलाके के पास सुपर हाइवे एम-5 पर हुई।

अधिकारी ने बताया कि सुपर हाइवे पर टायर फटने के कारण एक यात्री वैन पलट गयी, इसी दौरान तेज गति से आ रही एक सवारी गाड़ी और एक जीप ने उसे टक्कर मार दी, जिससे 13 लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। हादसे में 20 से अधिक लोग घायल भी हुए हैं। बचाव दल और गश्ती पुलिस घटनास्थल पर पहुंचे तथा शवों और घायलों को पास के अस्पताल में पहुंचाया। अस्पताल के अधिकारियों ने आशंका जतायी है कि मरने वालों की संख्या और बढी सकती है क्योंकि कई घायलों की हालत गंभीर है।